

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 सरकारी अनुदान से राज्य में हो रही विदेशी ...

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत ... 07

वर्ष : 13 | अंक : 307 | पटना, मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 15.0°C

न्यूनतम तापमान 13.0°C

राजधानी पटना व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,58,615 |
| चांदी | 2,99,400 |
| सेंसेक्स | 83,277 |
| निफ्टी | 25,682 |

## संक्षिप्त खबरें

### नए डिजाइन वाले आधार कार्ड में दिखेगा सिर्फ फोटो और क्यूआर कोड

नई दिल्ली। जल्द ही आधार कार्ड का नया डिजाइन पेश किया जाएगा, जिसमें केवल कार्डधारक की फोटो और एक क्यूआर कोड दिखेगा। इस बदलाव का उद्देश्य फोटोकॉपी के जरिए आधार की व्यक्तिगत जानकारी के गलत इस्तेमाल को रोकना है। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने यह जानकारी दी है कि नए आधार ऐप के लॉन्च के बाद इस बदलाव को लागू किया जाएगा। यूआईडीएआई के सीईओ भुवनेश कुमार ने ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में बताया कि आधार कार्ड की फिजिकल कॉपी में अक्सर आधार नंबर, नाम, पता और जन्मतिथि जैसी सेंसिटिव जानकारी होती है, जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। नए डिजाइन में केवल फोटो और क्यूआर कोड शामिल होंगे।

### दर्श अमावस्या पर साल का पहला सूर्य ग्रहण

नई दिल्ली। साल 2026 का पहला सूर्य ग्रहण दर्श अमावस्या (फाल्गुन अमावस्या) पर लग रहा है, जो मंगलवार को है। पंचांग के अनुसार, यह वलयाकार सूर्य ग्रहण है, जिसमें चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह ढक नहीं पाता और सूर्य के चारों ओर ह्यरिंग ऑफ फायरह्व जैसा नजारा बनता है। हालांकि, यह ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देगा। यह ग्रहण मुख्य रूप से दक्षिणी गोलार्ध के क्षेत्रों जैसे अंटार्कटिका, दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे, जाम्बिया, तंजानिया, मॉरीशस और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों में दृश्यमान होगा। भारतीय समयानुसार, ग्रहण की शुरूआत दोपहर लगभग 3 बजकर 26 मिनट से होगी, यह अपने चरम पर शाम करीब 5 बजकर 42 मिनट पर आएगा और समापन शाम 7 बजकर 57 मिनट पर होगा। ग्रहण कुंभ राशि में धनिष्ठा नक्षत्र के साथ घटित हो रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 12 घंटे पहले लगता है। लेकिन चूंकि यह ग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं है, इसलिए यहां सूतक काल मान्य नहीं होगा। दृक पंचांग के अनुसार, जहां ग्रहण दिखाई नहीं देता, वहां सूतक के नियम लागू नहीं होते।

**मुख्यमंत्री रोजगार योजना : सीएम ने 2,500 करोड़ रुपये की राशि का किया अंतरण**

# सीएम नीतीश ने 25 लाख महिलाओं के खाते में भेजे 10-10 हजार रुपये

## अच्छे से रोजगार करने वाली महिलाओं को दो लाख तक की दी जाएगी सहायता: नीतीश



- अब तक 1.81 करोड़ महिलाओं के खाते में भेजी जा चुकी 10 हजार रुपये की राशि

प्रात : किरण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की 25 लाख लाभुक महिलाओं के खाते में एक क्लिक से 10 हजार रुपये भेजे।

मुख्यमंत्री ने 10 हजार रुपये प्रति महिला को 2,500 करोड़ रुपये की राशि का रिमोट का बटन दबाकर अंतरण किया। इसके पूर्व 1.56 करोड़ लाभुक महिलाओं के खाते में 15,600 करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। अब कुल मिलाकर 1.81 करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की राशि भेजी जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस से बड़ी संख्या में जुड़ीं सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना में दी गई सहायता से काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी पसंद का रोजगार शुरू किया है।

जो महिलाएं अपना रोजगार अच्छे से करेंगी, उन्हें आगे दो लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब इसके बाद जो परिवार बचे हैं, उन्हें भी जल्द ही सहायता राशि दे दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने शुरू से ही महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। पहले बिहार में स्वयं सहायता समूह की संख्या बहुत कम थी, लेकिन अब संख्या काफी बढ़ गई है।

### महिला सशक्तीकरण पर जोर

बता दें कि अगले पांच वर्षों में विकास की गति को और तेज करने के लिए सात निश्चय-3 का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत पहले निश्चय दोगुना रोजगार-दोगुनी आय के तहत राज्य की प्रति व्यक्ति औसत आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर परिवार की एक महिला को 10 हजार रुपये तक की सहायता दी जा रही है। सरकार की ओर से इससे पहले भी 26 सितंबर के बाद 03, 06, 24 अक्तूबर और 28 नवंबर तक 1 करोड़ 46 लाख 57 हजार महिलाओं के खातों में 15 हजार 600 करोड़ रुपए भेजी जा चुकी है। अलग-अलग समय में भेजी गई इस राशि से बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपना खुद का रोजगार शुरू भी कर लिया है और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हैं।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री सह जल संसाधन व भवन निर्माण मंत्री विजय चौधरी, ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग मंत्री श्रवण कुमार व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

**प्रधानमंत्री ने एआई इम्पैक्ट समिट में वैश्विक नेताओं का किया स्वागत**

# 1.4 अरब लोगों की बदौलत, हमारा देश एआई बदलाव में सबसे आगे : मोदी

**बोलें-** एआई समिट के नतीजे प्रगतिशील, नवाचारी और अवसरों से भरपूर भविष्य का निर्माण करेंगे

- आज एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्यम सहित कई क्षेत्रों को बदल रहा है



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार से यहां शुरू हो रहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन एआइ इम्पैक्ट समिट में हिस्सा लेने वाले दुनिया भर के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उम्मीद जतायी है कि इस सम्मेलन के नतीजे के प्रगतिशील, नवाचारी और अवसरों से भरपूर भविष्य के निर्माण में सहायक होंगे। बीस फरवरी तक चलने वाले इस पांच दिन के सम्मेलन से पहले श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने सिलसिलेववार पोस्ट में कहा कि इस सम्मेलन की विषय वस्तु सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय, यानी सभी का कल्याण, सभी के लिए खुशी, मानव केन्द्रीत प्रगति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट होस्ट कर रहा है। मैं इस समिट के लिए दुनिया भर के लीडर्स, इंडस्ट्री के कैप्टन्स, इनोवेटर्स, पॉलिसीमेकर्स, रिसर्चर्स और टेक के शौकीनों का दिल से स्वागत करता हूं। समिट की थीम है सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय, यानी सभी का कल्याण, सभी के लिए खुशी, जो ह्यूमन-सेंट्रिक प्रोग्रेस के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल करने के हमारे साझा कमिटमेंट को दिखाता है। उन्होंने कहा, आज एआई स्वास्थ्य , शिक्षा, कृषि, शासन और उद्यम सहित कई क्षेत्रों को बदल रहा है। एआई इम्पैक्ट समिट एआई के अलग-अलग पहलुओं, जैसे नवाचार, सहयोग, ज़िम्मेदारी से इस्तेमाल और भी बहुत कुछ पर वैश्विक बातचीत को बेहतर बनाएगा। मुझे विश्वास है कि समिट के नतीजे एक ऐसे भविष्य को बनाने में मदद करेंगे जो प्रोग्रेसिव, इनोवेटिव और मौकों पर आधारित हो।

### विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के 1.4 अरब लोगों की बदौलत, हमारा देश एआई बदलाव में सबसे आगे है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर एक वाइब्रेंट स्टार्टअप इकोसिस्टम और कटिंग-एज रिसर्च तक, एआई में हमारी तरक्की एम्बिशन और ज़िम्मेदारी दोनों को दिखाती है। इससे पहले उन्होंने एक और पोस्ट में कहा, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे देश के युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास में अहम योगदान दे रहा है।

# सूबे में खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबंध

## उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने विप में की घोषणा

- बोलें- नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

प्रात : किरण



पटना। बिहार सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में खुले में मांस और मछली बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अब केवल वही मांस-मछली की दुकान लगाएंगे जिनके पास लाइसेंस होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को विधान परिषद के बजट सत्र के दौरान इस बात की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह निर्णय लोगों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था राज्य के सभी नगर निकायों में लागू होगी।

बता दें कि हाल ही में दरभंगा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वर्गों के लोगों ने खुले में मांस बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी। जिसके बाद सभी जिला प्रशासन और नगर निकायों को आवश्यक निर्देश जारी किया गया। सरकार के नए निर्देशों के अनुसार, नगर निकाय अधिनियम की धारा 345 के तहत मीट शॉप चलाने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस की शर्तों के अनुसार खुले में मांस की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

### शव वाहनों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं

सदन में उपमुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि शव वाहनों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। साथ ही जमीन विवाद के कारण होने वाली घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार बिचौलियों और भूमाफिया पर रोक लगाने के लिए नई व्यवस्था विकसित कर रही है।

# जेईई मेन 2026 का रिजल्ट जारी : बिहार के शुभम कुमार को मिला 100 पर्सेंटाइल

प्रात : किरण



नई दिल्ली। जेईई मेन 2026 सेशन-1 का रिजल्ट जारी हो गया है। देशभर में 12 छात्रों ने 100 परसेंटाइल हासिल किया है। इसमें बिहार से एकमात्र शुभम कुमार ने 100 परसेंटाइल हासिल किया है। देश के बड़े इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले लिए आयोजित परीक्षा में 100 परसेंटाइल पाने वालों में इस बार छात्राएं नहीं हैं। इस सूची में तीन छात्रों के साथ राजस्थान का दबदबा है। आंध्र प्रदेश के दो छात्र ने 100 परसेंटाइल अर्जित किया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। अव्वल अंक पाने वाले छात्रों में बिहार के शुभम के अलावा राजस्थान से कबीर छिल्लर, चिरंजीब कर, अर्णव गौतम, आंध्र प्रदेश से नरेंद्र बाबू गिरी एवं पासला मोहित, दिल्ली से श्रेयस मिश्रा, ओडिशा से भावेश पात्रा, हरियाणा से अनय जैन, राजस्थान से अर्णव गौतम, महाराष्ट्र से माधव विरादिया, गुजरात से पुरोहित निमय और तेलंगाना से विवान शरद माहेश्वरी हैं। ऐसे अभ्यर्थी जो अपने स्कोर या परसेंटाइल से खुश नहीं हैं, दूसरे सत्र में दोबारा भाग ले सकते हैं। दूसरे सत्र की परीक्षा दो से नौ अप्रैल तक होगी।

# 31 मार्च तक हम पूरे देश को माओवादी हिंसा से मुक्त कराने में सफल होंगे : शाह

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 11 राज्यों में फैले माओवादी विद्रोह को आंतरिक सुरक्षा के लिए एक दीर्घकालिक खतरा बताया है। उन्होंने सोमवार को दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस पर ये बात कही। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, लेकिन आज, दिल्ली की जनता के माध्यम से, मैं पूरे देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम माओवादी हिंसा को समाप्त करने के बेहद करीब हैं। मैं अपने देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि 31 मार्च, 2026 तक हम पूरे देश को माओवादी हिंसा से मुक्त कराने में सफल होंगे। यह हमारी सुरक्षा बलों द्वारा हासिल की गई एक महत्वपूर्ण सफलता है। पूर्वोत्तर में हो रहे घटनाक्रमों के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि 10,000 से अधिक युवाओं ने हथियार डाल दिए हैं और मुख्यधारा में लौट आए हैं। उन्होंने कहा, 20 से अधिक शांति समझौतों के माध्यम से वहां स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, आने वाला समय चुनौतियों से भरा है। गृह मंत्रालय ने देश में एक सशक्त मादक पदार्थ विरोधी अभियान शुरू करने, एक व्यापक सीसीटीवी नेटवर्क और नियंत्रण कक्ष प्रणाली स्थापित करने, कानूनी सहायता प्रदान करने, सीमा सुरक्षा का आधुनिकीकरण करने, घुसपैठ रोकने और तीनों नए न्यायिक संहिताओं को पूरी तरह से लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। मुझे विश्वास है कि हम 2029 से पहले इन सभी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने में सफल होंगे। पुलिस बल की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने राजधानी और राष्ट्र दोनों की रक्षा करने में लगातार अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। अमित शाह ने कहा, संसद पर हमले की घटना हो या लाल किले के सामने हुई हालिया घटना की, दिल्ली पुलिस ने अपनी दक्षता और तत्परता से जटिल मामलों को सुलझाकर राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। आज स्थापना दिवस के अवसर पर, मैं दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मियों तथा उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। दिल्ली पुलिस की स्थापना ब्रिटिश शासन के दौरान 1861 में एक सुरक्षा बल के रूप में की गई थी। 16 फरवरी, 1948 को इसका आधिकारिक रूप से नाम बदलकर दिल्ली पुलिस कर दिया गया।

# राजस्थान : पटाखा फैक्ट्री में आग, सात मजदूरों की मौत

प्रात : किरण

अलवर/एजेंसी। भिवाड़ी की खुशखेड़ा कारोली की एक केमिकल और पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में सोमवार सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। धमाकों और आग की लपटों के बीच फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक सात लोगों की झुलसने से मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि एक मजदूर के अब भी अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद भिवाड़ी, खुशखेड़ा, तिजारा, धारूहेड़ा, रेवाड़ी सहित कई जगह की दमकल मौके पर आग बुझाने के लिए पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा विधानसभा से घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं।

### बिहार के 5 मजदूरों की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

#### मृतकों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपए देने का निर्देश

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजस्थान के भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के हादसे को अत्यंत दुखद बताया है तथा हादसे में बिहार के 5 मजदूरों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के हादसे में बिहार के 5 मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि राजस्थान सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# भीषण अगलगी में 200 से अधिक दुकानें जलकर खाक, करोड़ों का नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता



कुरसेला /कटिहार। कुरसेला थाना क्षेत्र के शहीद चौक स्थित स्टेट हाट में रविवार की शाम आग ने ऐसा तांडव मचाया कि देखते ही देखते करीब 200 से अधिक दुकानें जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गईं। टीन और फूस से बनी इन दुकानों में लगी आग इतनी भयावह थी कि इसकी लपटें 5 किलोमीटर दूर से ही आसमान चीरती नजर आ रही थीं। इस अग्निकांड में लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर स्वाहा हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना रविवार शाम करीब 7:30 बजे की है। बाजार में खरीदारी का दौर जारी था और कुछ दुकानदार अपनी दुकानें बढ़ा रहे थे, तभी कपड़ा पट्टी की एक दुकान से उठी चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवा और ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग ने पलक झपकते ही चाय-नाश्ता, मसाला,इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, सब्जी और टेलरिंग समेत सैकड़ों दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। बाजार में चीख-पुकार और भगदड़ मच गई।सूचना मिलते ही स्थानीय अग्निशमन दस्ता मौके पर पहुंचा, लेकिन आग की भीषणता के सामने छोटी गाड़ियां बौनी साबित हुईं। बार-बार पानी खत्म होने के कारण बचाव कार्य में बाधा आई। बाद में जिला मुख्यालय से पहुंचीं बड़ी दमकल गाड़ियों और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान आसपास के पक्के मकानों के लोग भी दहशत में अपने घरों से सामान निकालते देखे गए।इस आपदा ने करीब 500 छोटे-बड़े दुकानदारों की कमर तोड़ दी है। अपनी आंखों के सामने जीवनभर की कमाई को राख होता देख कई दुकानदार फफक-फफक कर रो पड़े। फल-सब्जी और छोटी गुमटी चलाने वालों के लिए अब परिवार का भरण-पोषण एक बड़ी चुनौती बन गया है।घटनास्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव , सदर डीएसपी 02 रंजन कुमार सिंह, बीडीओ , अंचल पदाधिकारी सुश्री अनुपम और थानाध्यक्ष राकेश कुमार दलबल के साथ कैंप कर रहे थे।

**करार** | **फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रॉ की तीन दिवसीय यात्रा आज पहुंचेंगे भारत**

# 3.25 लाख करोड़ में भारत करेगा फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमानों की डील

- 030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वह एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत 114 राफेल लड़ाकू विमानों का फ्रांस के साथ सौदा 3.25 लाख करोड़ रुपए में करने जा रहा है। मंगलवार यानी आज 17 फरवरी से फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रॉ की तीन दिन की भारत यात्रा शुरू हो रही है। इस दौरान यह डील फाइनल होगी। इन 114 में से 24 विमान सुपर राफेल होंगे, जिन्हें फ्रांस की विमान निमार्ता कंपनी दसॉ एविएशन एफ-5 नाम से बना रही है। अभी भारतीय वायुसेना के पास एफ-3 राफेल हैं, जो 4.5 जेनरेशन के लड़ाकू विमान हैं। इनमें स्टेल्थ क्षमता और परमाणु हथियार दागने की शक्ति है, लेकिन नए विमान एफ-4 पीढ़ी के हैं। इसलिए इन्हें 5वीं जेनरेशन का कहा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय मानकों के हिसाब से एफ-5 राफेल असल में छठी पीढ़ी के जेट होंगे। फ्रांस के बाद इस तरह के सबसे बेहतर विमान भारतीय वायुसेना के पास ही होंगे। एफ-5 अभी विकास के चरण में हैं। एफ-4 की आपूर्ति 2028-29 से शुरू होगी। 2030 के बाद जो भी विमान मिलेंगे, वो एफ-5 श्रेणी के सुपर राफेल होंगे। भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सुपर राफेल अमेरिका के एफ-35 और रूस के सुखोई-57 से अगली पीढ़ी का फाइटर होगा। इस सौदे के तहत 88 राफेल सिंगल सीटर और 26 डबल सीटर होंगे, जिन्हें प्रशिक्षण और लड़ाकू दोनों भूमिका में इस्तेमाल किया जा सकेगा। रिपोर्ट के मुताबिक दसॉ एविएशन से 18 विमान उड़ने के लिए तैयार स्थिति में मिलेंगे। बाकी 96 भारत में बनेंगे। इनके 60फीसदी कलपुर्जे स्वदेशी होंगे। भारत का यह सबसे बड़ा रक्षा सौदा है। अब यह प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी के पास भेजा जाएगा। प्रस्ताव को जनवरी में रक्षा खरीद बोर्ड से मंजूरी दे दी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक नए राफेल विमानों की खरीद से एयर डिफेंस और बॉर्डर एरिया में तैनाती की क्षमता मजबूत होगी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी ने नेवी के लिए 6 अमेरिकी बोइंग पी8-आई सर्विलांस एयरक्राफ्ट, कॉम्बैट मिसाइलों और एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रपोजल को भी मंजूरी दी है। इन सभी सौदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए है।

### मोदी, मैक्रों की आज मुंबई में होगी मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात करेंगे। श्री मोदी और श्री मैक्रो इस दौरान भारत-फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा भी करेंगे और क्षेत्रीय तथा वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचार साझा करेंगे। दोनों नेता इस दौरान भारत-फ्रांस नवाचार 2026 का उद्घाटन करेंगे। श्री मैक्रों श्री मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत के औपचारिक दौरे पर रहेंगे। वह भारत में हो रहे एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और मुंबई में प्रधानमंत्री के साथ एक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। यह श्री मैक्रों का भारत का चौथा और मुंबई का पहला दौरा होगा। श्री मोदी और श्री मैक्रों 17 फरवरी को अपराह्न सवा तीन बजे मुंबई के लोक भवन में द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगे और दोनों देशों के बीच चल रही रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे।

# एम्स पटना की बड़ी उपलब्धि: मेडटेक इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना के लिए फंडिंग स्वीकृत




प्रातः किरण संवाददाता

पटना/नई दिल्ली। पूर्वी भारत में स्वास्थ्य नवाचार को नई दिशा देते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पटना को मेडटेक इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना के लिए वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ है। यह संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो चिकित्सा नवाचार और स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की दिशा में बड़ा कदम है।

यह अनुदान द्वारा 16 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएसटी-टीटीआई, भारत सरकार के प्रतिनिधि, कक्ष्ळ ऊ्र के सदस्य तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। समारोह में औपचारिक रूप से लेटर ऑफ इंटेंट (छडक) सौंपा गया।

एलओआई प्राप्त करने वाले प्रतिनिधि थेःडॉ. संजय पांडेय, डीन (रिसर्च), एम्स पटनाडॉ. सुदीप कुमार, प्रोफेसर, अस्थि रोग विभागडॉ. मौसमी साहा, सीईओ, एम्स पटना इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन काउंसिलइस परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. सुदीप कुमार होंगे जबकि मेडटेक इनक्यूबेशन सेंटर का नेतृत्व डॉ. मौसमी साहा करेंगी। वे केंद्र की रणनीति, संचालन और नवाचार तंत्र के विकास की जिम्मेदारी संभालेंगी।यह नया केंद्र चिकित्सा उपकरण (मेडिकल डिवाइस) नवाचार, क्लिनिकल अनुसंधान तथा हेल्थकेयर स्टार्टअप्स को बढ़ावा देगा। इसका उद्देश्य डॉक्टरों और वैज्ञानिकों द्वारा विकसित विचारों को तकनीकी समाधान में बदलना और उन्हें मरीजों तक पहुँचाना है।


एम्स पटना पहले से ही चिकित्सा नवाचार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रहा है।इस नए केंद्र के माध्यम से मेंटरशिप, आवश्यक अधोसंरचना, नियामक मार्गदर्शन तथा उद्योग-शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग को और मजबूती मिलेगी।कार्यक्रम में डॉ. संजय पांडेय ने स्वास्थ्य शिक्षा संस्थानों में ट्रांसलेशनल इनोवेशन को शामिल करनेह्व विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में भी भाग लिया। उन्होंने चिकित्सा शिक्षा में नवाचार और उद्यमिता को जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया।यह उपलब्धि देश में नवाचार के क्षेत्र में एम्स पटना की बढ़ती पहचान और किफायती, सुलभ एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## एम्स पटना में कैडेवरिक शपथ समारोह आयोजित

पटना। एम्स पटना के एनाटॉमी विभाग के डिसेक्शन हॉल में कैडेवरिक शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को देहदान करने वाले लोगों के प्रति सम्मान और आभार का महत्व समझाना था।इस कार्यक्रम में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, एनाटॉमी विभाग के शिक्षकगण तथा एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरूआत एनाटॉमी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एम. हक के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने बताया कि मानव शरीर को समझने के लिए कैडेवर (देह) का अध्ययन बहुत जरूरी है। उन्होंने देहदान करने वालों को मेडिकल छात्रों का पहला शिक्षक बताया।छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि एक अच्छे डॉक्टर के लिए दया, विनम्रता और सही आचरण बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे मानव शरीर का हमेशा सम्मान करें और देहदान करने वालों के त्याग को याद रखें।
इसके बाद प्रो. (डॉ.) एम. हक ने छात्रों को कैडेवरिक शपथ दिलाई। एमबीबीएस, नर्सिंग और पैरामेडिकल छात्रों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वेःकैडेवर के साथ पूरा सम्मान और गरिमा का व्यवहार करेंगे
* हमेशा पेशेवर और नैतिक व्यवहार बनाए रखेंगेअपने ज्ञान का उपयोग लोगों की सेवा के लिए करेंगेसमारोह का माहौल शांत और सम्मानपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम ने छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराया।

# नीम करोली बाबा एक चमत्कारी संतः अंकित श्रीवास्तव

प्रातः किरण संवाददाता



पटना।नीम करौली बाबा की ख्याति आज केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी महिमा और चमत्कारों की चर्चा पूरे संसार में श्रद्धा और विश्वास के साथ की जाती है। वे ऐसे महान संत थे जिनका जीवन अत्यंत सरल, सहज और सेवा से परिपूर्ण था, किंतु जिनकी आध्यात्मिक शक्ति और करुणा असाधारण मानी जाती है। उनके चमत्कारों और कृपा से जुड़े प्रसंग आज भी लोगों की जुबान पर हैं और समय के साथ उनके भक्तों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। हर वर्ग, हर देश और हर संस्कृति के लोग उनके प्रेम, स्वीकार और मार्गदर्शन से प्रभावित होकर उन्हें अपना आराध्य मानते हैं। उनके भक्तों का यह अटूट विश्वास है कि बाबा की कृपा उनके जीवन पर सदैव छाया की तरह बनी रहती है, जो दुःख में संबल, संकट में मार्ग और भ्रम में प्रकाश प्रदान करती है। उत्तराखंड के नैनीताल जनपद में स्थित कैंची धाम आज भी बाबा की दिव्य उपस्थिति का सजीव अनुभव कराता है, जहाँ उनके महाप्रयाण के कई दशकों बाद भी एक गहरी, शांत और सकारात्मक ऊर्जा का संचार महसूस किया जाता है। यहाँ भक्त न केवल दर्शन के लिए आते हैं, बल्कि अपने मन की मुरादें और जीवन की कठिनाइयाँ लेकर भी पहुँचते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति सच्चे हृदय से बाबा का स्मरण करता है और उन्हें अपना आराध्य मानता है, उसके जीवन की बाधाएँ धीरे-धीरे दूर होने लगती हैं। बाबा का मार्ग कठोर नियमों या जटिल साधनाओं का नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा और स्वीकार का है, और यही कारण है कि उनका संदेश आज भी उतना ही जीवंत, प्रभावशाली और प्रासंगिक

## संक्षिप्त खबरें

### 22 लीटर देसी शराब के साथ पांच गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रेलवे लाइन किनारे एक ईंट भट्ठा के पास छापेमारी कर 22 लीटर देसी शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में जेठुली के धनेश राय, श्रीकांत कुमार, छोटू कुमार, अनोज कुमार और विक्की कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम ने बताया कि आरोपियों पर शराब रखने, बेचने और पीने की धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### गंगा नदी से 50 वर्षीय अधेड़ का शव बरामद

फतुहा। नदी थाना की पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर मौनिया घाट के पास गंगा नदी से करीब 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव बरामद किया है। शव की स्थिति देखकर आशंका जताई जा रही है कि गंगा में डूबने से उसकी मौत हुई है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है और पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है।

### बुजुर्ग पर हमला और लूट का आरोप, थाने में आवेदन

फतुहा। बांकीपुर मछरियावां वार्ड-3 निवासी करीब 68 वर्षीय व्रह्मानंद सिंह ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 15 फरवरी 2026 की रात करीब 11 बजे गांव के ही अंगद सिंह, राम शिला देवी और असीम कुमार हथियार के साथ उनके घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट की, जिसमें लोहे के खंती से वार कर उनकी जांघ तोड़ दी गई तथा नाती सचिन कुमार उर्फ कान्हा पर भी काकुट से हमला किया गया, जिससे वह किसी तरह जान बचाकर भागा; आरोप है कि इस दौरान पत्नी मीना देवी के साथ भी मारपीट कर सोने की कानबाली, चांदी का पायल और करीब 9,600 रुपये नकद छीन लिए गए तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने आशंका जताई है कि नाती की हत्या कर संपत्ति हड़पने की साजिश रची जा रही है और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर धमकी व मारपीट का आरोप, थाने में आवेदन

फतुहा। बांकीपुर गोरख दरगाह निवासी लक्ष्मी देवी ने थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि 15 फरवरी 2026 की शाम गांव के ही शिवनाथ पासवान ने उनके घर का दरवाजा लात मारकर बेटे अंशु कुमार को बाहर बुलाया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, बाद में बाजार से लौटते समय अंशु कुमार के साथ मारपीट की तथा 16 फरवरी को बेटे मोहन कुमार को भी गाली देकर पीटा और पिस्तौल दिखाकर धमकाया; पीड़िता के अनुसार मोबाइल फोन के विवाद और रंगदारी मांगने को लेकर यह घटना हुई है तथा आरोपी किसी भी समय बड़ी वारदात कर सकता है। लक्ष्मी देवी ने मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है, वहीं पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।

### 10 दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सम्पन्न

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत न्यू कालोनी शिवमंदिर में रविवार को महायज्ञ में भगवान शिव व पार्वती के विवाह का आयोजन किया गया। सोमवार को महायज्ञ की समाप्ति पर भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ की समाप्ति पर आयोजित बड़ी संख्या में श्रद्धालु हवन में आहुति दी। इससे पूर्व रविवार को केन्द्रीयमंत्री चिराग पासवान व कृषिमंत्री राम कृपाल यादव भी महायज्ञ में पहुंचे और विशवकल्याण की कामना की। भंडारा में खगौल समेत आस पास के काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे व प्रसाद ग्रहण किया। महायज्ञ के समप्ति पर पुरा नगर भक्तिमय हो गया।

### फरार चल रहे एक आरोपी को बिक्रमगंज से किया गिरफ्तार

दानापुर ।नगर के अंतर्गत पुलिस ने मानव तस्करी के पुराने मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को बिक्रमगंज से गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई व पुछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सिंटू कुमार झा ने बताया कि पिछले वर्ष के एक मानव तस्कर के मामले में आरोपी संजय गुप्ता को बिक्रमगंज से गिरफ्तार किया गया। जिससे पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। संजय गुप्ता मामले में फरार चल रहा था।

### 84 ग्राम मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

दानापुर खगौल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब इलाके से 84 ग्राम मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पुछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# पालीगंज में निकली भव्य शोभा यात्रा



पालीगंज के बड़ी काली मंदिर में गणेश जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज नगर पंचायत में ग्रामीणों की ओर से गणेश जी के जीर्णोद्धार कराया गया है। जिसमे प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को मंदिर परिसर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसके दौरान डीजे की धुन पर जय श्रीराम का नारेवाजी तथा जयघोष करते हुए सैकड़ो महिला व पुरुष श्रद्धालुओ ने सिर पर कलश लेकर चल रहे थे। यह यात्रा पालीगंज बाजार से होकर निरखपुर, फतेहपुर, सेहरा व चंदोस होते हुए मठिया गांव स्थित पुनपुन नही पहुंचे। जहां पंडितों ने मंत्रोच्चार कर श्रद्धालुओ को जलभरि कराया। जहां से श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश लेकर मंदिर परिसर में लौट गए।

# युवा बदलेगा भारत की तकदीर : प्रेम कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



पटना- प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत विश्व का युवा देश है ।युवा शक्ति से नया सवेरा लायेंगे है संकल्प की विकसित भारत बनायेगे ।युवाओं को लेकर पहली बार नीति आयोग ने सार्थक पहल किया है और युवाओं को केंद्र में रखकर नीति का निर्धारण किया है ।

युवाओं के पास असीम ताकत हाथों में डिग्रियां मन मे कुछ कर दिखाने की अवसर है लेकिन अबसर नगण्य है । फाउंडेशन हर पंचायत में युवा विकाश केंद्र खोलकर युवाओ को कैरियर मार्गदर्शन करेगा साथ कौशल विकाश का प्रशिक्षित का शिविर आयोजित करेगा ।आज हजारों युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बटेर पालन, बकरी पालन, गाय पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, जैम जैली, अचार, पापड़, अगरबती, मोमबत्ती, रेडिमेड कपड़ा , खिलौना बनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे है ।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 5 लाख से लेकर 50 लाख तक कि राशि उपलब्ध कराया जा रहा है । स्टार्टप योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत किसी भी युवा/ युवती को प्रशिक्षण में 2 से 5 हजार तक मानदेय दिया जा रहा है । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय ने बताया कि हम युवाओ को एक्सपोजर विजिट के लिए देश विदेश में युवाओं को भेजते है ।

प्रेम यूथ से जुड़ने के लिए किसी भी जाति,धर्म, भाषा,रंग की भेदभाव नही है कोई भी युवा जो समाज के बेहतरी के लिए कार्य करना चाहता है वह हम से जुड़ सकता है ।उन्होंने युवाओं चरित्र निर्माण पर वल दिया व्यक्ति की चित्र नही चरित्र की पूजा होती है ।

# नत्थाचक में भव्य दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न

फतुहा। प्रखंड के पुनाडीह ग्राम पंचायत अंतर्गत नत्थाचक गांव (बंका घाट रेलवे स्टेशन के समीप) स्थित सत्यजीत फिजिकल एकेडमी द्वारा भव्य दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन एकेडमी के डायरेक्टर डीएन सर एवं सोमनाथ सर के नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 50,000 की नगद पुरस्कार राशि रखी गई, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अभिनव को 20,000, द्वितीय स्थान पर नीरज को 15,000, तृतीय स्थान पर पिंटू को 10,000, चतुर्थ स्थान पर श्रवण को 3,000 तथा पंचम स्थान पर दीपक को 2,000 देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राघोपुर से सुभाष सर, पुनाडीह के मुखिया मनोज राय, नदी थाना अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि कुंदन सर उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेताओं को सम्मानित कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि एकेडमी के डायरेक्टर डीएन सर मात्र 20 वर्ष की आयु में अपने निजी खर्च से बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं और पिछले तीन वर्षों से संस्था लगातार मुफ्त तैयारी करवा रही है। ट्रेनर शिवा सर के मार्गदर्शन में अब तक लगभग 100 से अधिक छात्र सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुके हैं, जिससे संस्था की क्षेत्र में विशेष पहचान बनी है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को सही दिशा देना, उन्हें नशा व गलत संगति से दूर रखकर अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के मार्ग पर अग्रसर करना है।

# और 09 जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रातः किरण संवाददाता



हाजीपुरः होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में निम्नलिखित 09 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी संख्या 08439/08440 पुरी-पटना-पुरी स्पेशल (खड़गपुर-आसनसोल-झाझा के रास्ते) - गाड़ी संख्या 08439 पुरी-पटना स्पेशल 28 फरवरी से 28 मार्च, 2026 तक प्रत्येक शनिवार को पुरी से 14.55 बजे खुलकर अगले दिन 10.45 बजे पटना पहुंचेगी ।गाड़ी संख्या 08440 पटना-पुरी स्पेशल 01 से 29 मार्च, 2026 तक प्रत्येक रविवार को पटना से 13.30 बजे खुलकर अगले दिन 09.45 बजे पुरी पहुंचेगी ।
2. गाड़ी संख्या 09031/09032 उधना-हसनपुर रोड-उधना स्पेशल (डीडीयू-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर के रास्ते) - गाड़ी संख्या 09031 उधना-हसनपुर रोड स्पेशल 22 फरवरी से 29 मार्च, 2026 तक प्रत्येक रविवार को उधना से 11.25 बजे खुलकर अगले दिन 10.30 बजे डीडीयू, 14.15 बजे पाटलिपुत्र, 17.10 बजे मुजफ्फरपुर रूकते हुए 20.00 बजे हसनपुर रोड स्टेशन पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 09032 हसनपुर रोड-उधना स्पेशल 23 फरवरी से 30 मार्च, 2026 तक प्रत्येक सोमवार को हसनपुर रोड स्टेशन से 21.45 बजे खुलकर अगले दिन 00.25 बजे मुजफ्फरपुर, 02.15 बजे पाटलिपुत्र, 05.40 बजे डीडीयू रूकते हुए तीसरे दिन 15.00 बजे उधना पहुंचेगी ।
3. गाड़ी संख्या 07005/07006 चर्लपल्ली-रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल (रांची-बोकारो-धनबाद -झाझा-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-सीतामढ़ी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 07005 चर्लपल्ली- रक्सौल स्पेशल 23 एवं 28 फरवरी तथा 01 मार्च, 2026 को चर्लपल्ली से 22.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.50 बजे धनबाद, 10.50 बजे बरौनी, 13.33 बजे दरभंगा रूकते हुए 16.50 बजे रक्सौल पहुंचेगी ।गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल-चर्लपल्ली स्पेशल 26 फरवरी तथा 03 एवं 04 मार्च, 2026 को रक्सौल से 03.15 बजे खुलकर 07.10 बजे दरभंगा, 09.30 बजे बरौनी, 16.00 बजे धनबाद रूकते हुए अगले दिन 19.40 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी ।
4. गाड़ी संख्या 09451/09452 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल - गोरखपुर-नरकटियागंज -बापूधाम मोतीहारी-मुजफ्फरपुर-बरौनी के रास्ते चलायी जा रही गाड़ी संख्या 09451/52 गांधीधाम-भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल का परिचालन विस्तार होली स्पेशल के रूप में किया जा रहा है । गाड़ी संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल 06 मार्च से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार तथा गाड़ी संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल 09 मार्च से 30 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को अपने पुराने समय एवं ठहराव के अनुसार होली स्पेशल के रूप में परिचालित की जाएगी ।

# डीएम ने आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का किया समाधान

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिला पदाधिकारी, डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा समाहरणालय में आम जनता से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से आए 67 (सड़सठ) लोगों से मुलाकात की तथा उनके मामलों को विस्तार से सुना। आगंतुकों द्वारा दिए गए आवेदन पत्र के आलोक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलों को विधिवत निष्पादित करने का निदेश दिया।

जिलाधिकारी द्वारा अनेक मामलों में संबंधित पदाधिकारियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर ऑन-स्पॉट समाधान किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान (एंरी ड्ढा ं५ल्लॅ) के तहत नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाईयों को कम कर उनके जीवन को और आसान बनाने के लिए पटना जिलांतर्गत विभिन्न कार्यालयों में पदाधिकारियों द्वारा आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। प्रत्येक सप्ताह के दो कार्यदिवस (सोमवार एवं शुक्रवार) को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला के सभी सरकारी कार्यालयों में आमलोग अपनी शिकायतों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी से उनके निर्धारित कार्य-स्थल/कार्यालय कक्ष में निर्धारित अवधि में मिल रहे हैं। अधिकारियों को दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। आम जनता द्वारा मुख्यतः राजस्व, कृषि, पुलिस, ग्रामीण विकास, भूमि अर्जन, निबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि से संबंधित विषयों पर आवेदन दिया गया है। सभी मामलों में विधिवत तरीके से त्वरित समाधान की कार्रवाई की गई है। लोगों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों को निदेश दिया गया है कि समस्याओं का केवल निष्पादन पर्याप्त नहीं है। आम जनता की संतुष्टि सर्वोपरि है। जो भी आवेदन प्राप्त हुआ है उसमें दिए गए मामलों का त्वरित निष्पादन करते हुए जनता की शिकायतों का शत-प्रतिशत निवारण करें।

आवेदक मोहम्मद रेयान, पता- पटना सिटी, पटना द्वारा एचआईवी संक्रमित होने के कारण पालन-पोषण का खर्चा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन, पटना तथा अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को त्वरित गति से विधिवत कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।आवेदक रामानुज पासवान, पता- भगवानगंज, पटना द्वारा ग्राम अनौली में विपरीत जगहों में समुदाय भवन बनाने के बारे में आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला कल्याण पदाधिकारी, पटना को नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामले को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया। आवेदक अरूण कुमार सिंह, पता- मनेर, पटना द्वारा बिना वैध दस्तावेज के वैध पचार्धारी को बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर पटना को नियमानुसार कार्रवाई करने तथा मामले को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया।

आवेदक आफताब आलम, पता- मनेर, पटना द्वारा यूडीआईडी कार्ड बनाने में हो रही बाधा एवं चिकित्सा बोर्ड द्वारा दिव्यांगता प्रतिशत कम करने के संबंध में आवेदन समर्पित किया। इसके आलोक में जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन, पटना को नियमानुसार कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

आवेदक प्रमोद कुमार, पता- पटना सिटी, पटना द्वारा मुआवजा भुगतान की शेष रकम का भुगतान नहीं करने के संबंध में आवेदन समर्पित किया गया। जिलाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पटना को विधिवत रूप से कार्रवाई करते हुए मामले को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगंतुकों ने अपनी समस्याओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया है। जिला प्रशासन द्वारा इन सब सुझावों पर जनहित में विचार किया जा रहा है एवं आवश्यक निर्णय

# एमडीए अभियान में कम्युनिटी रेडियो बना जमीनी ताकत

प्रातः किरण संवाददाता

पटनाः फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में राज्य के 34 जिलों में 10 फरवरी से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर लोगों को फाईलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए समुदाय का दवा सेवन के प्रति भरोसा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस दिशा में कम्युनिटी रेडियो लोगों के भरोसे और भागीदारी का सबसे मजबूत माध्यम बनकर उभरा है। स्मार्ट संस्था के सहयोग से कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों ने केवल जानकारी प्रसारित करने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव जाकर संवाद, सहभागिता और विश्वास के जरिए एमडीए को एक सरकारी कार्यक्रम से जन-आंदोलन में तब्दील करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वहीं कम्युनिटी रेडियो ने एमडीए अभियान में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्थानों जैसे विद्यालय, महाविद्यालयों एवं विभिन्न गाँवों में कैंप आयोजित किए हैं। इस पहल से अधिक से अधिक लोगों को एमडीए एवं फाईलेरिया पर जागरूक करने में सफलता मिली है।

कई जिलों में कम्यूनिटी रेडियो ने पूर्व के एमडीए अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका भी निभाई। जहां कहीं दवा को लेकर झिझक या आशंका दिखी, वहां रेडियो कर्मियों ने खुद आगे आकर दवा खाई और समुदाय के साथ खड़े हुए। इससे यह संदेश गया कि एमडीए सुरक्षित है और सभी के लिए जरूरी है। रेडियो टीमों की सक्रिय भागीदारी से एमडीए शिविर और ग्राम बैठकों में लोगों की भागीदारी बढ़ी।कम्युनिटी रेडियो ने अपनी भूमिका को स्टूडियो तक सीमित नहीं रखा। हर स्टेशन ने लगभग 10 गांवों को चिन्हित कर 100 प्रतिशत कवरेज के लक्ष्य के साथ काम किया। डोर-टू-डोर संपर्क, नैरो-कास्टिंग, गांव की बैठकों और नाइट ब्लड सर्वे जैसे अभियानों में रेडियो टीमों ने सक्रिय सहयोग दिया। फाइलेरिया क्या है, एमडीए क्यों जरूरी है और दवा से कोई नुकसान नहीं होता—इन सवालों का जवाब स्थानीय भाषा और उदाहरणों के जरिए दिया गया, जिससे डर और अफवाहों पर प्रभावी रोक लगी।एमडीए को लेकर रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम सिर्फ सामान्य संदेश नहीं थे, बल्कि स्वास्थ्य अधिकारियों के परामर्श से तैयार किए गए प्रभावी संदेश थे। फाइलेरिया विशेषज्ञों, राज्य कार्यक्रम अधिकारियों और जिला मलेरिया अधिकारियों के इंटरव्यू से तकनीकी जानकारी को सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाया गया।

## एनपीसीआई वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल भुगतान सुरक्षा जागरूकता को दे रहा बढ़ावा

पटना ।एनपीसीआई डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना, दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, क्योंकि वे छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है, क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है, चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन-देन इतिहास में सुरक्षित रहता है। एनपीसीआई के अधिकारी ने बताया कि जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान का उपयोग बढ़ रहा है, ठग भी सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से लोगों को धोखा देने के प्रयास बढ़ा रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों को लक्षित करने वाले कुछ सामान्य धोखाधड़ी के तरीके हैं जिनमें डिजिटल अरेस्ट, निवेश धोखाधड़ी, फिशिंग /विशिंग घोटाले, टेक सपोर्ट धोखाधड़ी, रिफंड और पेमेंट लिंक धोखाधड़ी शामिल है।

# बिशनपुर पालटू में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बाबा विशेश्वर नाथ मंदिर बिशनपुर पालटू में धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाया गया इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि विख्यात समाज से भी एवं वैशाली के बच्चा-बच्चा के दिल के धड़कन डॉक्टर एलवी सिंह सचिन जन स्वास्थ्य कल्याण समिति पटना बिहार के हाथों द्वारा महामृत्युंजय जाप कराकर विद्वत शुभारंभ किया गया इस मंदिर में हजारों की संख्या में लोग पूजा करने अपना श्रद्धा लेकर पहुंचे हुए थे इस मौके पर जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के सचिव डॉ एल. बी .सिंह को मंदिर के सदस्य एवं सचिवों के द्वारा सम्मानित किया गया मंदिर का अध्यक्ष शिक्षक महावीर शाह मंदिर का सचिन राजेश्वर पटेल मंदिर का कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह सदस्य गण मनोज कुमार चंद्रशेखर सिंह मंतोष कुमार हरेंद्र चौधरी रणवीर सिंह प्रेम कुमार सोनी नवल किशोर सिंह महादेव सिंह रामदेव सिंह रामप्रीत राय उपस्थित रहे

इस भव्य प्रोग्राम को देखते हुए जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के द्वारा सभी सदस्यों एवं कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और डॉक्टर एलबी सिंह बोले की मैं इस मंदिर के लिए

सदा तत्पर रहेंगे किसी भी प्रकार का अगर मंदिर में समस्या या उत्पन्न आता है तो आप हमें इसकी सूचना एवं जानकारी जरूर दें यह मंदिर का देखरेख हम सभी वैशाली वीडियो मिलकर करेंगे और आगे बढ़ाएंगे यह मंदिर समाज का प्रथम दृष्ट है जो बाबा बागेश्वर नाथ के कृपा से कल हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर अपना अपना आराधना की इस मौके पर प्रेम कुमार सोनी ने डॉक्टर एलबी सिंह के बारे में बहुत कुछ बहुत कुछ बताया गया डॉक्टर एलवाइजिंग एक समाजसेवी है जो समाज में किसी भी प्रकार का समस्या आने पर खड़ा होकर और समझो को मदद करते हैं किसी भी आपातकालीन में भी कहीं पर भी घटना घटती है तो इनके द्वारा वहां जाकर और लोगों को मदद किया जाता है 15 वर्षों से मैं इनको समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य देख रहे हैं अगर ऐसे व्यक्ति को समाज के किसी भी प्रकार का भर दिया जाए तो अच्छे ढंग से निभाएंगे हम लोग चाहते हैं कि डॉक्टर रेलवे सिंह हम लोग के बीच बीच अच्छे पदभार लेकर आए ताकि हम लोग को और मनोबल बढ़ सके

# राज्य दमन के खिलाफ न्याय की जीत : औरंगाबाद कांड में राजाराम सिंह सहित सभी बरी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। अखिल भारतीय किसान महाभा के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार राज्य सचिव उमेश सिंह ने अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व काराकाट सांसद राजाराम सिंह सहित (औरंगाबाद कांड)छोटू मुखिया हत्याकांड के बाद उभरे जन आक्रोश के बाद हुए आंदोलन पर राज्य दमन के द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाए गए सभी आरोपियों की आज एमपी/एमएलए न्यायालय औरंगाबाद द्वारा बरी किए जाने को न्याय की जीत कहा है. यह फैसला राज्य दमन के खिलाफ न्याय की महत्वपूर्ण जीत है.

ज्ञात हो कि छोटू कुशवाहा हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग को लेकर 2 मई 2012 को औरंगाबाद में एक विशाल जनप्रदर्शन आयोजित किया गया था. उस शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर प्रशासन ने बर्बर दमन किया था और उल्टे सांसद राजाराम सिंह सहित कई नेताओं और कार्यकताओं पर मनगढ़ंत मुकदमे थोपकर जेल भेज दिया.उन्होंने कहा कि तथाकथित सुशासन के दौर में यह पुलिसिया दमन का चरम उदाहरण था. इस मामले में 2017 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी बिहार सरकार को दोषी मानते हुए जुमार्ना लगाया था. अब न्यायालय के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आंदोलनकारी नेताओं पर लगाए गए आरोप निराधार थे. उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी के शासनकाल में बिहार से लेकर पूरे देश में लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले तेज हुए हैं. संसद से सड़क तक असहमति की आवाजों को दबाया जा रहा है और राजनीतिक कार्यकताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है. हाल के दिनों में भाकपा माले के पूर्व विधायक व खेत मजदूर सभा के राज्य अध्यक्ष मनोज मंजिल और भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य जितेंद्र पासवान को सजा सुनाया जाना इसी क्रम की कड़ी है.उन्होंने कहा कि मानवाधिकार और सामाजिक न्याय की लड़ाई दमन और उत्पीड़न से रुकने वाली नहीं है. लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष आगे भी पूरी ताकत से जारी रहेगा.

## संक्षिप्त खबरें

### दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक की मौत, कई गंभीर रूप से घायल

मुजफ्फरपुर। कांटी थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये। एनएच-27 स्थित एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक दर्दनाक दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि लसगरिपुर में हुए दूसरे हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है मृतक की पहचान सत्येंद्र राम (उम्र लगभग 28 वर्ष), पिता अकलू राम, ग्राम पखनाहा श्रीराम, मीनापुर के पानापुर ओपी क्षेत्र निवासी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक मुजफ्फरपुर की ओर से अपने घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही कांटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। वहीं, लसगरिपुर में हुए दूसरे हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिजनों में चीख-पुकार और मातम का माहौल बना हुआ है।

### नीट छात्रा की मौत मामले में मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

मुजफ्फरपुर। पटना में नीट छात्रा की मौत के मामले में बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान ले लिया है। जिले के मानवाधिकार मामलों के जानकार मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा के द्वारा बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में दर्ज इस याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग ने मामले को अतिगंभीर माना है। आयोग द्वारा मामले में एसएसपी पटना को नोटिस जारी किया गया है और आठ सप्ताह के भीतर रिपोर्ट की माँग की गई है। विदित हो कि मृत छात्रा बिहार के जहानाबाद जिले की निवासी थी, जो पटना के मुन्नाचक, कंकड़बाग स्थित शम्भू गर्ल्स हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। छात्रा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जो तथ्य सामने आए, उससे यह स्पष्ट हो दिया कि यह मामला काफी गंभीर आपराधिक कृत्यों से जुड़ा हुआ है। मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने कहा कि शरीर पर चोटों के निशान और अन्य परिस्थितियाँ जघन्य आपराधिक घटना की ओर इशारा करती है। श्री झा ने माननीय आयोग से अवकाश-प्राप्त न्यायाधीश की निगरानी में मामले की निष्पक्ष व उच्चस्तरीय जाँच की माँग की थी, जिसपर आयोग ने सुनवाई करते हुए एसएसपी पटना को तलब किया है। आयोग में मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।

### शिव विवाह महोत्सव में झूमते रहे भक्त

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत शिवशक्ति धाम, बरियारपुर मोहनपुर में धमार्दा कमिटी के तत्वावधान में आयोजित महाशिवरात्रि यज्ञ महोत्सव सह संगीत सम्मेलन के 39 वें अधिवेशन के अंतर्गत महाशिवरात्रि के मौके पर रविवार को शिव विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मिथिला के प्रसिद्ध कलाकार अमलेश जी एवं उनकी टीम ने पारंपरिक एवं वैवाहिक गीतों से समां बांध दिया। संगीतमय शिव विवाह प्रसंग में भगवान भोलेनाथ, मईया पार्वती, राधा - कृष्ण, हनुमान, भूत - प्रेत की झांकी एवं मिथिला की पारंपरिक झिझिया एवं कर्णप्रिय मैथिली, हिंदी, भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति से दर्शक भाव-विभोर हो गए। पूरा शिवशक्ति धाम भक्ति के रंग में सराबोर हो उठा। महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा बुद्धेश्वरनाथ महादेव एवं मैया पार्वती का भव्य महाश्रृंगार भी किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में धमार्दा कमिटी के उपाध्यक्ष कौशल किशोर ठाकुर, सीताराम सिंह, नारायण गिरी, रमेश ठाकुर, राघवेंद्र ठाकुर, मुकेश सिंह, संजीव ठाकुर, मुनचुन ठाकुर, अजीत शरण, गोलू गिरी, बैजू झा, अखिलेश गिरी आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### भाजपा प्रतिनिधि ने जगदीशपुर नगर पंचायत में जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा

आरा। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से जगदीशपुर नगर पंचायत में जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया है कि 2018 से 2022 तक प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी बाकी किस्त को लाभुको को जल्द भुगतान किया जाए। एवं इधर उधर हो रहे मांस, मुर्गे एवं मछली की बिक्री पर जल्द रोक लगाया जाए एवं बिक्री मांस बाजार में सुनिश्चित किया जाए। नगर पंचायत में कार्यरत सभी सफाई कर्मी के मासिक वेतन में बढ़ोतरी किया जाए। एवं झाझरिया पोखरा में फैल रही दुर्गंध एवं गंदगी को तत्काल सफाई कराया जाए। अतः इन सभी बिंदुओं पर कार्य नहीं होने पर भाजपा द्वारा धरना प्रदर्शन एवं जन आन्दोलन की चेतावनी दी गई है। प्रमुख में विनय मिश्रा आदित्य कुमार शिवजी प्रसाद राज कुमार पटवा अरुण सिंह संजय केशरी जितेन्द्र चतुर्वेदी कृपा शंकर पांडे नंद गोपाल प्रसाद बजरंगी केशरी।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से 9 लाख से अधिक महिलाएं हुई लाभान्वित


प्रात : किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जिले की 1.35 लाख महिलाओं के खाते में 135 करोड़ राशि डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध करा दिया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत अब तक जिले की 9 लाख 4 हजार 636 महिलाओं के खाते में चरणबद्ध रूप से 9 अरब 4 करोड 67 लाख 30 हजार रुपये दिए जा चुके हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यभर की 25 लाख महिला लाभुकों के खाते में प्रति लाभुक 10 हजार रुपये की दर से कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया जा रहा है।इस अवसर पर जिले के सकरा प्रखंड के महदीपुर निवासी जीविका दीदी श्रीमती चंदू भारती ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने योजना को महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने वाली क्रांतिकारी पहल बताते हुए सभी जीविका दीदियों की ओर से मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस पहल से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है और वे अब अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रही हैं।पटना में आयोजित मुख्य समारोह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुजफ्फरपुर समाहरणालय में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका श्रीमती अनीशा सहित बड़ी संख्या में जीविका दीदियां जुड़ी रहीं। सभी ने इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनते हुए मुख्यमंत्री की पहल की सराहना की। जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने इस अवसर पर सभी जीविका दीदियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक जीवन में व्यापक परिवर्तन आया है। पहले जो महिलाएं केवल लाभार्थी के रूप में देखी जाती थीं, आज वे सफल उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं। वे न केवल अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार उपलब्ध कराकर सामूहिक सशक्तिकरण की मिसाल कायम कर रही हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक बदलाव का भी प्रतीक है। गांव से लेकर शहर तक महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर नई कहानी गढ़ रही हैं और बिहार की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रशासन द्वारा जीविका दीदियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है और उनके स्वरोजगार कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।मुजफ्फरपुर जिले में जीविका दीदियों की सफलता की कई प्रेरक कहानियां सामने हैं। महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, डेयरी, नर्सरी, कृषि आधारित गतिविधियों तथा अन्य लघु उद्यमों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। कई दीदियां समूह के माध्यम से सामूहिक उत्पादन और विपणन कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं। इसके अतिरिक्त कई सरकारी संस्थानों में ह्यदीदी की रसोईह्ण के संचालन, भवनों एवं कपड़ों की साफ-सफाई, तथा अन्य बहुधंधी कार्यों में भी जीविका दीदियां सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने मुजफ्फरपुर जिले में महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिखी है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सरकार ने महिलाओं तक सीधा आर्थिक सहयोग पहुंचाया है। यह पहल न केवल आर्थिक सहायता का माध्यम है, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की दिशा में एक ठोस कदम भी है।

# केवटी विधायक ने क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को रांकित,ध्यानाकर्षण,निवेदन एवं शून्यकाल प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया । तारांकित प्रश्न के माध्यम से जिला स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रमंडल एक निगरानी विभाग का कार्यालय खोलने की सरकार से मांग की। ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से राज्य में धान अधिप्राप्ति के दौरान अधिकांश क्रय केंद्रों पर फोटीफाईड राइस कॉर्नेल के अपर्याप्त आपूर्ति के कारण धान की तौल एवं खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही हैं । जिससे बिहार के अन्नदाता किसानों को उपज को बेचने हेतु काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। एफआरके के निर्बाध आपूर्ति अविलम्ब सुनिश्चित करने के लिए सरकार से मांग की। निवेदन प्रश्न के माध्यम से दरभंगा जिलांतर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के पंचायत टेक्टार के ग्राम-टेक्टार में ब्रह्मस्थान से एसएच 75 तक जाने वाली सड़क लगभग 1.0 किमी लंबी जर्जर सड़क का निर्माण कराने हेतु सरकार से निवेदन किया।शून्यकाल में प्रश्न के माध्यम से राज्य में 2008 से लाइब्रेरियन की बहाली नहीं होने के कारण लाखों छात्र ,छात्रा अपनी भविष्य को लेकर चिंतित हैं। सदन में प्रश्न के माध्यम से सरकार से अतिशीघ्र बहाली कर रोजगार मुहैया कराने की मांग की।

दरभंगा( आससे )। केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को रांकित,ध्यानाकर्षण,निवेदन एवं शून्यकाल प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया । तारांकित प्रश्न के माध्यम से जिला स्तर पर भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रमंडल एक निगरानी विभाग का कार्यालय खोलने की सरकार से मांग की। ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से राज्य में धान अधिप्राप्ति के दौरान अधिकांश क्रय केंद्रों पर फोटीफाईड राइस कॉर्नेल के अपर्याप्त आपूर्ति के कारण धान की तौल एवं खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही हैं । जिससे बिहार के अन्नदाता किसानों को उपज को बेचने हेतु काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। एफआरके के निर्बाध आपूर्ति अविलम्ब सुनिश्चित करने के लिए सरकार से मांग की। निवेदन प्रश्न के माध्यम से दरभंगा जिलांतर्गत सिंहवाड़ा प्रखंड के पंचायत टेक्टार के ग्राम-टेक्टार में ब्रह्मस्थान से एसएच 75 तक जाने वाली सड़क लगभग 1.0 किमी लंबी जर्जर सड़क का निर्माण कराने हेतु सरकार से निवेदन किया।शून्यकाल में प्रश्न के माध्यम से राज्य में 2008 से लाइब्रेरियन की बहाली नहीं होने के कारण लाखों छात्र ,छात्रा अपनी भविष्य को लेकर चिंतित हैं। सदन में प्रश्न के माध्यम से सरकार से अतिशीघ्र बहाली कर रोजगार मुहैया कराने की मांग की।

# आरओबी निर्माण हेतु डीएम से मिले विधायक

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । कांटी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे गुमटी पर पुल निर्माण निगम के द्वारा बनाए जा रहे आरोबी के निर्माण में हो रहे विलंब एवं रेलवे गुमटी के दोनों तरफ सड़क की जर्जरता को लेकर सोमवार को जिला अधिकारी से कांटी विधायक अजीत कुमार ने मुलाकात की । उन्होंने जिला अधिकारी को एक ज्ञापन सौंप कर लंबित पुल निर्माण कार्य को यथाशीघ्र करने तथा जनहित में 24 घंटे के अंदर गुमटी के दोनों तरफ के क्षतिग्रस्त सड़क को मोटरेबल करवाने को कहा। जिलाधिकारी ने मौके पर पुल निर्माण निगम के अभियंता को दूरभाष पर यथाशीघ्र कांटी रेलवे गुमटी के दोनों तरफ जर्जर सड़क को मोटरेबल बनाने का निर्देश दिया। वहीं श्री कुमार ने कांटी - मड़वन में मनरेगा से विभिन्न विद्यालयों के मैदान में हुए मिट्टी करण कार्य एवं खेलकूद मैदान के निर्माण कार्य में बढ़ती गई अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच करने को कहा। श्री कुमार के आग्रह के आलोक में जिलाधिकारी ने डीआरडीए के डायरेक्टर के नेतृत्व में उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर ज्ञापन में वर्णित सभी विद्यालयों के कार्यों की जांच कराने का आदेश दिया। विदित हो कि कांटी-मड़वन प्रखंड के 22 विद्यालयों में मनरेगा के द्वारा मिट्टी भराई एवं खेल मैदान का निर्माण का कार्य कराया गया है। श्री कुमार ने जिलाधिकारी से कांटी प्रखंड के धमौली रामनाथ पूर्वी एवं मुस्तफापुर पंचायत में बीते 5 वर्षों के अंदर मनरेगा से हुए सभी कार्यों का भी जांच करने की भी मांग की । जिलाधिकारी ने उक्त दोनों पंचायत का मनरेगा के कार्यों का विशेष टीम गठित कर जांच करने का भी निर्देश दिया है।

# गौ सेवा से धन और धर्म दोनों की प्राप्ति होती है : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने आज विश्वविद्यालय डेयरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने उपस्थित सभी कर्मचारियों और वैज्ञानिकों से कहा कि गाय की सेवा एक पुण्य का काम है, वे डेयरी में यह सोचकर न काम करें कि वे डेयरी चला रहे हैं बल्कि यह सोचें कि वे गौ सेवा कर रहे हैं। उन्होंने वेद के कई ऋचाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गौ सेवा से धन और धर्म दोनों की प्राप्ति होती है। कुलपति डॉ पांडेय ने डेयरी के पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर नाराजगी जताई और उपस्थित रहे अधिकारियों से कहा कि वे गाय की पूरे मन से सेवा करें। उन्होंने कहा कि यह भी घ्यान रखें कि गौमाता प्रसन्न रहें और तभी उनका दूध निकालें। उन्होंने घूम -घूम कर सभी बछड़ों के स्वास्थ्य का भी हाल लिया और उन्हें भर पेट दूध पिलाने का निर्देश दिया। डॉ पांडेय ने उपस्थित वेटरनरी डॉक्टर को हिदायत दी कि पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी गायों के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड रखें और यदि एक भी गाय बीमार होती है तो इसकी तत्काल सूचना कुलपति सचिवालय को देना सुनिश्चित करें। डॉ पांडेय ने डेयरी के इंचार्ज और सुपरवाइजर के कार्यों को असंतोषजनक बताया और कहा कि वे तुरंत अपने कार्यप्रणाली में सुधार लायें। डॉ पांडेय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे डेयरी में प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी इंस्टाल करें जिससे कि डेयरी में दिन प्रतिदिन की गतिविधियों को विश्वविद्यालय के स्तर पर मानीटरिंग की जा सके । उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वे अपने मोबाइल के माध्यम से भी डेयरी में चल रही गतिविधियों का समय समय पर मानीटरिंग करेंगे इसलिए वे सब समर्पित भाव से डेयरी के कार्यों का संपादन करें।

# मिथिला के बाबा धाम कुशेश्वरस्थान में सोमवार को लेकर हजारों श्रदालुओं ने आज भी किया जलाभिषेक



कुशेश्वरस्थान( दरभंगा )।मिथिला के बाबा धाम कुशेश्वरस्थान में महाशिवरात्रि के दूसरे दिन सोमवार को शिव दर्शन पूजा को लेकर हजारों श्रदालुओं ने जलढ़री कर पूजा अर्चना की। शिव दर्शन पूजा के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों से महाशिवरात्रि के रात से ही कुशेश्वरस्थान में पहुंचे शिवभक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में अहले सुबह ही कतार में लगी थी। बाबा कुशेश्वरनाथ की मंगल पूजा आरती के बाद जलढ़री और शिव दर्शन के लिए गर्भ गृह का पट खुला और जलाभिषेक का दौर प्रारंभ हो गया। दोपहर बाद तक मंदिर परिसर में पूजा अर्चना करने बाले भक्तों की भीड़ लगी रही। निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के बीच लगभग तीस हजार श्रदालुओं ने बाबा कुशेश्वरनाथ महादेव की पूजा अर्चना कर महाशिवरात्रि वर्त का पारण किया। न्यास समिति के अध्यक्ष सह एसडीओ शंशाक राज और उपाध्यक्ष सह एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी कुशेश्वरस्थान पहुंच भीड़ का जायजा लिया। शिव मंदिर के मुख्य गेट के सामने सड़क पर एवं शिवगंगा के निकट भीड़ नियंत्रण के लिए सर्किल इंस्पेक्टर कुमार गौरव लगातार माइकिंग कर निर्देशित करते रहे। मेला की सुरक्षा व्यवस्था के लिए नियुक्त अधिकारी और पुलिस प्रशासन के साथ न्यास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भक्ति भाव में संपन्न हुए दो दिवसीय शिवरात्रि महोत्सव मेला की व्यस्तता से राहत की सांस ली। मौके पर सीओ गोपाल पासवान ,बीडीओ प्रभा शंकर मिश्रा थाना अध्यक्ष गौरव प्रसाद न्यास समिति के सचिव गोपाल नारायण चौधरी, कोषाध्यक्ष कविता कुमारी सदस्य संतोष पोद्दार, मणीकांत झा, शंकर चौपाल छेदी राय, सत्यानंद प्रसाद,के अलावे न्यास कर्मी सहित अन्य सदस्य और कर्मचारी उपस्थित थे।

# घोघरडीहा थाना प्रभारी की कार्रवाई, अंतरजिला गांजा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**● 57 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, मधुबनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 57.19 किलोग्राम गांजा के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई घोघरडीहा थाना क्षेत्र के बसुआरी गांव में की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 14 फरवरी को घोघरडीहा थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बसुआरी निवासी रामउदगार यादव अपने घर में गांजा की बड़ी खेप छिपाकर रखे हुए हैं तथा उसका क्रय-विक्रय कर रहे हैं। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर घर की घेराबंदी कर तलाशी ली गई।छापेमारी के दौरान दो व्यक्ति घर से भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में उनकी पहचान रामउदगार यादव एवं उनके सगे भाई रामपुकार यादव के रूप में हुई। घर में मौजूद एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति शशि मिश्रा (निवासी मोहनपुर, थाना सकरा, जिला मुजफ्फरपुर) को भी हिरासत में लिया गया। उसकी तलाशी में 39,700 रुपये नकद बरामद किए गए।तलाशी के दौरान पुलिस ने 57.19 किलोग्राम गांजा, 1,69,800 रुपये नकद, चांदी की हसुली (290 ग्राम), तीन चांदी की चेन (177 ग्राम), चांदी की अंगूठी (3.870 ग्राम), सोने की नथ (0.250 ग्राम), पितल की अंगूठी (7.750 ग्राम), सोने के तीन मंगलसूत्र (19.980 ग्राम), एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, एक पर्स, एक एटीएम कार्ड एवं एक आधार कार्ड बरामद किया।प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि गांजा नेपाल से खरीदकर लौकही सीमा के रास्ते लाया गया था तथा इस अवैध धंधे में अन्य चार-पांच लोग भी शामिल हैं। पुलिस शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।इस संबंध में घोघरडीहा थाना कांड संख्या 20/26, दिनांक 15.02.2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 8/20 (बी) (द्वितीय) (ग) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

# डीपीएस कदिराबाद के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया अपनी कला का जौहर

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल कादिराबाद, दरभंगा के प्रांगण में विज्ञान सह कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अजय नाथ झा, डब्लूआईटी डायरेक्टर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ शोएब अहमद खान, चेयरमैन तुफैल अहमद खान, प्राचार्य संजय कुमार झा और उप प्राचार्य मोहम्मद अली अंदलिब ने मुख्य अतिथि को पाग चादर और पुष्प-गुच्छ से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन कमीटी के सदस्यों ने संपूर्ण विद्यालय परिसर का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं के कला,विज्ञान प्रदर्शन को देखकर छात्रों के विज्ञान की बारिकियों से अवगत कराकर प्रेरित किए। अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों अभिभावकों एवं शिक्षकों को ऐसे प्रेरणार्थक संदेश दिए जो नव निर्माण में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कभी ना हार मानने के लिए संदेश देकर जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किए । उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि यह विद्यालय अपने छोटे-छोटे बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा कला और विज्ञान प्रदर्शन के माध्यम से निकलने का सुअवसर देती है। आज के कार्यक्रम में 300 से अधिक बच्चों ने विज्ञान और कला के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कला प्रदर्शनी में कला शिक्षिका श्रीमती प्रीति सिन्हा के निर्देशन एवं प्रयासों से कक्षा बिगनर्स से नौंवी तक की छात्र-छात्राओं के द्वारा क्रिसमस ट्री, शांता क्लॉज, मिथिला पेंटिंग और क्ले से बने मिथिला आर्ट , कैनवास पेंटिंग, पेपर क्राफ्ट, डीपीएस विद्यालय भवन, दही -हांडी बांसुरी, थमोकोल से बने विभिन्न प्रकार के कलाकृतियों को बड़े पैमाने पर प्रदर्शित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा पांचवी अ के छात्र अर्णव्य राज मेडिसिनल प्लांट के माध्यम से औषधि, प्राथमिक चिकित्सा, शरीर को संतुलित रखने, रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाने और आयुर्वेद के विषय में जानकारी दिए। कक्षा सातवीं स की छात्रा अवनी ने प्लांट टिश्यू कल्चर और ग्रीन हाउस के माध्यम से सुरक्षित वातावरण और मौसम की परवाह किए बगैर साल भर पौधे उगाने का संदेश दिए । कक्षा सातवीं स छात्रों के द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया। कक्षा सातवीं अ के छात्र श्रेयस और विनायक समूह के द्वारा ए आई होम असिस्टेंट बनाया गया ,जो हमारे द्वारा दिए गए निर्देशन का पालन करते हैं। कक्षा नौवीं के छात्रा तंजिल ग्रुप ने कार्सिनुजेन प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताए कि हम लोगों को धूम्रपान और तंबाकू आदि ऐसे पदार्थ का उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे हमारे स्वास्थ्य कैंसर जैसे खतरनाक बीमारी से प्रभावित हो। कक्षा नौवीं अ और ब के छात्रों द्वारा ने ए आई रोबोट बनाया गया।

# मुख्यमंत्री ने 25 लाख महिलाओं को 2500 करोड़ रुपये की राशि की जारी




मधुबनी। नीतीश कुमार ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य की 25 लाख लाभुक महिलाओं को प्रति लाभुक 10,000 रुपये की दर से कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया। पटना में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय स्थित एन.आई.सी. के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में किया गया, जहाँ जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।मधुबनी जिले की 1 लाख 7 हजार महिला लाभुकों के खाते में 10,000 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 1 अरब 70 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। अब तक जिले की 7,90,892 महिला लाभुकों के बीच कुल 7 अरब 90 करोड़ 89 लाख 20 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया जा चुका है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी आनंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में जीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जीविका दीदियों से संवाद कर उनके कायार्नुभवों एवं योजनाओं के प्रभाव की जानकारी ली।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ह्यमुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक परिवार की एक महिला को उनकी पसंद का रोजगार शुरू करने के लिए प्रारंभिक आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत 10,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता दी जा रही है तथा रोजगार स्थापित होने के उपरांत आकलन के आधार पर अधिकतम 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।लाभुक महिलाओं के चेहरों पर राशि प्राप्ति की खुशी स्पष्ट झलक रही थी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से वे स्वरोजगार की दिशा में ठोस कदम बढ़ा सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री द्वारा रिमोट के माध्यम से राशि अंतरण की औपचारिकता पूरी की गई, जिसका सीधा प्रसारण एन.आई.सी. कक्ष में किया गया। उपस्थित महिलाओं ने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# कार्य में लापरवाही पर दो कर्मियों का 15 दिनों का वेतन कटा, भविष्य में बर्खास्तगी की चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। राजनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत, रामपट्टी के पंचायत रोजगार सेवक रामबालक पासवान का 15 (पंद्रह) दिनों का वेतन कार्य में लापरवाही एवं कार्यस्थल से अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण काटने का आदेश जारी किया गया है।इसी क्रम में अंधराठाढ़ी उत्तर एवं मरुकिया पंचायत के ग्रामीण आवास सहायक मनीष कुमार झा का भी 15 (पंद्रह) दिनों का वेतन अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही तथा अपेक्षित सहयोग नहीं करने के कारण काटा गया है।उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सुमन प्रसाद साह ने संबंधित कर्मियों को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिया है कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा कर्तव्यहीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि पुनः ऐसी शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सेवा से बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जा सकती है।डीडीसी ने सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर के कर्मियों को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, समय पर कार्यालय एवं कार्यस्थल पर उपस्थित रहने तथा आमजन को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बिहार सरकार का यह एक ऐतिहासिक पहल है : पप्पू सिंह

दरभंगा। दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने 25 लाख नवचयनित जीविका दीदियों को 10,000 की पहली किस्त जारी किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी महिला लाभुकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी जी द्वारा मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 25 लाख महिलाओं के खाते में 10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल 2,500 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई है। यह निर्णय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल है। श्री सिंह ने कहा कि इस योजना से राज्य के प्रत्येक परिवार की एक बहन या माता को अपना स्वरोजगार प्रारंभ करने का सशक्त अवसर मिल रहा है। पहली किस्त के रूप में 10,000 की सहायता तथा आगे चलकर 2 लाख तक की अतिरिक्त आर्थिक मदद महिलाओं के आत्मविश्वास और आर्थिक सुदृढ़ता को नई ऊंचाई देगी। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा जीविका दीदियों के उत्पादों की बिक्री हेतु हाट-बाजार विकसित किए जा रहे हैं, जिससे उनकी आय और सामाजिक सम्मान दोनों में वृद्धि सुनिश्चित होगी। यह पहल सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण की मजबूत नींव है। अंत में उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभी जीविका दीदियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# बागमती संघर्ष मोर्चा का आज से सामूहिक अनशन शुरू

मुजफ्फरपुर।विनाशकारी बागमती परियोजना पर बांध निर्माण के खिलाफ चास वास जीवन बचाओ बागमती संघर्ष मोर्चा की ओर से लगातार आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के दबाव में 2017 में रिव्यू कमेटी का गठन किया गया। सरकार ने औपचारिकता पूरी किया लेकिन ना तो उसे संसाधन मुहैया कराया गया और ना ही कोई निर्देश दिया गया। ठेकेदार लॉबी और निहित स्वार्थी लोगों के दबाव में बार-बार बांध निर्माण शुरू किया जाता है। इस क्षेत्र के लोग अपनी जमीन, आवास को बचाने के लिए बार-बार बांध निर्माण को रोक देते हैं। प्रशासन की ओर से बार-बार लोगों को गलत मुकदमे में फंसा दिया जाताहै। बांध निर्माण से कई दर्जन गांव का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। सरकार ना तो वार्ता करती है और ना ही निर्माण कार्य को रोकती है। लोग रिव्यू कमेटी के रिपोर्ट आने तक बांध निर्माण पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं और इसी बात को लेकर के आज बेनीबाद -केवटसा चौक पर चास-वास जीवन बचाओ संघर्ष मोर्चा के ओर से सामूहिक अनशन का कार्यक्रम शुरू किया गया है। अनशन स्थल पर सभा को संबोधित करते हुए मोर्चा के संयोजक जितेंद्र यादव ने कहा कि अपने चास, आवास और धरोहर को बचाने के लिए इस इलाके के लोग अपनी जान की बाजी लगा देंगे। इस अनशन के जरिए लोग मांग कर रहे हैं कि रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट आने तक तक बांध निर्माण पर रोक लगाई जाए। रिव्यू कमेटी को संसाधन मुहैया कराया जाए और उसे कारगर बनाया जाए। रिव्यू कमेटी में बागमती संघर्ष मोर्चा के भी प्रतिनिधि को शामिल किया जाए। बागमती पर जहां तक बांध बना है वहां के विस्थापितों के पुनर्वास की गारंटी की जाए और अधिग्रहित जमीन का मुआवजा दिया जाए। बाढ़ नियंत्रण के लिए जल निकासी की कारगर व्यवस्था की जाए। बागमती नदी पर पर्याप्त संख्या में पुल का निर्माण किया जाए।आज भी बर्री में बांध निर्माण शुरू करने पर लोगों ने जाकर शांतिपूर्वक उसे रोका। अनशन पर राजकुमार मंडल , सीताराम यादव और राम लोचन सिंह बैठे हैं। बैठक की अध्यक्षता वैद्यनाथ मिश्र ने की और संचालन जितेंद्र यादव ने किया। इस अवसर पर बाढ़ मुक्ति अभियान के उमेश राय, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार सिंह, प्रगतिशील किसान मोर्चा के पप्पू सिंह, एवं मुनाजिर हसन, राम सजन राय, राहुल कुमार,नंदकिशोर ठाकुर, सुनील यादव, राधा देवी ने संबोधित किया।मंच पर मोर्चा के अध्यक्ष ठाकुर देवेंद्र, नवल किशोर सिंह, रुपौली के ललन कुमार, छतौना के सुरेंद्र राय, नरसारा के मोहम्मद फिरोज, फुलवरिया के सुरेश पासवान, बिजनेस यादव, महेश राय ,मुजाहिद हुसैन, मुकेश शर्मा, राम इकबाल राय मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दो पक्षों ने मारपीट की दर्ज करवाया अलग अलग प्राथमिकी

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के चकहबीव वार्ड 14 में विगत दिनों दो पक्षों में हुई मारपीट की दोनों पक्षों ने अलग अलग प्राथमिकी दर्ज करवाया है।एक ओर जहां मंटून राय की पत्नी सह पंचायत समिति सदस्या रेखा देवी सदर अस्पताल में फर्द बयान देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें नीतीश कुमार पिता शंकर राय एवं शंकर राय को नामजद एवं 10-12 अज्ञात को आरोपित किया है। बताई है कि 14 फरवरी की रात्रि हम लोग खाना खाकर सोए हुए थे। तभी रात्रि के करीब 1:00 बजे 10 से 12 की संख्या में आए अपराधकर्मी जो लाठी-डंडा, लोहे का रॉड, एवं हरवे हथियार से लैस था। मेरे ग्रिल को पीट रहा था। नींद खुली तो हम सोचे कोई आया है जैसे ही ग्रिल खोल सभी मेरे घर के कमरे में घुस गया तथा सामान को तीतर बितर करने लगा। मैं गई तो मेरे सिर पर नीतीश कुमार लोहे के रॉड से वार कर दिया जिससे मेरा सिर फट गया। बीच बचाव करने मेरी पुत्री आई तो उसे पकड़ कर मुंह दबाने लगा।अन्य अपराधकर्मी मेरे घर में बेटी के शादी के लिए रखें कपड़ा, ज्वेलर्स, कीमती बर्तन एवं बक्सा खोलकर नगद 10 लाख रुपया लूट लिया। तथा मारपीट करने लगा। साहस करके मेरे पति एक अपराधी को पकड़ लिया तब शंकर राय मेरे पति को धक्का मुक्की करने लगा तथा अन्य अपराधी ने पिस्टल के बट से मारना शुरू कर दिया। ग्रामीणों को जूटते देख सभी अपराधी भागने लगा।अपराधी मोटरसाइकिल से आया था भागने के क्रम में उनका मोटरसाइकिल छूट गया। जिसे गश्ती दल अपने साथ थाना ले गई। वहीं दूसरी ओर शंकर राय के पुत्र नीतीश कुमार ने मारपीट की प्राथमिक दर्ज करवाया है जिसमें मंटून राय, मंटून राय की पत्नी रेखा देवी, पुत्र राजन कुमार, पुत्री जुली कुमारी, करीना कुमारी एवं बैजनाथ राय को नामजद किया है। बताया है कि उक्त नामित सभी 13 फरवरी को रात्रि करीब 10:00 बजे मेरे घर जाकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर मंटून राय, राजन कुमार हाथ में पिस्टल रखे हुए बोला ज्यादा बोलोगे तो जान मार देंगे इतना कहकर लाठी, डंडा एवं लोहे के रॉड से नीतीश कुमार मुझपर हमला कर दिया एवं मेरे साला अंकित कुमार को मारने लगा मेरा सिर फूट गया खून बहने लगा। हमलोग बेहोश हो गए तभी मेरे गर्दन से सोना का चेन एवं मेरे साला के गर्दन से चक्ति एवं दो मोबाइल छीनकर क्षतिग्रस्त कर दिया।पंचायत समिति सदस्या रेखा देवी एवं मंटून राय दोनों पति-पत्नी ब्याज पर रुपया लगता है नहीं लेने पर हमारे साथ बार-बार टॉर्चर करता है एवं जान मारने की धमकी देता है।

### शिक्षक सह समाजसेवी के निधन पर शोक

मुजफ्फरपुर । मरवन प्रखंड के पकड़ी पकोही निवासी अवकाश प्राप्त शिक्षक सह समाजसेवी 75 वर्षीय लाल बिहारी साह का सोमवार की दोपहर हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही स्थानीय विधायक सह पुर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने पहुंच परिजनों से मिलकर गहरी शोक सान्तवना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे शिक्षक के साथ साथ एक अच्छे समाजसेवी के रूप में हमारे साथ हमेशा कदम से कदम मिलाकर साथ रहे ।उनका निधन समाज के लिय दुखदायी है। श्री कुमार ने कहा कि अपने जीवन काल मे वह एक अच्छे शिक्षक थे वह समाज मे शिक्षाविद के रूप में प्रख्यात रहे और सेवा निवृति के बाद भी समाज से जुड़े रहे ।इस दौरान उन्होंने 2 मिनट का मौन रख कर मृत आत्मा की शांति के लिय प्रथर्ना की और उनके पार्थिव शरीर पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि दी । उनके निधन पर भाजपा नेता सकलदेव साह, तेली साहू सभा के प्रखंड अध्यक्ष राहुल साह, अजय चौधरी,मो अली अहमद,सुरेश साह,धीरज साह, अनिल साह,राजेश साह, अभिषेक कुमार, विकास कुमार . राकेश कुमार गुप्ता, ललन साह, मुकेश कौशल, भगवान लाल साह ने शोक-संवेदना व्यक्त की है।

### शिवालयों में जल चढ़ाने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

विभूतिपुर/समस्तीपुर। महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सोमवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खास करके मुस्तफापुर, कल्याणपुर, चकहबीब,महीषी, भुतहा चौक, भरपुरा, नरहन सहित अन्य शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई थी। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। साथ ही भजन कीर्तन के साथ-साथ कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 25 सौ करोड़ की ऐतिहासिक राशि अंतरण

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 25 लाख महिलाओं के खाते में पहुँचे 10-10 हजार रुपये

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। जिला मुख्यालय स्थित झल्लू बाबू सभागार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर की 25 लाख महिला लाभुकों के बैंक खातों में 10,000 रुपये की दर से कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि का प्रत्यक्ष अंतरण किया गया। कार्यक्रम में जीविका से जुड़ी लगभग 200 दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस ऐतिहासिक पहल की साक्षी बनीं। कार्यक्रम में मंचासीन पदाधिकारियों में जिलाधिकारी अभिषेक रंजन, उप विकास आयुक्त अनिल बसाक, जिला परियोजना प्रबंधक नील कमल चौधरी एवं आईटी मैनेजर तरुण कुमार उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने अपने संबोधन में जीविका परियोजना के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने लाभुक महिलाओं से अपील की कि प्राप्त 10,000 रुपये की राशि का उपयोग स्वरोजगार एवं आयवर्धक गतिविधियों में करें, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार एवं समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं के आर्थिक उत्थान की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। उन्होंने सभी लाभार्थियों से आग्रह किया कि वे इस राशि का सदुपयोग रोजगार सृजन एवं जीविकोपार्जन गतिविधियों के विस्तार में करें, जिससे उनका जीवन स्तर और अधिक सुदृढ़ एवं खुशहाल हो सके। कार्यक्रम में अमितेश कुमार (प्रबंधक सामाजिक विकास), पद्माकर मिश्र (प्रबंधक संचार), दयानंद दास (प्रबंधक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन), संदीप कुमार (प्रबंधक गैर कृषि), देवाशीष जायसवाल (सामुदायिक वित्त), अमरजीत कुमार (प्रबंधक अधिप्राप्ति), लेखापाल अनुराग कुमार, अनिल कुमार, धीरेन्द्र कुमार, मंजर हसन (प्रशिक्षण अधिकारी), कुलदीप कुमार (प्रबंधक आई बी सी बी), संजीत कुमार, फूलवती कुमारी, मधुरानी, चंदन एवं रिंकू सहित अन्य कर्मियों की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी के समन्वित प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह पहल महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## जिलाधिकारी की जनसुनवाई, नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का दिया आश्वासन

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा। समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिषेक रंजन द्वारा सोमवार को आम जनता से मुलाकात कर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं कुल 42 आवेदनों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु तत्काल निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि हर आवेदन का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर पारदर्शी एवं न्यायोचित तरीके से किया जाएगा। जिला प्रशासन, मधेपुरा जनसहभागिता एवं जनसुनवाई को सर्वोपरि महत्व देता है तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

## बच्चों को मिलेगी संगीत शिक्षा, निखरेगी प्रतिभा

बरारी/कटिहार। प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ-साथ संगीत की भी शिक्षा दी जाएगी। समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना 2025-26 के तहत प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को संगीत सीखने का अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। सोमवार को जागेश्वर उच्च विद्यालय, गुरुबाजार परिसर में वाद्य यंत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार सिंह ने विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को ये वाद्य यंत्र सौंपकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बीईओ राज कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि कला और संगीत भी बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने शिक्षकों से वाद्य यंत्रों का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि बच्चे संगीत के प्रति रुचि विकसित कर सकें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें कार्यक्रम के दौरान गुरुनानक कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगत सिंह, प्राथमिक विद्यालय दरवे के बसवंत कुमार जायसवाल तथा जागेश्वर उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरव प्रसून, भवेश कुमार पाल और धनंजय उपाध्याय को म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रदान किए गए। मौके पर लेखापाल संतोष कुमार पासवान, दिनेश यादव, संतोष कुमार, शशिशेखर, मनोज जायसवाल, छोटू चौधरी सहित कई शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने इस पहल को सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और छात्रों की छिपी प्रतिभा को उजागर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## कार्यकताओं की मांग और अंतरात्मा की पुकार पर प्रखंड अध्यक्ष पद पर लौटे करण



प्रात : किरण संवाददाता

कटिहार। राष्ट्रीय जनता दल के डंडखोरा प्रखंड की राजनीति में एक बड़ा मोड़ आया है । प्रखंड अध्यक्ष करण कुमार ने अपने पद से दिया गया इस्तीफा वापस लेने की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फैसले के बाद पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।करण कुमार ने पत्रकारो को बताया कि उन्होंने यह फैसला काफी सोच-विचार और गहन विचार-विमर्श के बाद लिया है। उन्होंने कहा, मैंने अपने मार्गदर्शकों, वरिष्ठ समाजसेवियों, प्रोफेसरों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकताओं और यहाँ तक कि अन्य दलों के शुभचिंतकों से भी सलाह ली है। डंडखोरा की वर्तमान स्थिति और जनता के कष्टों को देखते हुए, मेरी अंतरात्मा ने मुझे पीछे हटने की अनुमति नहीं दी।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में प्रखंड में पार्टी को एक मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता है। कार्यकताओं के आग्रह और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए उन्होंने पुनः प्रखंड अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने का निर्णय लिया है।साथ ही करण कुमार ने स्पष्ट किया कि उनका एकमात्र उद्देश्य पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुँचाना और प्रखंड की जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर जनसेवा में जुटने का आह्वान किया।

# गुरुमेला पंचायत में भक्ति, प्रवचन और भजन से सराबोर रहा माहौल

प्रात : किरण संवाददाता



बरारी/कटिहार। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गुरुमेला पंचायत में संतमत सत्संग का 49वां जिला अधिवेशन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में धूमधाम से संपन्न हुआ। अधिवेशन में जिले भर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सत्संग का लाभ उठाया। पूरे दिन क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति की गूंज सुनाई देती रही।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक गुरुमेला पंचायत के मुखिया सह कटिहार जिला राष्ट्रीय समिति के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव के नेतृत्व में अधिवेशन का सफल संचालन किया गया। उनके मार्गदर्शन में पूरे आयोजन की व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रही।अधिवेशन में प्रमुख रूप से महर्षि योगानंद परमहंस, स्वामी सुभाषानंद तथा चिदानंद सहित अन्य संत महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतों ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में आध्यात्मिक साधना, मानव जीवन के उद्देश्य और सत्संग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके प्रेरक विचारों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।भजन गायिका द्रौपदी भारती ने अपने मधुर भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा पंडाल ह्यसंतमतह्न के जयघोष से गूंज उठा।इस अवसर पर शोभकांत पासवान, योगेंद्र मंडल, मंगल पासवान, मुखिया प्रतिनिधि बच्ची प्रसाद यादव, कैलाश यादव, वार्ड सदस्य सुरेश सिंह समेत गुरुमेला पंचायत के गणमान्य लोगों एवं ग्रामीणों ने संत महात्माओं का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया।अधिवेशन के सफल आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना का संचार हुआ और श्रद्धालुओं ने सत्संग के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव किया

## अवैध पशु तस्कर पर सेमापुर पुलिस की दबिश 12 मवेशी के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

बरारी/कटिहार। जिले में अवैध पशु तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत सेमापुर थाना पुलिस ने शनिवार को लक्ष्मीपुर ढाला के पास पशु तस्करी कर रहे तीन पशु तस्कर को गिरफ्तार किया एवं दो पिकअप से 12 मवेशी बरामद किया गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दो पिकअप वाहन क्रूरतापूर्वक मवेशियों को लादकर लक्ष्मीपुर ढाला की ओर बढ़ रहे हैं। सूचना मिलते ही सेमापुर पुलिस टीम ढाला के समीप घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी।जैसे ही संदिग्ध पिकअप वहां पहुंची, पुलिस को देखकर चालक भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों को खदेड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर वाहनों में 12 मवेशी ठूंस-ठूंस कर लदे मिले। पुलिस ने मौके से मो. आलम (45), मो. शमसेर अली (60) और मो. सउद आलम (35) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों पिकअप जब्त कर थाने लाए गए हैं।थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि तीनों आरोपितों के खिलाफ कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पशु तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# समर्पित कार्यकताओं को एकजुट करने पटना में 17 मार्च को महासम्मेलन


प्रात : किरण संवाददाता



कटिहार। बिहार कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व और कार्यशैली के खिलाफ पार्टी के भीतर ही अब विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। खगड़िया के पूर्व विधायक और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य छत्रपति यादव ने प्रदेश नेतृत्व पर गंभीर सवाल उठाते हुए बिहार कांग्रेस की वर्तमान स्थिति को ह्लसंक्रमण कालह्व करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के अथक प्रयासों के बावजूद, कुछ जिम्मेदार लोगों की गलतियों के कारण आज बिहार में कांग्रेस अपने सबसे निचले पायदान पर पहुंच गई है। पूर्व विधायक छत्रपति यादव ने जिला अतिथि गृह मे आयोजित प्रेसवार्ता कर कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में हुई गड़बड़ियों के कारण सच्चे और समर्पित कांग्रेसी आज हाशिए पर हैं, जबकि हार के जिम्मेदार लोग अब भी शीर्ष पदों पर काबिज हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर अनिश्चितता और अस्थिरता का माहौल है, जिससे समर्पित कार्यकर्ता स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। आलाकमान तक बातें पहुँचाने के बावजूद अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं होने से कार्यकताओं में भारी निराशा है।पार्टी को बचाने और समर्पित कांग्रेसियों को एक मंच पर लाने के लिए आगामी 17 मार्च को पटना में एक भव्य ह्यमहासम्मेलनह्न का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन की सफलता के लिए छत्रपति यादव ने 7 फरवरी से ही राज्यव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में 16 फरवरी को वे कटिहार पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय जिला पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मुलाकात कर सहयोग की अपील की।जनसंपर्क अभियान में छत्रपति यादव के साथ एआईसीसी सदस्य और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष नागेंद्र पासवान विकल समेत प्रदेश कांग्रेस के कई अन्य कद्दावर नेता भी शामिल हैं। नेताओं का मानना है कि यह महासम्मेलन बिहार में कांग्रेस के पुनरुद्धार के लिए एक निर्णायक कदम साबित होगा। अभियान के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य पार्टी विरोधी गतिविधियों को रोकना और उन कार्यकताओं को सम्मान दिलाना है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी कांग्रेस का झंडा थामे रखा है।

## आधी आबादी को आत्मनिर्भर बनाने में वरदान साबित हो रही महिला रोजगार योजना : डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। जीविका निधि शाखा से हर परिवार को जोड़कर उनके स्वावलंबन तथा रोजगार देने के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार तीव्र गति से पहल कर रही है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत राज्य की 25 लाख महिलाओं के खाते में दस हजार रुपए निर्गत कर सरकार ने साबित कर दिया है कि बिहार के हर परिवार में एक महिला को रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे। भाजपा सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार सरकार द्वारा 25 लाख महिलाओं के खाते में दस हजार रुपए निर्गत किए जाने को नीतीश सरकार की भागीरथी पहल बताते हुए कहा कि इसमें दरभंगा जिले के 1 लाख 21 हजार महिलाओं को भी खाते में राशि दिए गए हैं जो मातृ शक्तियों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक पहल है। सांसद डा ठाकुर ने बिहार में सत्तर हजार ग्राम संगठनों की भागीदारी तथा 1680 संकुल स्तरीय संघ के माध्यम से 25 सौ करोड़ रुपए निर्गत किए जाने को आधी आबादी को हर दृष्टि से सक्षम और आत्म निर्भर बनाने के केंद्र तथा बिहार की एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण बताते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की डबल इंजन सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए ठोस पहल किए गए हैं जिसका सार्थक परिणाम सामने दिख रहा है। सांसद डा ठाकुर ने महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार द्वारा किए जा रहे पहल तथा प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि नारी वंदन योजना के तहत पीएम मोदी के नेतृत्व में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है तथा इसके लिए जिसमें दो करोड़ से अधिक लखपति दीदी बनाकर केंद्र सरकार ने एक इतिहास कायम किया है। सांसद डा ठाकुर ने महिला रोजगार योजना को एनडीए सरकार का दूरगामी तथा प्रभावी परिणाम देने वाला कदम बताते हुए कहा है कि महिलाओं के मान सम्मान को बढ़ाने तथा उन्हें हर दृष्टि से सक्षम बनाने के लिए एनडीए सरकार मिशन मोड में कार्य कर रही है।

# निष्पक्ष पत्रकारिता ही लोकतंत्र की ताकत : धर्मेंद्र कुमार मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। 256वें पूर्णियां जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आवाज 24 मीडिया एण्ड इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पूर्णियां एक्सपो 2026 के तहत इंटरनेशनल ट्रेड फेस्ट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा सह आवाज 24 की मैनेजिंग डायरेक्टर पूजा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विद्या बिहार के सचिव राजेश मिश्रा एवं समाजसेवी पल्लवी मिश्रा का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। आवाज 24 के एडिटर-इन-चीफ ओमप्रकाश मिश्रा तथा डायरेक्टर राजीव कुमार की उपस्थिति में कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या बिहार, पूर्णियां के सचिव राजेश मिश्रा ने की। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में 13 फरवरी से आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को विशिष्ट अतिथि के रूप में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन, बिहार के वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन कुमार झा (सी.के. झा), प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुमार मिश्रा तथा उदाकिशुनगंज के संरक्षक सह कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मु. शकील अख्तर शामिल हुए। इस दौरान एनजेए के पूर्व कोषाध्यक्ष रजनीकांत ठाकुर एवं अनुराग हर्ष को बुके, अंगवस्त्र और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजेश मिश्रा ने इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ट्रेड फेयर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से पूर्णिया की गरिमा बढ़ती है तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा मिलता है। वहीं वरीय प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे पत्रकारिता और सामाजिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने आवाज 24 की तीसरी वर्षगांठ एवं पूर्णिया जिला स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने निष्पक्ष एवं स्वतंत्र पत्रकारिता की भूमिका पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पत्रकारों से पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की तथा सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर दर्जनों प्रायोजकों के प्रतिनिधियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बिहार कौशल विकास मिशन योजना अंतर्गत आरपीएल वर्जन 4 .0 का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। बिहार कौशल विकास मिशन योजना अंतर्गत आर०पी० एल० (वर्मीकम्पोस्ट उत्पादक, तृतीय बैच) वर्जन 4.0 का शुभारंभ संयुक्त कृषि भवन, मधेपुरा के सभा कक्ष में सोमवार को जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, मधेपुरा एवं जिला उद्यान पदाधिकारी, मधेपुरा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। 08 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 16.02.2026 से 23.02. 2026 तक अर्थात 60 घंटा संचालित किया जायेगा। जिसमें फिलडभिजीट भी कराया जायेगा। इस प्रशिक्षण के प्रशिक्षक मनीष कुमार एवं धनंजय कुमार पाण्डेय, प्रति० सहायक तकनीकी प्रबंधक ने भी भाग लिया। प्रशिक्षणार्थी के रूप में अनु भारती, बेबी कुमारी, लवली कुमार, संजीव कुमार, शंभुशरण यादव सहित कुल 30 प्रशिक्षणार्थी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, मधेपुरा द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि इस प्रशिक्षण का लाभउठाकर प्रशिक्षणार्थी कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते है। जिला उद्यान पदाधिकारी, मधेपुरा ने उपस्थित प्रशिक्षणाथियों को इस प्रशिक्षण से होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण में रीतेश रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना, मधेपुरा, मो० जावेद, जिला उद्यान पदाधिकारी, पंकज पचेरिया, जिला लेखापाल, रामवल्लभ कुमार एवं आत्मा के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## शिवरात्रि पर थानाध्यक्ष के साथ अपर थानाध्यक्ष ने भी रचाया पत्नी संग पुनर्विवाह, 30 साल में पहली बार बना इतिहास



प्रात : किरण संवाददाता

कोढ़ा/कटिहार। कोढा थाना में इस बार महाशिवरात्रि सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं रहा – बल्कि इतिहास रच गया।करीब 30 वर्षों से चली आ रही अनोखी परंपरा के तहत हर साल वर्तमान थानाध्यक्ष अपनी पत्नी के साथ थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में पुनर्विवाह रचाते हैं। लेकिन इस बार तस्वीर अलग थी।थानाध्यक्ष सुजीत कुमार के साथ-साथ अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने भी अपनी पत्नी संग वैदिक रीति-रिवाज से पुनर्विवाह रचाया। 30 साल के इतिहास में यह पहला मौका रहा जब एक साथ दो-दो पुलिस पदाधिकारियों ने शिवरात्रि के पावन अवसर पर पुनर्विवाह किया।थाना परिसर पूरी तरह विवाह मंडप में तब्दील हो गया। पारंपरिक बारात निकली, जयमाला हुई, मंत्रोच्चार के बीच विवाह संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में आम जनता, जनप्रतिनिधि और मीडियाबंधु इस अनोखे दृश्य के साक्षी बने।यह परंपरा सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। शिवरात्रि के मौके पर यहाँ 24 घंटे का हरेराम संकीर्तन, भव्य भोज और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है।थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा – हम उन सौभाग्यशाली लोगों में हैं जिन्हें पुनः विवाह रचाने का अवसर मिला। यह हमारे लिए गर्व और आस्था का विषय है। वहीं अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने कहा 30 साल के इतिहास में पहली बार हमें भी अपनी पत्नी के साथ पुनर्विवाह का अवसर मिला। धन्य है कोढ़ा की धरती और यहाँ की परंपरा।ह्लकोढ़ा थाना की यह परंपरा आज सिर्फ स्थानीय आयोजन नहीं, बल्कि पूरे इलाके की पहचान बन चुकी है – जहां कानून की चौखट, एक दिन के लिए शादी का मंडप बन जाती है, और पुलिस वर्दी में दिखता है परंपरा, विश्वास और संस्कार का संगम।

# दबंगों ने घेराबंदी तोड़ किया फसल बर्बाद

● पीड़ित ने सीओ समेत कई अधिकारियों से लगाई गुहार

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के रहटा मौजा में जमीन विवाद का मामला सामने आया है, जहां दबंगों द्वारा घेराबंदी तोड़कर फसल बर्बाद करने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में पीड़ित ने अंचल अधिकारी सहित कई वरीय अधिकारियों से लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता नरेश यादव, स्वर्गीय हरिनंदन यादव के पुत्र तथा मूल रूप से ग्राम-पोस्ट बाला टोल, थाना पुरैनी के निवासी हैं। वर्तमान में वे उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के रहटा में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि रहटा मौजा में उनकी 14 डिसमिल 150 वर्ग कड़ी जमीन है, जो उन्हें केवाला के माध्यम से प्राप्त हुई है। उक्त जमीन की जमाबंदी उनके नाम से कायम है तथा वे कई वर्षों से नियमित रूप से लगान की रसीद भी कटाते आ रहे हैं। नरेश यादव का आरोप है कि हाल के दिनों में राजेंद्र पासवान, मेराज आलम, रुका देवी सहित करीब आधा दर्जन लोग हरवे-हथियार से लैस होकर उनकी जमीन पर पहुंचे और पिलर सहित घेराबंदी को उखाड़कर फेंक दिया। आरोप है कि आरोपितों ने जमीन में लगी फसल को भी बर्बाद कर दिया और उन्हें जमीन से बेदखल कर दिया। घटना से आहत पीड़ित ने राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री, अंचल अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जमीन पर पुनः कब्जा दिलाने की मांग की है।

# विचार मंथन



सम्पादकीय

## सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

डॉ. सत्यवान सौरभ

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि लिखा कितना अच्छा है, बल्कि यह बन गया है कि लिखा किसने है और किस तरह लिखा है। जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है। समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है-बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुजरे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है। यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना, और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन-यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है-भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित, और भावनात्मक रूप से उचित। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है। क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखाई देती है, और वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हजारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह स्वीकार कर सकता है कि मैं गलत भी हो सकता हूं? यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है-आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से। और यही डर उसकी आवाज को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का। इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है-सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएँ पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं। एक और गंभीर प्रश्न श्रेय का है। यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एक औजार की तरह उपयोग किया जाए-शोध, संपादन या भाषा-सुधार के लिए-और यह स्पष्ट कर दिया जाए कि इसमें यंत्र की सहायता ली गई है, तो यह ईमानदारी है। पर जब पूरी रचना यंत्र द्वारा तैयार की जाए और लेखक का नाम किसी मनुष्य का हो, तो यह धोखा है। यह पाठक के साथ भी अन्याय है और सृजन की परंपरा के साथ भी। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि अंतिम परिणाम ही महत्त्वपूर्ण है, तरीका नहीं। पर यही तर्क नकल को भी वैध ठहराता है। यदि तरीका अप्रासंगिक होता, तो शिक्षा, प्रशिक्षण और अभ्यास का कोई अर्थ न रह जाता। सृजन केवल परिणाम नहीं है, वह एक प्रक्रिया भी है। लिखते समय जो सोच विकसित होती है, जो आत्मसंघर्ष होता है, वही लेखक को गढ़ता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता उस प्रक्रिया को बीच में ही काट देती है। यह कहना भी आवश्यक है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता स्वयं में शत्रु नहीं है। हर तकनीक की तरह उसका प्रभाव भी उसके उपयोग में निहित है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब सुविधा, सृजन का स्थान लेने लगती है। जब लेखक बनने के स्थान पर सामग्री उत्पादक बनने की होड़ लग जाती है। जब पहचान मेहनत और अनुभव से नहीं, बल्कि उत्पादन की मात्रा से तय होने लगती है।

## युद्ध की हवाई पट्टी

प्रधानमंत्री मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में, पूर्वोत्तर की, प्रथम आपात हवाई पट्टी पर सी-130 जे विमान से लैंडिंग की, तो वह प्रथम विश्व नेता, प्रथम शासनाध्यक्ष बन गए। यह कीर्तिमान बड़ी उपलब्धि है, बहुअर्थी है। हमारे राफेल, सुखोई-30 और तेजस लड़ाकू विमानों ने भी आपात हवाई पट्टी को छुआ और फिर वे उड़ गए। यह 40 मिनट का युद्धाभ्यास वहां से 200 किलोमीटर दूर चीन ने भी देखा होगा और विश्व के कई देश चौकन्ने हुए होंगे! प्रधानमंत्री मोदी ने हवाई पट्टी का औपचारिक उद्घाटन किया और वह युद्धाभ्यास के साक्षी भी बने। दुनिया के सर्वप्रथम प्रधानमंत्री की यह लैंडिंग सिर्फ चुनावी, राजनीतिक नेरेटिव ही नहीं है, बल्कि यह युद्धाभ्यास हमारी रक्षा तैयारियों, सामरिक शक्ति, प्रौद्योगिकी सक्षमता और बेशक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच का प्रदर्शन भी है। आत्मनिर्भर भारत की अभिव्यक्ति भी है। यह वायु रक्षा मोचेबंदी और आपात हवाई पट्टी इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि युद्ध की शैली बदलती जा रही है। अब दुश्मन सबसे पहले वायुसेना बेस, अड्डों और ठिकानों पर हमले कर दुश्मन देश की वायुसेना को विकलांग करता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरबेसों पर हमले कर उन्हें ध्वस्त कर दिया था। एयरबेसों में गहरे गड्ढे कर दिए थे। बहुत कुछ मिट्टी-मलबा हुआ था। बताया जाता रहा है कि हमारे विमानों ने दुश्मन के 9 एयरबेस, रडार, अवॉक्स सिस्टम आदि ऐसे तबाह किए थे कि वहां से वायुसेना ऑपरेशन को करना और एयरबेस को युद्ध के लिए हमलावर बनाने में लंबा वक्त लगेगा। हालांकि चीन के साथ हमारे संबंध बदल और सुधर रहे हैं, लेकिन चीन एक प्रतिद्वंद्वी, अविश्वसनीय देश रहा है, लिहाजा भारत में ही सत्ता और सियासत का एक वर्ग उसे दुश्मन नंबर वन मानता रहा है। बहरहाल 4.2 किमी लंबी यह हवाई पट्टी, राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर, 100 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई है। इस पर 40 टन के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे। यहां से 74 टन के परिवहन विमान भी ऑपरेट किए जा सकेंगे। युद्ध या किसी भी आपात स्थिति में बचाव और सैन्य ऑपरेशन तुरंत संभव हो सकेंगे। उप्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर भी आपात हवाई पट्टी बनाई गई थी। वहां भी प्रधानमंत्री ने लैंडिंग की थी। दरअसल ऐसी सामरिक तैयारियां दशार्ती हैं कि भारत में रक्षा उत्पादन और सैन्य रणनीति की दुनिया ही बदल चुकी है। बेशक 2026-27 के बजट में 7.85 लाख करोड़ रुपए रक्षा मंत्रालय को आवंटित करना एक राष्ट्रीय, सालाना औपचारिकता हो सकती है, लेकिन भारत का अपना रक्षा उत्पादन 2024-25 में 1.54 लाख करोड़ रुपए से अधिक का रहा, जो एक कीर्तिमान है और 2014-15 की तुलना में 174 फीसदी अधिक है। भारत ने 23622 करोड़ रुपए के ब्रह्मोस मिसाइल, डोर्नियर-228 विमान, बुलेटप्रूफ जैकेट, चेतक हेलीकॉप्टर, हल्के टॉरपीडो, इंटरसेप्टर नौकाएं और गोला-बारूद आदि 100 से अधिक देशों को निर्यात किए हैं। अमरीका और फ्रांस सरीखे देश भी हमारे रक्षा-सामान के खरीददार हैं। क्या यह सामरिक रूप से आत्मनिर्भर होते भारत का बिंब नहीं है? युद्धाभ्यास में जिस तेजस लड़ाकू विमान ने भी हिस्सा लिया, वह स्वदेशी, भारतीय विमान है। अब देश में राफेल लड़ाकू विमान के 60 फीसदी कल-पुरजे, उपकरण आदि का निर्माण और उत्पादन भी भारत में ही होगा। यह फ्रांस के साथ 114 राफेल विमानों के नए करार में निहित है, लिहाजा 96 राफेल विमान भारत में ही बनाए जाएंगे। शेष 18 विमान फ्रांस से निर्मित होकर आएंगे।

# राष्ट्र का सुनहरा भविष्य युवाशक्ति, नवयुवकों का जागरण और कर्तव्यबोध

**यही कारण है कि इस देश ने समय-समय पर ऐसे महान आदर्श प्रस्तुत किए, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व को दिशा दी। भीष्म पितामह की आजीवन ब्रह्मचर्य प्रतिज्ञा हो, भगवान महावीर का संयम और तप का संदेश हो या स्वामी विवेकानन्द का तेजस्वी व्यक्तित्व इन सबने सिद्ध किया कि सच्ची शक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि भीतर के आत्मबल में निहित होती है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी इन आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझे, क्योंकि देश की बागडोर अब युवाओं के हाथ में है। वर्तमान समय में युवाशक्ति अनेक चुनौतियों से घिरी हुई दिखाई देती है। भोगवादी प्रवृत्तियाँ, दिखावा, कृत्रिम जीवनशैली और व्यसनों की प्रवृत्ति ने युवाओं के नैसर्गिक तेज को धूमिल कर दिया है। देर रात तक अनावश्यक मनोरंजन में डूबे रहना, असंतुलित दिनचर्या, अस्वस्थ खान-पान और फैशन की अंधी दौड़ ने उनके शरीर और मन दोनों को कमजोर किया है। जबकि एक युवा के व्यक्तित्व में ऊर्जा, उत्साह, दृढ़ निश्चय और कर्मठता का संचार होना चाहिए। राष्ट्र का भविष्य उन्हीं कंधों पर टिका होता है जिनमें सामर्थ्य, चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा का बल हो। यदि युवा स्वयं ही शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से दुर्बल हो जाएँ, तो राष्ट्र की प्रगति कैसे संभव होगी?**






कांतिलाल मांडोत
(लेखक)

भारत सदियों से संयम, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की भूमि रहा है। यहाँ आत्मसंयम को ही वास्तविक शक्ति माना गया है और चरित्र को ही मनुष्य की सबसे बड़ी संपत्ति समझा गया है। यही कारण है कि इस देश ने समय-समय पर ऐसे महान आदर्श प्रस्तुत किए, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व को दिशा दी। भीष्म पितामह की आजीवन ब्रह्मचर्य प्रतिज्ञा हो, भगवान महावीर का संयम और तप का संदेश हो या स्वामी विवेकानन्द का तेजस्वी व्यक्तित्व इन सबने सिद्ध किया कि सच्ची शक्ति बाहरी आडंबर में नहीं, बल्कि भीतर के आत्मबल में निहित होती है। आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी इन आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझे, क्योंकि देश की बागडोर अब युवाओं के हाथ में है। वर्तमान समय में युवाशक्ति अनेक चुनौतियों से घिरी हुई दिखाई देती है। भोगवादी प्रवृत्तियाँ, दिखावा, कृत्रिम जीवनशैली और व्यसनों की प्रवृत्ति ने युवाओं के नैसर्गिक तेज को धूमिल कर दिया है। देर रात तक अनावश्यक मनोरंजन में डूबे रहना, असंतुलित दिनचर्या, अस्वस्थ खान-पान और फैशन की अंधी दौड़ ने उनके शरीर और मन दोनों को कमजोर किया है। जबकि एक युवा के व्यक्तित्व में ऊर्जा, उत्साह, दृढ़ निश्चय और कर्मठता का संचार होना चाहिए। राष्ट्र का भविष्य उन्हीं कंधों पर टिका होता है जिनमें सामर्थ्य, चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा का बल हो। यदि युवा स्वयं ही शारीरिक, मानसिक और नैतिक रूप से दुर्बल हो जाएँ, तो राष्ट्र की प्रगति कैसे संभव होगी? कृत्रिमता के इस युग में मनुष्य बाहरी सजावट से अपनी वास्तविकता को ढकने का प्रयास करता है, परन्तु सच्चाई यह है कि कृत्रिम सौंदर्य कभी भी नैसर्गिक शक्ति और आत्मविश्वास का स्थान नहीं ले सकता। जिस प्रकार सूखी जड़ वाला वृक्ष ऊपर से हरा दिखाया जाए तो भी वह अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता, उसी प्रकार यदि युवा केवल बाहरी आडंबर में उलझे रहेंगे और आत्मिक विकास की ओर ध्यान नहीं देंगे, तो उनका व्यक्तित्व खोखला रह जाएगा। राष्ट्र निर्माण के लिए ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जिनकी जड़ें मजबूत हों, जिनके भीतर आत्मसंयम और आत्मविश्वास की गहरी नींव हो। भारत की सांस्कृतिक परंपरा ने सदैव संयम, तप और साधना को महत्व दिया है। यहाँ जीवन को केवल भोग का साधन नहीं, बल्कि साधना का अवसर माना गया है। स्वामी विवेकानन्द जब विश्व धर्म सम्मेलन में भाग लेने के लिए शिकागो गए, तब भी उन्होंने अपने संस्कारों और संयम को नहीं छोड़ा। उनके तेजस्वी व्यक्तित्व का रहस्य बाहरी आकर्षण नहीं, बल्कि भीतर की पवित्रता और आत्मबल था। यही आत्मबल युवाओं को अपनाना होगा। जब युवा अपने चरित्र को दृढ़ बनाते हैं, तब वे समाज में विश्वास और प्रेरणा के स्तंभ बनते हैं। आज देश अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, उद्योग, राजनीति और सामाजिक जीवन में नई संभावनाएँ उभर रही हैं। इन संभावनाओं को साकार करने की जिम्मेदारी युवाओं पर ही है। देश की बागडोर उनके हाथ में है, इसलिए उन्हें केवल अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधा तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना चाहिए। देश के प्रति समर्पण केवल नारों से सिद्ध नहीं होता, बल्कि अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम से प्रकट होता है। जब युवा अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा से करते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। युवाओं का प्रथम कर्तव्य है कि वे स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाएं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, व्यायाम और योग से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही अध्ययन, चिंतन और सत्साहित्य के माध्यम से बुद्धि का विकास होता है। ज्ञान से ही विवेक उत्पन्न होता है और विवेक से ही सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। जब युवा विवेकशील बनेंगे, तब वे समाज को सही दिशा दे सकेंगे। दूसरा महत्वपूर्ण कर्तव्य है नैतिक मूल्यों का पालन। ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, करुणा और सहयोग की भावना ही समाज को जोड़ती है। यदि युवा भ्रष्टाचार, छल और स्वार्थ से दूर रहकर आदर्श जीवन जिएँगे, तो समाज में विश्वास की नींव मजबूत होगी। राष्ट्र का निर्माण केवल सड़कों और भवनों से नहीं, बल्कि सुदृढ़ चरित्र वाले नागरिकों से होता है। युवाओं को यह समझना होगा कि उनका प्रत्येक कार्य देश के भविष्य को प्रभावित करता है। तीसरा कर्तव्य है सामाजिक जागरूकता और सक्रिय भागीदारी। युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा प्रसार, स्वच्छता अभियान, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक समरसता जैसे कार्यों में आगे आना चाहिए। वे नई सोच और नवाचार के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। तकनीकी दक्षता और रचनात्मकता के बल पर वे विश्व पटल पर भारत की प्रतिष्ठा को ऊँचा उठा सकते हैं। जब युवा अपने कौशल और प्रतिभा को राष्ट्रहित में समर्पित करते हैं, तब देश प्रगति की नई ऊँचाइयों को छूता है। आज आवश्यकता है कि युवा कृत्रिम आकर्षणों से ऊपर उठकर वास्तविक जीवन मूल्यों को अपनाएँ। संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं, बल्कि अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग करना है। जब इन्द्रियाँ भोग से हटकर योग की ओर उन्मुख होती हैं, तब व्यक्ति में अद्भुत शक्ति का संचार होता है। यही शक्ति राष्ट्र निर्माण का आधार बनती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने भीतर आत्मगौरव और राष्ट्रगौरव की भावना को जागृत करें। भारत का भविष्य उज्ज्वल तभी होगा जब उसकी युवा पीढ़ी जागरूक, अनुशासित और समर्पित होगी। आज का युवा यदि अपने वर्तमान को संवार ले, तो उसका कल स्वयं ही स्वर्णिम हो जाएगा। देश की प्रगति किसी एक नेता या संस्था पर निर्भर नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सामूहिक प्रयास पर आधारित है। जब प्रत्येक युवा यह संकल्प लेगा कि वह अपने जीवन को राष्ट्र के हित में उपयोग करेगा, तब भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा।

# सकारात्मकता बनाम नकारात्मकता की राजनीति

**भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व केवल सत्ता का प्रश्न नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और राष्ट्रहित की प्राथमिकता का प्रश्न होता है। जब राजनीतिक विमर्श विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा पर केंद्रित होता है, तब देश आगे बढ़ता है। परंतु जब राजनीति का केंद्र बिंदु केवल विरोध, अविश्वास और व्यक्तिगत आक्षेप बन जाता है, तब उसका प्रभाव व्यापक राष्ट्रीय मनोविज्ञान पर पड़ता है। पिछले एक दशक से अधिक समय में भारतीय राजनीति में जो वैचारिक टकराव दिखाई देता है, वह केवल दो नेताओं या दो दलों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि सकारात्मकता और नकारात्मकता के बीच एक गहन मनोवैज्ञानिक और वैचारिक संघर्ष है। सकारात्मकता का अर्थ यह नहीं कि समस्याओं को नकार दिया जाए। इसका अर्थ है समस्याओं को स्वीकार कर समाधान की दिशा में बढ़ना। आलोचना को सुधार के अवसर में बदलना और व्यक्तिगत आक्षेपों से ऊपर उठकर संस्थागत मजबूती पर ध्यान देना। जब कोई नेतृत्व सकारात्मक दृष्टि रखता है, तो वह आलोचना के बावजूद कार्य करता है।**






जितेन्द्र कुमार सिन्हा
लेखक

मानव जीवन में विचारों की भूमिका अत्यंत निर्णायक होती है। सकारात्मक विचार जहाँ समस्त इंद्रियों को एकाग्र कर व्यक्ति को विकास, सृजन और उन्नति की ओर अग्रसर करते हैं, वहीं नकारात्मकता मन, मयार्दा, धन, बल और यश को क्षीण करती हुई लक्ष्य से भटका देती है। यही सिद्धांत व्यक्तिगत जीवन से लेकर राष्ट्रीय राजनीति तक समान रूप से लागू होता है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व केवल सत्ता का प्रश्न नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और राष्ट्रहित की प्राथमिकता का प्रश्न होता है। जब राजनीतिक विमर्श विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा पर केंद्रित होता है, तब देश आगे बढ़ता है। परंतु जब राजनीति का केंद्र बिंदु केवल विरोध, अविश्वास और व्यक्तिगत आक्षेप बन जाता है, तब उसका प्रभाव व्यापक राष्ट्रीय मनोविज्ञान पर पड़ता है। पिछले एक दशक से अधिक समय में भारतीय राजनीति में जो वैचारिक टकराव दिखाई देता है, वह केवल दो नेताओं या दो दलों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि सकारात्मकता और नकारात्मकता के बीच एक गहन मनोवैज्ञानिक और वैचारिक संघर्ष है। सकारात्मकता का अर्थ यह नहीं कि समस्याओं को नकार दिया जाए। इसका अर्थ है समस्याओं को स्वीकार कर समाधान की दिशा में बढ़ना। आलोचना को सुधार के अवसर में बदलना और व्यक्तिगत आक्षेपों से ऊपर उठकर संस्थागत मजबूती पर ध्यान देना। जब कोई नेतृत्व सकारात्मक दृष्टि रखता है, तो वह आलोचना के बावजूद कार्य करता है। वह स्वयं को सिद्ध करने के लिए काम करता है, न कि दूसरों को गिराने के लिए। नकारात्मक राजनीति के कुछ लक्षण स्पष्ट होते हैं। निरंतर अविश्वास का वातावरण बनाना। राष्ट्र की उपलब्धियों को संदेह की दृष्टि से देखना। हर नीति में विफलता ढूँढना और विरोध को ही अस्तित्व का आधार बना लेना। ऐसी राजनीति अल्पकालिक लाभ दे सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह राजनीतिक विश्वसनीयता को कमजोर करती है। भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा संसदीय लोकतंत्र है। यहाँ सरकार को संसद के प्रति उत्तरदायी माना गया है। यदि बहुमत का विश्वास समाप्त हो जाए, तो सरकार गिर सकती है। इसी संदर्भ में ह्लअविश्वास प्रस्तावह्व एक संवैधानिक औजार है। भारतीय संसदीय इतिहास में अब तक अनेक बार अविश्वास प्रस्ताव लाए गए हैं। संविधान और संसदीय नियमों के तहत यह विपक्ष का अधिकार है। पूर्व में लगभग 27 बार अविश्वास प्रस्ताव लाया गया और दो अवसरों पर सरकार को पद छोड़ना पड़ा। एक अवसर पर मोरारजी देसाई ने बहुमत परीक्षण से पहले ही इस्तीफा देना उचित समझा। दूसरे अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार मात्र एक वोट से पराजित हुई। इन घटनाओं ने भारतीय लोकतंत्र की गंभीरता और संवैधानिक मजबूती को सिद्ध किया। लोकसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के विरुद्ध भी प्रस्ताव लाने की परंपरा रही है। इतिहास में ऐसे प्रयोग कांग्रेस और भाजपा, दोनों ने विभिन्न परिस्थितियों में किया है। चटर्जी और महाजन के संदर्भ में भी ऐसी राजनीतिक परिस्थितियाँ बनीं थी। परिणाम अधिकांशतः यह रहा कि यदि सरकार के पास बहुमत है, तो प्रस्ताव प्रतीकात्मक रह जाता है। यह संसदीय रणनीति का हिस्सा होता है, लेकिन अंतिम निर्णय संख्याबल तय करता है। अविश्वास प्रस्ताव केवल सरकार गिराने का प्रयास नहीं होता है। यह एक राजनीतिक संदेश भी होता है। विपक्ष के लिए यह अवसर होता है अपनी बात देश के सामने रखने का। सरकार को कटघरे में खड़ा करने का और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करने का। लेकिन यदि यह पहल केवल व्यक्तिगत विरोध या प्रतिद्वंद्वी को कमजोर साबित करने तक सीमित रह जाए, तो उसकी प्रभावशीलता घट जाती है। आलोचकों का मानना है कि पिछले वर्षों में राहुल गांधी की राजनीति का एक केंद्रीय बिंदु नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को चुनौती देना रहा है। यह लोकतांत्रिक अधिकार है। लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या यह चुनौती केवल आलोचना तक सीमित रही या इसके साथ कोई ठोस वैकल्पिक नीति-दृष्टि भी प्रस्तुत की गई? यदि राजनीति का केंद्र ह्लकिसी को कमजोर साबित करनाह्व बन जाए, तो वह राष्ट्रहित की व्यापक चर्चा से दूर हो जाती है। लोकतंत्र में विरोध आवश्यक है, लेकिन रचनात्मक विरोध अधिक प्रभावी होता है। पिछले वर्षों में भारत ने अवसंरचना, डिजिटल तकनीक, अंतरिक्ष, रक्षा, विदेश नीति और सामाजिक कल्याण योजनाओं में व्यापक विस्तार देखा है। सरकार का दावा है कि यह ह्लविकास केंद्रित राजनीतिह्व का परिणाम है। सकारात्मक नेतृत्व के कुछ संकेत हैं दीर्घकालिक नीतियाँ। वैश्विक मंचों पर सक्रियता। आत्मनिर्भरता की दिशा में पहल और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा। वहीं एक स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष का दायित्व है सरकार को जवाबदेह रखना। वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करना और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करना। यदि विपक्ष केवल आलोचना करे और ठोस विकल्प न दे, तो वह जनता के विश्वास को स्थायी रूप से अर्जित नहीं कर पाता है। राजनीति में नीयत (ल्लइील्ल३ङ्मल्ल) और नीति (स्रङ्म्र्'ूि८) दोनों का महत्व है। कई बार राजनीतिक असफलता का कारण रणनीति नहीं, बल्कि धारणा होती है। ह्लकृपलानी से शुरू सफर बिड़ला तकह्व की बात करें तो संसदीय इतिहास में अनेक अध्यक्ष आए और गए। लेकिन हर बार विवाद का मूल कारण नीयत और राजनीतिक वातावरण रहा है। यदि किसी प्रस्ताव का उद्देश्य संस्थागत सुधार न होकर राजनीतिक संदेश मात्र हो, तो उसका परिणाम पूवार्नुमेय होता है।

## हाथ से लिखना: तेज रफ्तार समय में मन का ठहराव

डॉ. प्रियंका सौरभ

आज का समय गति का है। सुबह आँख खुलते ही मोबाइल स्क्रीन चमकने लगती है, सूचनाओं की बाढ़ हमारे भीतर उतरने लगती है और दिन कब शुरू होकर कब थकान में बदल जाता है, पता ही नहीं चलता। ई-मेल, व्हाट्सऐप, नोटिफिकेशन और सोशल मीडिया-सब मिलकर हमारे ध्यान, हमारी भावनाओं और हमारे समय पर लगातार दावा करते रहते हैं। इस डिजिटल युग में संवाद तो बढ़ा है, लेकिन आत्मसंवाद कहीं पीछे छूट गया है। ऐसे में हाथ से लिखने जैसी सरल, शांत और आत्मीय प्रक्रिया का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ जाता है हाथ से लिखना सिर्फ.शब्दों को कागज पर उतारना नहीं है, यह मन को गति से बाहर निकालकर ठहराव की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। जब हम कलम उठाते हैं, तो शरीर और मस्तिष्क एक लय में आते हैं। उँगलियों की गति, स्याही की धार और कागज का स्पर्श-ये सब मिलकर हमारे भीतर चल रहे शोर को धीरे-धीरे शांत करने लगते हैं। यही कारण है कि दिन के अंत में, सोने से पहले यदि कोई व्यक्ति अपनी दिनचर्या की पाँच पंक्तियाँ भी लिख लेता है, तो उसे एक अनकहा सुकून मिलता है-ऐसा सुकून जिसे शब्दों में बाँध पाना कठिन होता है। आज की जीवनशैली में तनाव, चिंता और अनिद्रा आम समस्याएँ बन चुकी हैं। हम दिन भर दूसरों के लिए सोचते हैं-काम के लिए, परिवार के लिए, समाज के लिए-लेकिन अपने मन से बातचीत का समय शायद ही निकाल पाते हैं। लिखना इस कमी को पूरा करता है। जब हम अपने अनुभव, भावनाएँ और विचार कागज पर उतारते हैं, तो हम उन्हें स्वीकार करते हैं। यह स्वीकार्यता ही मानसिक शांति की पहली सीढ़ी है। मन के भीतर जो बातें उलझन बनकर घूमती रहती हैं, वे लिखते ही स्पष्ट होने लगती हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि हाथ से लिखना मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय करता है, जो भावनात्मक संतुलन और स्मृति से जुड़े होते हैं। डिजिटल टाइपिंग की तुलना में हाथ से लिखे शब्दों का प्रभाव अधिक गहरा होता है, क्योंकि इसमें सोच और लिखने के बीच सीधा संबंध बनता है। यही कारण है कि जब हम अपनी परेशानियाँ, डर या थकान लिखते हैं, तो उनका बोझ हल्का महसूस होने लगता है। यह प्रक्रिया एक तरह की आत्मचिकित्सा बन जाती है-बिना किसी दवा, बिना किसी खर्च के। रात के समय लिखने की आदत विशेष रूप से प्रभावी मानी जाती है। दिन भर की घटनाएँ, भावनाएँ और प्रतिक्रियाएँ मन में जमा रहती हैं। यदि हम उन्हें वहीं छोड़कर सो जाते हैं, तो वे नींद में भी हमारा पीछा करती हैं। लेकिन जब हम सोने से पहले उन्हें लिख देते हैं, तो मन को संकेत मिलता है कि अब दिन पूरा हो चुका है। यह संकेत नींद की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है। पाँच पंक्तियाँ ही सही-आज क्या अच्छा हुआ, क्या कठिन लगा, किस बात ने मुस्कुराया, किस बात ने सिखाया-इतना लिखना भी पर्याप्त है। हाथ से लिखना हमें ईमानदार बनाता है। यहाँ न कोई लाइक है, न कोई टिप्पणी, न कोई बाहरी मूल्यांकन। यह एक निजी स्थान है, जहाँ हम बिना डर के अपने सच को रख सकते हैं। कई बार हम समाज के डर से या दूसरों की अपेक्षाओं के कारण अपनी भावनाओं को दबा लेते हैं। लिखना उन्हें सुरक्षित रास्ता देता है। कागज हमारा गवाह बनता है-न्याय नहीं करता, बस सुनता है। आज बच्चों और युवाओं के जीवन में भी यह आदत अत्यंत आवश्यक हो गई है। डिजिटल शिक्षा और स्क्रीन-आधारित मनोरंजन ने उनकी लेखन क्षमता और एकाग्रता को प्रभावित किया है। हाथ से लिखने की आदत न केवल भाषा और अभिव्यक्ति को सशक्त बनाती है, बल्कि धैर्य और अनुशासन भी सिखाती है। जब बच्चा या युवा अपने मन की बात लिखना सीखता है, तो वह भावनात्मक रूप से अधिक संतुलित बनता है। यह मानसिक स्वास्थ्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। इतिहास गवाह है कि लेखन हमेशा से आत्ममंथन का साधन रहा है। डायरी लिखना, पत्र लिखना या विचारों को नोट करना-ये सब परंपराएँ केवल साहित्यिक नहीं थीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी थीं। आज जब हम इन परंपराओं से दूर हो रहे हैं, तब अवसाद और अकेलापन बढ़ रहा है। यह संयोग नहीं, बल्कि संकेत है कि हमें फिर से अपनी जड़ों की ओर लौटने की जरूरत है। यह कहना भी आवश्यक है कि हाथ से लिखना तकनीक का विरोध नहीं है। तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन संतुलन बनाए रखना हमारी ज़िम्मेदारी है। जैसे शरीर के लिए व्यायाम आवश्यक है, वैसे ही मन के लिए लिखना आवश्यक हो सकता है। दिन में भले ही हम डिजिटल माध्यमों पर निर्भर रहें, लेकिन रात को अपने लिए कुछ पल निकालना-कागज और कलम के साथ-एक स्वस्थ आदत है। कई लोग यह सोचकर लिखना शुरू नहीं करते कि उन्हें अच्छा लिखना नहीं आता। लेकिन लिखने का उद्देश्य साहित्य रचना नहीं, बल्कि मन की सफाई है। यहाँ व्याकरण, शैली या सुंदर शब्दों की आवश्यकता नहीं। जो जैसा महसूस हो, वैसा लिख देना ही पर्याप्त है।

# महिला उद्यमिता की नई उड़ान: सीएम नीतीश ने 25 लाख महिलाओं के खाते में भेजी धन राशि

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। बिहार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा राज्य की 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में स्वरोजगार शुरू करने के लिए 10 हजार रुपये की प्रथम किस्त की राशि का सीधा अंतरण किया गया।

सारण जिले में भी दिखा भारी उत्साह: इस राज्यव्यापी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छपरा स्थित समाहरणालय सभागार में वेबकास्टिंग के माध्यम से किया गया। इस गौरवशाली क्षण का गवाह बनने के लिए जिलाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव सहित जिले के आला अधिकारी और सैकड़ों की संख्या में जीविका दीदियाँ उपस्थित रहीं। सारण जिले के लिए आज का दिन विशेष रहा, जहाँ एक साथ 83,103 महिलाओं के खाते में राशि भेजी गई।



योजना की प्रमुख विशेषताएँ: जिले में अब तक कुल 5,62,562 महिलायें इस योजना का लाभ उठाकर अपने पैरों पर खड़ी हो चुकी हैं।

इस योजना की सबसे खास बात यह है कि जो महिलाएँ इस प्रथम किस्त का सदुपयोग कर अपना व्यवसाय सफलतापूर्वक स्थापित करेंगी, उन्हें अपने बिजनेस को विस्तार देने के लिए सरकार द्वारा 2 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाएं सीधे मुख्यमंत्री के संबोधन से जुड़ीं और सरकार की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने की ताकत रखती है। उन्होंने महिलाओं से इस राशि का सही उपयोग कर आत्मनिर्भर बनने की अपील की।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत सारण में 83,103 महिलाओं को 10,000 की मिली सहायता राशि

छपरा। जिला समाहरणालय, सारण में सोमवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना अंतर्गत राज्य की 25 लाख महिला लाभुकों के बैंक खातों में 2,500 करोड़ की राशि का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण किया। प्रत्येक लाभुक महिला को 10,000 की वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे वे स्वरोजगार के अवसर विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस अवसर पर सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। उन्होंने लाभुक महिलाओं से संवाद कर योजना के प्रभाव और उनके अनुभवों की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि प्राप्त राशि से उन्होंने सिलाई, बुनाई, किराना दुकान, पशुपालन एवं कृषि आधारित कार्यों की शुरूआत की है, जिससे उनकी आय में वृद्धि और आत्मविश्वास में सुदृढ़ता आई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने सभी जीविका कर्मियों एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। सारण से लगभग 200 जीविका दीदियों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। सोमवार को सारण जिले की 83,103 महिला लाभुकों के खातों में 10,000 की राशि सफलतापूर्वक हस्तांतरित की गई। अब तक जिले में कुल 5,62,562 महिलाओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक श्री अरुण कुमार सहित जीविका जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# छपरा में सक्षम संरक्षण अभियान का व्यापक प्रभाव, ईंधन बचत और पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प

- पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बना रहे हैं अभिषेक सिंह, भारतगैस एजेंसी की सराहनीय पहल

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सक्षम संरक्षण अभियान के अंतर्गत आज छपरा शहर में एक प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ओम इंटरप्राइजेज भारतगैस एजेंसी के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग, पर्यावरण सुरक्षा तथा सतत विकास के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में भारत पेट्रोलियम के सारण क्षेत्र के विक्रय पदाधिकारी उदय प्रकाश की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणादायी विचारों से कार्यक्रम को नई दिशा मिली। इस अवसर पर ओम इंटरप्राइजेज भारतगैस के संचालक अभिषेक सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सुजाता सिंह भी उपस्थित थी।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पौधों का वितरण किया गया, जिससे लोगों को प्रकृति से जुड़ने और हरित वातावरण के संरक्षण का संदेश मिला। इसके साथ ही साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि ईंधन की बचत केवल आर्थिक ही नहीं बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। साइकिल रैली में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और एजेंसी कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

टीम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को सक्षम संरक्षण अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को रसोई गैस के सुरक्षित उपयोग, अनावश्यक ईंधन खपत से बचाव तथा स्वच्छ पर्यावरण के महत्व के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से समझाया गया। इस दौरान ईंधन बचाएं- पर्यावरण बचाएं' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

बता दें कि ओम इंटरप्राइजेज भारतगैस के संचालक अभिषेक सिंह द्वारा इस प्रकार के सामाजिक, पर्यावरणीय और जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहा है। उनके नेतृत्व में एजेंसी केवल व्यावसायिक दायित्वों तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकारों को भी पूरी निष्ठा से निभा रही है। पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सामाजिक जागरूकता उनके अभियानों की प्राथमिकता रही है।

कार्यक्रम की सफलता पर पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया गया। विशेष रूप से उदय प्रकाश के मार्गदर्शन और सहयोग को कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण बताया। भारत गैस एजेंसी के संचालक अभिषेक सिंह ने अपने संबोधन में सभी नागरिकों से अपील किया कि वे ईंधन का विवेकपूर्ण उपयोग करें और स्वच्छ, सुरक्षित व हरित भविष्य के निर्माण में अपना योगदान दें।

## संक्षिप्त खबरें

### कोलकाता में ट्रेन की चपेट में आकर पानापुर के युवक की मौत

पानापुर (सारण)। थाना क्षेत्र के मोरिया गांव के एक युवक की कोलकाता में ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। मृतक जयकिशुन महतो का 21 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार बताया जाता है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार राहुल अपने पिता के साथ कोलकाता में रहता था। उसके पिता मजदूरी करते थे जबकि राहुल ट्रक ड्राइवर था। सोमवार की सुबह वह घर आने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए हावड़ा स्टेशन आया था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गयी। राहुल की मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की मां रेशमी देवी, छोटे भाई नीरज एवं बहन लक्ष्मी एवं पूजा के करुण चीत्कार में उपस्थित हर किसी की आंखे नम हो जा रही थी। मृतक तीन भाइयों एवं दो बहनों में सबसे बड़ा था एवं उसकी शादी तय हो चुकी थी। बताया जाता है कि उसका छेका हो गया था लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

### एसीसी क्रिकेट क्लब आतानगर ने कप पर जमाया कब्जा

इसुआपुर। प्रखंड के पुरसौली पाण्डेय टोला गांव के देवी स्थान के पास खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में एसीसी क्रिकेट क्लब आतानगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी क्लब इसुआपुर से एक विकेट से जीत दर्ज कर कप पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच का उद्घाटन जिला पार्षद छविनाथ सिंह ने फीता काट कर किया। वहीं डॉ. ददन प्रसाद ने टॉस उछाला। जिसे जीतकर इसुआपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 164 रन ही बना पाई। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए आतानगर की टीम ने सधी हुई बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए एक विकेट से अंतिम क्षण में जीतकर लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के आकाश कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जबकि उपविजेता टीम के गोलू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। जदयू के जिला महासचिव पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, टूनार्मेंट के आयोजक रवि कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा ने संयुक्त रूप से विजेता टीम के कप्तान मोहन सिंह को ट्रॉफी प्रदान कर तथा अन्य खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर कर उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं उप विजेता टीम के कप्तान युवराज को टूनार्मेंट के आयोजक रवि कुशवाहा ने उप विजेता ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अंपायरिंग अजय कुमार एवं नेहाल सिंह ने किया। जबकि कमेंट्री अंजनी श्रीवास्तव और विकास कुमार ने की। स्कोरिंग की जिम्मेदारी खुद रवि कुमार ने संभाली।

# डीएम वैभव श्रीवास्तव ने सुनीं 63 फरियादें, राजस्व और आपदा से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई का अल्टीमेटम

- सुशासन के संकल्प को धरातल पर उतारता जिला प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। बिहार सरकार के ह्यलोक सेवा के अधिकारह्न और ह्यपारदर्शी शासनह्न के विजन को अमलीजामा पहनाते हुए सारण जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव द्वारा नियमित रूप से जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सप्ताह के प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की सीधी पहुंच आम जनता तक सुनिश्चित की जा रही है। सोमवार के जनता दरबार में कुल 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा, जिनमें से अधिकांश मामले राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित थे। जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रमुख मामलों पर तत्काल निर्देश जारी किए। जमीन विवाद पर कड़ा रुख मशरख के एक मामले में न्यायालय के आदेश के बावजूद विपक्षी द्वारा व्यवधान डालने की शिकायत पर डीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को संयुक्त रूप से जांच कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। श्रमिकों के मानदेय का सम्मान एकमा के एक कैथी अनुवादक द्वारा मानदेय भुगतान न होने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता को तत्काल जांच के आदेश दिए गए। आपदा राहत में संवेदनशीलता गरखा की एक महिला द्वारा पति की डूबने से हुई मृत्यु के बाद मुआवजे के लंबित होने की शिकायत पर डीएम ने अंचल अधिकारी को ऑन-द-स्पॉट फोन कर त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। सरकार की पहल का प्रभाव जनता के दरबार में जिलाधिकारी केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सरकार की उस पहल का हिस्सा है जहाँ प्रशासन खुद चलकर जनता के पास पहुँचता है। यह मंच न केवल फाइलों में दबी समस्याओं को बाहर निकाल रहा है, बल्कि बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर सीधा संवाद स्थापित कर रहा है। जिलाधिकारी का मानना है कि सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिले और उनकी जायज समस्याओं का समाधान समय सीमा के भीतर हो।

# आजमीन-ए-हज को सदर अस्पताल में लगाया टीका

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार हज कमेटी और अल्पसंख्यक आयोग के निदेशानुसार सोमवार को सदर अस्पताल में आजमीन-ए-हज को टीका लगाया गया. वहीं चिकित्सकों की टीम ने मेडिकल स्क्रीनिंग कर प्रमाणपत्र निर्गत किया. असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कैम्प में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ फिरोज कमर समेत अन्य चिकित्सकों की टीम ने हज पर जाने वाले तीर्थयात्रियों को टीका लगाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य जांच किया. मौके पर जिला हज ट्रेनर सह मदरसा मदीनतुल ओलूम के नाजिम-ए-आला जावेद आलम, हाजी तौकीर उस्मान अंसारी, हाजी मो अशरफ,



मौलाना अशफाक ने स्वयंसेवक के तौर पर आजमीन की सेवा की. उन्होंने हज के फर्ज, सुन्नत, वाजिबात व तमाम अराकान के विषय में समुचित जानकारी दिया. श्री आलम ने आजमीन को सुविधा प्रदान करने के लिये सिविल सर्जन एवं हज कमेटी ऑफ बिहार को धनयवाद दिया एवं हज यात्रियों को मुबारकबाद पेश किया.

# सीढ़ी के सहारे घर में घुस लाखों के सामान की चोरी

- चोरो ने थाना क्षेत्र के तुर्की गांव निवासी मदन राय के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए मूल्य के गहने एवं कीमती सामान किया चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर (सारण)। रविवार की रात चोरो ने थाना क्षेत्र के तुर्की गांव निवासी मदन राय के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए मूल्य के गहने एवं कीमती सामान की चोरी कर ली. घटना के संबंध में बताया जाता है कि मदन राय की दो पुत्रवधू है. एक पुत्रवधू अपने कमरे में ताला बंद कर मायके गयी है। रविवार की रात करीब ग्यारह बजे सीढ़ी के सहारे घर में घुसे चोरो ने दूसरी पुत्रवधू का कमरा बाहर से बंद कर दिया एवं बंद कमरे का ताला तोड़ बक्से एवं अटैची लेकर सीढ़ी के रास्ते ही फरार हो गये. चोरों ने घर के पीछे गेंहू के खेत में बक्से एवं अटैची तोड़कर उसमे रखे गहने एवं अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए. घर वालों को इस चोरी का पता तब लगा जब वे शौच के लिए जगे. बाहर से बंद कमरें को देख उसने शोर मचाया. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 एवं स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची एवं मामले की छानबीन की.

# एक महिला समेत तीन शराब तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिघवारा। थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग अलग जगहों में छापामारी कर एक महिला समेत तीन शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए 35 लीटर देसी शराब समेत शराब चुलाई में प्रयुक्त सामाग्री जब्त की है। पहली कार्रवाई थाना क्षेत्र के हेमंतपुर गांव में की गई। जहां एक घर में शराब चुलाई की सामग्री को जब्त करते हुए लगभग 750 लीटर अर्द्ध निर्मित शराब को विनष्ट करते कुल 20 लीटर शराब बरामद किया गया। मौके पर से पुलिस ने शराब तस्कर नायागांव थाने के कस्तूरी चक निवासी हरेश पासवान व एक महिला सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दुसरी कार्रवाई मानूपुर गांव की गई जहां घर के अंदर बाथरूम के पास गैलन में छुपा कर रखे 15 लीटर शराब बरामद करते हुए शराब तस्कर मानूपुर गांव निवासी चनेश्वर मांझी को गिरफ्तार किया गया है।

# पर्यावरणविदो के साथ किसानों ने निकाली पदयात्रा



प्रात : किरण संवाददाता

जलालपुर। कभी कई प्रखंडों की कृषि की जीवनरेखा रही तेल नदी को पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर सोमवार को सैकड़ों किसानों ने पर्यावरणविदों के साथ पदयात्रा निकाली। सरकार द्वारा तैयार डीपीआर को लागू कराने की मांग को लेकर यह यात्रा नवादा व कुमना पंचायत की सीमा पर स्थित सोता पुल से शुरू होकर हसुलाही, चतरा, रामनगर, टेकनिवास होते हुए ब्रम्हपुर स्थित सरयू नदी के स्लूइस गेट तक पहुंची। चार वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक विजय शंकर दूबे की पहल पर नदी की सफाई व जीर्णोद्धार को लेकर डीपीआर तैयार किया गया था। भटकेसरी से ब्रम्हपुर तक सफाई की विस्तृत योजना है, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। हाईकोर्ट पटना के अधिवक्ता सह किसान रजनीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि गाद व अतिक्रमण से नदी सिकुड़ गई है। पूर्व मुखिया फणींद्र कुमार सिंह ने बताया कि पहले इन खेतों में गेहूं, खेसारी व चना की भरपूर पैदावार होती थी। पर्यावरणविद् बीएनपी सिंह ने 70-80 करोड़ की अनुमानित लागत को सरकार के लिए संभव बताया। नदी बहेगी, फसल बचेगी जैसे नारों के बीच 11 सदस्यीय शिष्टमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। पदयात्रा में मनोहर मानव सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# आइडियल पब्लिक स्कूल के 10वें वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल

- शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का उत्थान एवं पूरे जगत का कल्याण होना चाहिए

प्रात : किरण संवाददाता




मांझी। आइडियल पब्लिक स्कूल, दाउदपुर का 10वां वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नंदलाल सिंह कॉलेज जैतपुर के डॉ प्रो. आशीष कुमार व स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र प्रसाद, प्राचार्य राजीव कुमार व रमाकांत प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के शुरूआत में प्रबंध निदेशक ने अंगवस्त्र से अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और विकास यात्रा की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि डॉ प्रो. आशीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या के बिना विकास सम्भव नही है, मगर गलत उपयोग किया जाय तो यह विनाश का कारण बन जाती है।

अतः यह जरूरी है कि बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ उसके सही मायने में उपयोग का भी मार्गदर्शन दिया जाय। शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति, समाज व राष्ट्र का उत्थान एवं पूरे जगत का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षकों व अभिभावकों के आपसी समन्वय से हीं बच्चों का समग्र शैक्षणिक विकास सम्भव है। ओमप्रकाश कुशवाहा, हरिमोहन सिंह गुड्डू, रघुनाथ प्रसाद व दाउदपुर मुखिया अभिषेक कुमार सिंह आदि ने स्कूल व्यवस्था की सराहना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। हर्षिता, कृति दिया, मानसी, चुलबुल, बुलबुल, अदिति, रितिका, खुशी, अनन्या, प्रियांशु, अभय, हर्षित, उत्कर्ष, आदि ने अपने नृत्य, गीत व लघु नाटक के माध्यम से अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन का सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन मो. मुस्तफा, निधि, खुशी व साक्षी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर शर्मा, राजेश शर्मा, अंकिता आदि का विशेष सहयोग रहा।

# इसुआपुर के सहवां नट बस्ती में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर हुई राख



प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के सहवां गांव के नट बस्ती में सोमवार की दोपहर चूल्हा की चिंगारी से झोपड़ी नुमा घर में आग लग गई। जिससे एक ही घर में रह रहे तीन परिवारों के लाखों रुपए मूल्य के जेवरात, राशन और साइकिल जलकर भस्म हो गया। पीड़ित लालती देवी, सुगांती देवी तथा गीता कुमार ने बताया कि हम लोग तीनों का परिवार एक ही झोपड़ी नुमा घर में रहता है। वहीं लालती देवी ने बताया कि मेरा 50 किलो चावल 25 किलो आटा, गहने तथा बक्से में रखे 5 हजार रुपए नगद सहित लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं सुगांती देवी ने बताया कि मैं बेटी की शादी के लिए जेवरात, कपड़े तथा साइकिल खरीद के रखी थी। सब कुछ जल कब नष्ट हो गया। लगभग 60 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति जल जाने की बात बताई। वहीं गीता कुंवर ने बताया कि मेरा 25 किलो चावल, 25 किलो आटा के साथ चार थान सोना चांदी के जेवरात और 10 हजार रुपए नकद जो अपने लड़के के इलाज के लिए रखी थी। यह सभी लगभग 70 हजार रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गया। ग्रामीण अनवर हुसैन, मिंटू कुमार सोनी, नितेश उपाध्याय व अन्य ग्रामीणों के काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जिससे बस्ती के अन्य घर जलने से बच गए।

# एमडीए अभियान में कम्युनिटी रेडियो बना जमीनी ताकत

- दवा सेवन से डर टूटा, भरोसा बढ़ा
- हर स्टेशन ने 10 गाँवों का चयन कर सुनिश्चित कराया दवा सेवन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में राज्य के 34 जिलों में 10 फरवरी से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर लोगों को फाईलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए समुदाय का दवा सेवन के प्रति भरोसा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस दिशा में कम्युनिटी रेडियो लोगों के भरोसे और भागीदारी का सबसे मजबूत माध्यम बनकर उभरा है। स्मार्ट संस्था के सहयोग से कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों ने केवल जानकारी प्रसारित करने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि गांव-गांव जाकर संवाद, सहभागिता और विश्वास के जरिए एमडीए को एक सरकारी कार्यक्रम से जन-आंदोलन में तब्दील करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। वहीं कम्युनिटी रेडियो ने एमडीए अभियान में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्थानों जैसे विद्यालय, महाविद्यालयों एवं विभिन्न गाँवों में कैंप आयोजित किए हैं। इस पहल से अधिक से अधिक लोगों को एमडीए एवं फाईलेरिया पर जागरूक करने में सफलता मिली है।

जब अभियान बना समुदाय की पहल: कई जिलों में कम्यूनिटी रेडियो ने पूर्व के एमडीए अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका भी निभाई। जहां कहीं दवा को लेकर झिझक या आशंका दिखी, वहां रेडियो कर्मियों ने खुद आगे आकर दवा खाई और समुदाय के साथ खड़े हुए। इससे यह संदेश गया कि एमडीए सुरक्षित है और सभी के लिए जरूरी है। रेडियो टीमों की सक्रिय भागीदारी से एमडीए शिविर और ग्राम बैठकों में लोगों की भागीदारी बढ़ी।

स्टूडियो से निकलकर गांवों तक पहुंच: कम्युनिटी रेडियो ने अपनी भूमिका को स्टूडियो तक सीमित नहीं रखा। हर स्टेशन ने लगभग 10 गांवों को चिन्हित कर 100 प्रतिशत कवरेज के लक्ष्य के साथ काम किया। डोर-टू-डोर संपर्क, नैरो-कास्टिंग, गांव की बैठकों और नाइट ब्लड सर्वे जैसे अभियानों में रेडियो टीमों ने सक्रिय सहयोग दिया। फाइलेरिया क्या है, एमडीए क्यों जरूरी है और दवा से कोई नुकसान नहीं होता—इन सवालों का जवाब स्थानीय भाषा और उदाहरणों के जरिए दिया गया, जिससे डर और अफवाहों पर प्रभावी रोक लगी।

योजनाबद्ध और भरोसेमंद संवाद हुआ कारगर: एमडीए को लेकर रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम सिर्फ सामान्य संदेश नहीं थे, बल्कि स्वास्थ्य अधिकारियों के परामर्श से तैयार किए गए प्रभावी संदेश थे। फाइलेरिया विशेषज्ञों, राज्य कार्यक्रम अधिकारियों और जिला मलेरिया अधिकारियों के इंटरव्यू से तकनीकी जानकारी को सरल भाषा में लोगों तक पहुंचाया गया। प्रधान, कोटेदार, आशा, एमओआईसी, सीएस, डीएम और स्वयं फाइलेरिया मरीजों की आवाज ने कार्यक्रमों को और विश्वसनीय बनाया। सभी कंटेंट को साझा प्लेटफॉर्म और नियमित समन्वय के जरिए एकसार संदेश के रूप में आगे बढ़ाया गया।

बेहतर समन्वय बना प्रभावी: कम्युनिटी रेडियो ने आशा, आंगनवाड़ी, आईसीडीएस और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ मिलकर काम किया।

सवाल-जवाब आधारित कार्यक्रमों के जरिए दवाओं के साइड-इफेक्ट और मिथकों पर खुलकर चर्चा की गई। इससे रेडियो पर सुनी बात और जमीनी अनुभव के बीच का भरोसे का अंतर खत्म हुआ।

# जिलाधिकारी ने राजस्व एवं भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने आज राजस्व एवं भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा की। व्यवहार न्यायालय में संचालित जमीन से संबंधित लंबित वादों के संबंध में आवश्यक जानकारी विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से प्राप्त विभिन्न पत्रों में दिए गए महत्वपूर्ण निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। सभी अंचलाधिकारियों को खातियानी सरकारी जमीन पर जहाँ भी गलत जमाबन्दी कायम है, इसकी सूची जमाबन्दी रद्दीकरण के लिये प्रस्ताव के साथ भेजने का निदेश दिया गया है।

अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिये दरियापुर, मढ़ौरा, बनियापुर, इसुआपुर, एकमा, सदर छपरा एवं नगरा अंचलाधिकारी को उपयुक्त स्थल पर जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। ई-मापी के सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन से संबंधित मुआवजे के भुगतान में तेजी लाकर भू-अर्जन की प्रक्रिया को पूरा करने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक एन.एच.ए.आई., कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल छपरा/सोनपुर, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

### होली विशेष गाड़ी का संचलन 26 से

छपरा। रेलवे प्रशासन द्वारा होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 03131/03132 सियालदह-गोरखपुर-सियालदह होली विशेष गाड़ी का संचलन सियालदह से 26 फरवरी तथा 02 एवं 05 मार्च, 2026 को तथा गोरखपुर से 27 फरवरी तथा 03 एवं 06 मार्च, 2026 को 03 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। गाड़ी संख्या 03131 सियालदह-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 26 फरवरी तथा 02 एवं 05 मार्च, 2026 को सियालदह से 23.50 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन नैहाटी से 00.42 बजे, बैण्डेल से 01.14 बजे, बर्द्धमान से 02.06 बजे, दुर्गापुर से 03.08 बजे, आसनसोल से 03.41 बजे, चित्तरंजन से 04.06 बजे, मधुपुर से 04.45 बजे, जसीडीह से 05.12 बजे, झाझा से 07.00 बजे, किऊल से 07.50 बजे, बरौनी से 10.25 बजे, शाहपुर पटोरी से 11.12 बजे, हाजीपुर से 12.10 बजे, सोनपुर से 12.22 बजे, छपरा से 14.20 बजे, सीवान से 15.25 बजे तथा देवरिया सदर से 16.32 बजे छूटकर गोरखपुर 18.00 बजे पहुँचेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तरारी में हेरोइन कनेक्शन पर पुलिस का शिकंजा, फरार आरोपी दबोचा गया

तरारी आरा। मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही बिहार पुलिस को तरारी में बड़ी सफलता मिली है। सिकरहटा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को चंदा गांव से दबोचकर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सिकरहटा थानाध्यक्ष सनोज कुमार ने बताया कि 8 जनवरी 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम ने देव पंचायत के चंदा गांव में छापेमारी कर 18 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उस दौरान उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। इस संबंध में कांड संख्या 01/26 दर्ज कर दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में चंदा गांव निवासी लल्लू मियां के पुत्र राजा उर्फ मो. जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष ने साफ कहा कि इलाके में नशे के कारोबार को किसी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। पुलिस ने संकेत दिया है कि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों पर भी जल्द कार्रवाई होगी।

### शहर में जाम कि समस्या का बडा कारण बाहरी टोटो

गया जी। गया शहर में जाम की समस्या मे आम जनता पेरशानी करनी पड़ रही है। सबसे ज्यादा जाम से मरिजो और बिमार व्यक्ति को काफी दिक्कत हो रही है। इस पर नगर परिवहन विभाग और यातयात प्रशासन द्वारा कोई टोटो की चेकिग नही होने से काफी दिक्कत हो रही है। महिलाओं को काफी दिक्कत हो रही है महिलाओं के साथ बाहरी बिहार शरिफ से आकर गया मे टोटो चालक चला रहे हैं लेकिन करवाई होनी चाहिए।मेट्रीक परिक्षा में सम्मिलित परिक्षार्थियों को मनमानी वसुलना का डर है। इसपर करवाई होनी चाहिए।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का उद्घाटन

आरा। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का उद्घाटन सोमवार को उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से आए एनएसएस स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। विविध भाषाओं, वेशभूषाओं और संस्कृतियों का संगम इस शिविर में देखने को मिल रहा है, जिससे परिसर में राष्ट्रीय एकता की अनूठी झलक दिखाई दे रही है।शिविर का उद्घाटन वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी और राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा, कुलसचिव डॉ राम कृष्ण ठाकुर, क्षेत्रिय अधिकारी विनय कुमार, प्राचार्य प्रो नवीन कुमार, समन्वयक डॉ साधना रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा स्वयंसेवकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व की भावना को साकार करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों से आए युवा जब एक मंच पर साथ रहते हैं, सीखते हैं और कार्य करते हैं, तो आपसी समझ, सहयोग और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना के साथ समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।मौके पर कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारत विश्वगुरु तब तक रहा जब तक बिहार आगे रहा।जब तक बिहार आगे रहा भारत भी आगे रहा। बिहार के अंदर मेधा शक्ति है।यहां के विद्यार्थी हर जगह छाए है।उम्मीद करता हूं कि यहां आए विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी के यहां से जायेंगे तो परंपरा को लें जायेंगे। बिहार नंबर वन रहेगा तब देश भी नंबर वन रहेगा। सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। एनएसएस के माध्यम से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित होती है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और आयोजन समिति की सराहना की।राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सासाराम में आज मिनी भारत का दृश्य है।यहां देश के 16 राज्यों के विभिन्न स्थानों के विद्यार्थी इकट्ठा होकर खूबसूरती बढ़ा रहे है। उन्होंने राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के थीम एक भारत श्रेष्ठ भारत पर विस्तार से प्रकाश डाला।कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य भी यहीं है।प्रधानमंत्री की सोच है कि श्रेष्ठ भारत बने भारत। हम जज्बा से ही श्रेष्ठ भारत बना सकते हैं।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उपलब्धियों पर खुशी जताई। कह की हम अगर निर्वाण ठीक से करेंगे तो निश्चित रूप से हमारा भारत विकसित भारत बनेगा।

# भोजपुर की 45 हजार महिलाओं को मिली सहायता राशि स्वरोजगार की मिसाल बनीं जीविका दीदियां

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 25 लाख महिला लाभुकों के बैंक खातों में 10,000 प्रति लाभुक की दर से कुल 2500 करोड़ की राशि का प्रत्यक्ष अंतरण किया गया। इस अवसर पर भोजपुर जिले की लगभग 45,000 महिला लाभुकों को भी योजना के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिले में अब तक कुल 4,15,376 महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हो चुकी हैं। पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए कई महिला लाभुकों द्वारा स्वरोजगार की शुरूआत की गई है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। चरपोखरी प्रखंड के खुशी जीविका समूह की अनीता देवी ने किराना दुकान खोलकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया है। वहीं बड़हरा प्रखंड की अनीता कुंवर ने योजना से प्राप्त 10,000 की सहायता से मिठाई दुकान की स्थापना की है। पीरो प्रखंड की कमला देवी ने अपने गांव में फोटोकॉपी का व्यवसाय शुरू कर ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराई है। इस संबंध में भोजपुर डीएम तनय सुलतानिया ने बताया कि योजना के तहत प्राप्त आर्थिक सहायता से जीविका दीदियां नए-नए उद्योग एवं नवाचार स्थापित कर रही हैं, जिससे परिवार के साथ-साथ ग्राम संगठन की आय में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि जीविका दीदियों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में 14 स्थानों पर जीविका मार्ट एवं लाइब्रेरी भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

## कचनथ मोड़ पर स्कॉर्पियो ने रौंदा, 45 वर्षीय व्यक्ति गंभीर घायल

प्रात : किरण संवाददाता



पीरो (आरा)। तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग ने एक और जानलेवा हादसे को जन्म दे दिया। पीरो अनुमंडल के हसनबाजार थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा सासाराम स्टेट हाईवे स्थित कचनथ मोड़ के समीप अज्ञात स्कॉर्पियो की चपेट में आने से 45 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। घायल की पहचान रमसीड़ीह गांव निवासी अवधेश सिंह (पिताझ्रराजगृही सिंह) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने ननिहाल देचना गांव से अपनी मां को छोड़कर घर लौट रहे थे, तभी कचनथ मोड़ के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। सूचना मिलते ही हसनबाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मानवता का परिचय देते हुए घायल को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीरो पहुंचाया। वहां तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि कुमार ,डा० महाबीर प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि फरार चालक की पहचान हो सके। इलाके में इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम लगाने की मांग उठ रही है।

## बिहिया में तीन केन्द्रों पर 2176 छात्राएं देंगी मैट्रिक की परीक्षा

**शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर प्रशासन ने की तैयारी**

प्रात : किरण संवाददाता

बिहिया। बिहिया नगर स्थित तीन परीक्षा केन्द्रों पर मंगलवार से प्रारंभ हो रही मैट्रिक परीक्षा में 2176 छात्राएं शामिल होंगी. परीक्षा के स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में सफल आयोजन को लेकर प्रशासन ने अपनी पूरी तैयारियां कर ली हैं. जानकारी के अनुसार नगर स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर प्रथम पाली में 417 एवं दूसरी पाली में 387 यानि कुल 804 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी. कस्तूरबा प्लस टू उच्च विद्यालय केन्द्र पर कुल 691 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगी जिनमें प्रथम पाली में 337 एवं द्वितीय पाली में 354 छात्राएं हैं. वहीं यूनिवर्सल प्लस टू पब्लिक स्कूल केन्द्र पर प्रथम पाली में 438 एवं द्वितीय पाली में 243 छात्राएं परीक्षा देंगी. प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9.30 से जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से प्रारंभ होगी. परीक्षार्थियों को परीक्षा के प्रारंभ होने के समय से आधा घंटा पूर्व तक केन्द्र में प्रवेश कर जाना है अन्यथा गेट बंद कर दिया जाएगा और किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं मिलेगा. परीक्षा केन्द्र में इंट्री के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की जांच की जाएगी ताकि कदाचारमुक्त परीक्षा संचालित की जा सके. परीक्षा केन्द्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गयी है ताकि भीड़भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो. मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक चलेगी. परीक्षा के दौरान दण्डाधिकारी सह उड़नदस्ता दल द्वारा केन्द्रां का निरीक्षण किया जाएगा ताकि शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संचालित की जा सके।

## नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा का प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोपण

**ढोल नगाड़े के साथ ध्वज लेकर गांव का किया गया भ्रमण**

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। जिले के चरपोखरी में माँ भगवती जगदंबा माँ दुर्गा का नवनिर्मित मंदिर में पुनर देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर आचार्य पंडित शशिकांत मिश्रा के तत्वाधान में वैदिक मंत्रोचार द्वारा ध्वजारोपण किया गया।महायज्ञ के आयोजन कर्ता मनोज साह ने बताया कि आगामी 23 मार्च से पांच दिवसीय मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा जो 27 मार्च को रामनवमी के दिन पूणार्हुति के साथ महायज्ञ का समापन होगा। आज उसी महायज्ञ को लेकर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद ढोल नगाड़े के साथ ध्वज को लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया।पूजा में नेपाल बाबा, मुन्ना बाबा, उमेश सिंह, पूर्व मुखिया विजय बहादुर सिंह, रविकांत गुप्ता, अंगद साह, मुन्ना शर्मा, नन्हे साह, समुज पासवान, नीरज कुमार, धनु गुप्ता, मंजय साह सहित कई महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए।

## पीरो अंचल के जनता दरबार में 14 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा



प्रात : किरण संवाददाता

पीरो (आरा)। आम लोगों की जमीन और राजस्व से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए बिहार सरकार द्वारा आयोजित जनता दरबार में सोमवार को पीरो अंचल कार्यालय में सुनवाई हुई। अंचलाधिकारी लखेन्द्र कुमार और राजस्व अधिकारी रामाशंकर राम की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। जनता दरबार में करीब दो दर्जन नए मामलों का निबंधन किया गया, जिनमें से 14 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष मामलों में दूसरे पक्षों को नोटिस जारी कर अगले जनता दरबार में उपस्थित होने का निर्देश दिया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा ताकि लोगों को बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। जनता दरबार में पीरो, हसनबाजार और अगिआंव बाजार थाना के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे विवादित मामलों में तत्काल तथ्य जुटाने में सहूलियत हुई। शिविर के दौरान अंचलकर्मी मनीष कुमार, सत्यनारायण समेत सभी कर्मचारी सक्रिय दिखे और फरियादियों की शिकायतें दर्ज करने में जुटे रहे।

## वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की कुलपति को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। यूनाइटेड भारत के रजत जयंती समारोह के अवसर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी को विशेष सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नेतृत्व और उच्च शिक्षा के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिव प्रताप शुक्ला (राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश), ब्रजेश पाठक (उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) एवं केशव प्रसाद मौर्य (उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) ने संयुक्त रूप से डॉ. चतुर्वेदी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। डॉ. चतुर्वेदी को उच्च शिक्षा प्रशासन, शोध उन्नयन तथा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए उनके प्रभावी नेतृत्व हेतु सराहा गया।अपने संबोधन में डॉ. चतुर्वेदी ने इस सम्मान को विश्वविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि ऐसे सम्मान शिक्षा जगत में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। विश्वविद्यालय परिवार एवं शहरवासियों में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है।

## आरा में आज युवाओं के लिए एकदिवसीय विशेष जॉब कैंप का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत भोजपुर जिला नियोजनालय द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए 17 फरवरी 2026 (मंगलवार) को एकदिवसीय विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह जॉब कैंप जिला नियोजनालय, कृषि भवन परिसर, आरा में आयोजित होगा. इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जिनमें व३ ‘१२ रें’’ ऋ्लंल्लूी इंल्ल‘, खुं’ ड्र१ू४३ क्ल्र्ल ढ५३ छ३ा, टॅाी५ ल्रंल्ल४ें३ ॾ८ तथा ल्ली१ङ्ग उ८ूे२ शामिल हैं. विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 180 पदों पर भर्ती की जाएगी। उपलब्ध पदों में ट्रेनी क्रेडिट ऑफिसर, क्रेडिट रिलेशनशिप ऑफिसर, क्वालिटी असेंबल एवं मैकेनिक ऑपरेटर, टेक्नीशियन/मैकेनिकल तथा एमआईजी वेल्डर/टीआईजी वेल्डर जैसे पद शामिल हैं.पदों के अनुसार वेतनमान 11,000 रुपये से 23,359 रुपये प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है.आवेदकों के लिए आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रखी गई है तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण निर्धारित है। जॉब कैंप में भाग लेने के लिए जिला नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है. जो अभ्यर्थी अब तक निबंधित नहीं हैं, वे ठ३ङ्गल्ल’ उ३ीी१ री१५ी (ठउर) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं।जॉब कैंप में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क होगा.अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।यह रोजगार मेला सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक चलेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक जिले के सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त करें।

## सहार में महाशिवरात्रि पर युवा समाज सेवी ने श्रद्धालुओं के लिए किया विशेष व्यवस्था



प्रात : किरण संवाददाता

सहार( आरा) सहार प्रखंड के युवा समाज सेवी गोविंद कुमार केसरी ने प्रखंड के सभी श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था किया। बता दें कि गोविंद कुमार केशरी द्वारा सहार सुर्य मंदिर घाट पर साफ सफाई और स्नान करने वाले सभी श्रद्धालुओं को ठहरने और देखरेख और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मुस्तैद दिखें। गोविंद ने किशोरावस्था से ही उन्होंने समाज सेवा के प्रति काफी तत्पर रहें हैं।और अपना बहुमूल्य योगदान देतें आ रहें हैं। उन्होंने बताया कि मनुष्य में जन्म लेना भगवान का सबसे बड़ा स्वरूप है। हमें हमेशा एक दुसरों को दुःख दर्द में साथ देना चाहिए। यही मनुष्य की सबसे बड़ी मानवता है। जीवन में हमेशा अच्छा कर्म करना चाहिए। हमें दुसरों को देख कर हसद जलन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप दुसरों को जितना मदद किजिए गा उतना भगवान आप को खुशियां देंगें। इनके कार्य शैली को देखकर प्रखंड प्रमुख प्रिय रंजन, पैक्स अध्यक्ष गोविंद कुमार, पेरहाप पैक्स अध्यक्ष अविनाश कुमार राय, विमल मौआर ,रवि यादव, अमित कुमार चंद्रवंशी, प्रशांत कुमार ,उमेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने बधाई दिया।

## हरदास जैन महाविद्यालय में 84 वार्षिकोत्सव एवं पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन आयोजित की गई

आरा। हर प्रसाद दास जैन महाविद्यालय, आरा में महाविद्यालय के 84वें में वार्षिकोत्सव एवं पूर्ववर्ती छात्र संघ का 26 वां सम्मेलन सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के पूर्व कुलपति प्रो0 (डॉ0) दुर्ग विजय सिंह ने किया। स्वागत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो- डॉ- नरेंद्र कुमार ने किया। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्ववर्ती छात्र संघ के महासचिव डॉ0 शशि कुमार सिंह ने किया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी डॉ0 संजीव श्याम सिंह, बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 कन्हैया बहादुर सिन्हा, जैन कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो0 पारसनाथ सिंह, प्रो0 चंद्रशेऽर साहा, पप्रश्री डॉ0 भीम सिंह भावेश ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात पूर्ववर्ती छात्रसंघ हरप्रसाद दास जैन कॉलेज द्वारा प्रकाशित स्मारिका ह्यह्यशाहाबाद में उच्च शिक्षा एवं जैन कॉलेजह्लह्ल विषयक का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया । अपने स्वागत भाषण में प्रधानाचार्य डॉ0 नरेंद्र कुमार ने कहा कि यह महाविद्यालय क्रांतिवर्ष में 21 जनवरी 1942 को स्थापित हुआ तब से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह मानक के रूप में कार्य कर रहा है। हमारी संयुक्त प्रयासों से महाविद्यालय अपने गौरव और गरिमा को वापस लाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। बिहार सरकार ने जैन महाविद्यालय को एक्सीलेंस शैक्षणिक संस्थान के रूप में चयनित किया है जिसका लाभ महाविद्यालय को मिलेगा और यह शैक्षणिक क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों को छूने में सफल हो सकेगा। प्रो0 डॉ0 कन्हैया बहादुर सिन्हा कहा कि शाहाबाद चार जिलों में विभक्त है विश्वविद्यालय के अंतर्गत उच्च शिक्षा की संस्थाएं इसके अन्तर्गत आती है। रोहतास में शैक्षणिक प्रतिशत भोजपुर से अधिक है। हमें इस दिशा में गंभीर प्रयास करने हैं और शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में कारगर कदम उठाने होंगे। पूर्व एमएलसी डॉ0 संजीव श्याम सिंह ने कहा कि आज जिस प्रकार की शिक्षा हम दे रहे हैं

## सिवान की 80 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में पहुँचे 80 .53 करोड़ रुपये

प्रात : किरण संवाददाता

सिवानः बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी ह्यमुख्यमंत्री महिला रोजगार योजनाह्ल (टटफ) के तहत आज सोमवार को सिवान समाहरणालय सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यव्यापी स्तर पर 25 लाख जीविका दीदियों के खाते में कुल 2500 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी (उइळ) के माध्यम से हस्तांतरित की।सिवान जिले को मिली बड़ी सौगात इस योजना के तहत विशेष रूप से सिवान जिले की 80 हजार 533 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। प्रत्येक लाभार्थी के खाते में 10,000 रुपये की दर से कुल 80.53 करोड़ रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई। जिलाधिकारी ने सराहा, महिलाओं में दिखा उत्साह समाहरणालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री विवेक रंजन मैत्रेय, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायती राज पदाधिकारी और जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक सहित भारी संख्या में जीविका दीदियां मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि टटफ योजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने महिलाओं को इस राशि का सदुपयोग कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। पारदर्शिता और समन्वय पर जोर उप विकास आयुक्त ने कार्यक्रम में विभागों के बीच आपसी समन्वय और पारदर्शिता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुँचना सुनिश्चित करें। वहीं, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक ने योजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय सहायता के साथ-साथ दीदियों को कौशल विकास और उद्यमिता का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कई सफल महिला लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए कि कैसे जीविका से जुड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और जिला प्रशासन ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## शिव के जटाधारी स्वरूप के स्मरण से मिलती सुख समृद्धि : डॉ मुरारी मोहन

प्रात : किरण संवाददाता

सिंहवाड़ा (दरभंगा)।भराठी के ऐतिहासिक भूतनाथ मंदिर परिसर में रविवार की रात महाशिवरात्रि महोत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।शिव बारात व आकर्षक झांकी के बीच भक्ति जागरण में कोलकता व मधुबनी के धार्मिक कलाकारों ने विशेष प्रस्तुति की।महादेव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। शिव भक्तों को संबोधित कर उद्घाटन सत्र में विधायक डा. मुरारी मोहन झा ने कहा भगवान शिव के जटाधारी स्वरूप के स्मरण से मानव जाति को सुख व समृद्धि मिलती है। भगवान शिव के अध्यत्म चिंतन से जीवन धन्य होता है। शिव को आनंदित करने और जगाए रखने का माध्यम महा शिव रात्रि की महिमाअपरमपार है। शिव बारात की आकर्षक झांकी के बीच धार्मिक गीतों जय शिव जय शिव की जयकार से गांव गुंजायमान रहा। भराठी भूतनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष अमरेन्द्र अमर व व्यवस्थापक भाजयुमो मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह की ओर से अतिथियों को पाग चादर व शिव पार्वती मोमेंटो भेंट से सम्मानित किया गया। कोलकाता व मधुबनी के धार्मिक कलाकार नेहा शर्मा, प्रिया रानी, अनुष्का झा, श्रीवास्तव, अनुष्का झा, प्रतीक रंग रसीया के म्यूजिकल डांस, व भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।आकर्षक झांकी के बीच जटाधारी महादेव आना जरूर, शिव की महिमा अपरम्पार, शिव की आराधना, ईशवर सत्य है, सत्यम शिवम सुन्दरम पर संगीतों की प्रस्तुति देर रात तक चलता रहा।समारोह में बीडीओ विक्रम भास्कर, पूर्व डीएसपी अमरनाथ झा, थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार, मोहन झा, संरक्षक नरेश सिंह, जिला पार्षद ओमप्रकाश ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार, ट्रांसफार्मर राजेश कुमार, मुखिया दिनेश महतो, राम बाबू साह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन राउत, विशुनदेव दास, अखिलेश ठाकुर, संगठन प्रभारी अजीत झा, मुख्य मंत्री सचिवालय के अधिकारी गोविंद कुमार पांडेय, युवा जदयू प्रदेश सचिव सुधांशु झा, राम प्रकाश मंडल, बच्चन सिंह, गुड्डू झा, सुमन सिंह, सुबोध सिंह सहित सभी शिव भक्त ने भगवान शिव के चरणो में पूजा पाठ कर पुष्प अर्पित किया।


बिहार सरकार

कार्यालय,कार्यपालक अभियंता (यॉं0)
**सिंचाई विद्युत सह यॉंत्रिक प्रमंडल, वाल्मी, पटना**
Email I.D-eeiemdwalmi@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2025–26**

1. निविदा निर्गत करने की तिथि : दिनांक–13.02.2026
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) सिंचाई विद्युत सह यॉंत्रिक प्रमंडल, वाल्मी, पटना।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक–23.02.2026 से 24.02.2026 तक कार्यालय अवधि में।
4. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक–25.02.2026 को 3.00 अपराहन तक।
5. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक–25.02.2026 को 3.30 बजे अपराहन में।
6. वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय : इसकी सूचनाअलग से दी जायेगी।
7. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. मुख्य अभियंता (यॉं0) जल संसाधन विभाग, पटना। 2. अधीक्षण अभियन्ता (यॉं0), सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक अंचल, पटना। 3. कार्यपालक अभियन्ता (यॉं0) सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक प्रमंडल, वाल्मी, पटना।
8. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : क्रमांक 7 में वर्णित कार्यालयों में।
9. कार्य का विवरण :

| ग्रुप सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation (Rewiring) of Electrification of Sub-Division Office and Inspection Bungalow, at Sone Canal Sub Division, Piro Under Sone Canal Division, Ara. | 4.80416 | 9700.00 | 750.00 | 5 Days |

नोटः–निविदा के नियमों /शर्तों एवं विस्तृत जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय सूचना पट्ट तथा परिमाण विपत्र के बिक्री स्थानों पर सम्पर्क किया जा सकता है । वेवसाईट www.state.bihar.gov.in / prdbihar एवं www.wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**कार्यपालक अभियंता (यॉं0)
सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक प्रमंडल,
वाल्मी, पटना**

PR. No. 024122 (WRD ) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।



बिहार सरकार

**निदेशक (मुख्य अभियन्ता) का कार्यालय
जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना ।**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**सूचना सं0–04/वाल्मी, पटना, दिनांक– 13.02.2026/**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– भूसम्पदा पदाधिकारी, जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान, फुलवारीशरीफ, पटना ।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :– दिनांक 13.02.2026
3. निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 24.02.2026 से दिनांक– 26.02.2026 तक कार्यालय अवधि में।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.02.2026 को अपराहन् 3.00 बजे तक कार्यालय अवधि में ।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.02.2026 को अपराहन् 3.30 बजे
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित किया जायगा।
7. निविदा प्रपत्र की बिक्री का कार्यालय :– निदेशक (मुख्य अभियंता), वाल्मी, पटना।
8. निविदा प्राप्ति का स्थान :– भूसम्पदा पदाधिकारी, वाल्मी, पटना।
9. कार्य का विवरण :–

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का अप्रत्यपर्णीय मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | संबंधित जिला |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing and painting of Qtr No.-D1/2 at WALMI Complex, Patna | 1,41,498.00 | 2,900.00 | 500.00 | 15 दिन | पटना |

10. आमंत्रित निविदा की विस्तृत विवरणी बेबसाईट www.wrd.bih.nic.in एवं State.bihar.gov.in/prdbihar अथवा वाल्मी सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR- 24144 ( W R D ) 2025-26

**भू–सम्पदा पदाधिकारी,
वाल्मी, पटना।**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# सर्टिफिकेट केस का त्वरित निष्पादन करें सुनिश्चित : जिला पदाधिकारी

- बड़े बकायेदारों (डिफॉल्टर) से जुड़े मामलों को दें विशेष प्राथमिकता
- लाभुकों के लंबित आवेदनों पर बैंकों पर होगी कार्रवाई
- पीएम सूर्यघर योजना को गांव-गांव तक पहुंचाएं
- जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवारीय बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय समीक्षा बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने नीलाम पत्र वाद (सर्टिफिकेट केस) के निष्पादन और सरकारी बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सर्टिफिकेट मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाए। जिन मामलों में नोटिस निर्गत हो चुका है, वहां समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिला पदाधिकारी ने बड़े बकायेदारों (डिफॉल्टर) से जुड़े मामलों को विशेष प्राथमिकता देने का निर्देश देते हुए कहा कि जहां संपत्ति कुर्की या नीलामी की आवश्यकता है, वहां विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी राजस्व की वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उद्योग विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिया कि विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिन लाभुकों के आवेदन अब तक बैंकों द्वारा निष्पादित नहीं किए गए हैं, उनकी सूक्ष्मता से समीक्षा कर सूची तैयार की जाए। दोषी पाए जाने वाले बैंकों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, सरकारी योजनाओं से लाभान्वित उद्यमियों को बिजली कनेक्शन, डेडिकेटेड फीडर आदि उपलब्ध कराने के लिए कार्यपालक अभियंता (विद्युत) को त्वरित गति से कार्रवाई करने को कहा गया, ताकि उद्यमियों को समय पर सुविधा मिल सके और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले।

उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रखंड स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन कराया जाए। कार्यशालाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, ताकि अधिक से अधिक जनप्रतिनिधि और आमजन योजना की जानकारी लेकर इसका लाभ उठा सकें। जिला पदाधिकारी ने बैठक के दौरान अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन, बेहतर समन्वय और परिणामोन्मुख कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ये काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया सुश्री शिवाक्षी दीक्षित, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## जिला पदाधिकारी की जनसुनवाई : 40 मामलों की हुई सुनवाई

- आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश

बेतिया। बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवां निश्चय, सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने आमजनों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। प्रमुख रूप से दिलशाद आलम, शंभू यादव, उर्मिला देवी, संजीत कुमार, नारायण शर्मा, राजकुमार साह, मिठू राम, सोनालिका सुन्दरम, जहांगीर आलम, अनिल कुमार शुक्ला, विजय प्रसाद, रामायात महतो, प्रेमजित मुखिया सहित अन्य फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड समेत विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 40 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया में तेजी आई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। इस अवसर पर उप विकास आयुक काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता अहमद अली, नगमा तबस्सुम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से 25 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल

- 2500 करोड़ का ऐतिहासिक अंतरण
- महिलाओं की आत्मनिर्भरता को नई उड़ान
- छोटे रोजगार से बड़े सपने : मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से सशक्त हो रहीं बिहार की महिलाएँ
- पश्चिम चंपारण में 1.19 लाख महिलाओं के खाते में अंतरित हुई 10 हजार रुपये की राशि

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया (घनश्याम)। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत राज्य की 25 लाख महिलाओं को प्रति लाभुक 10,000 की दर से कुल 2500 करोड़ की राशि का अंतरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा रिमोट का बटन दबा कर संकल्प , 1 अणे मार्ग पटना से किया गया किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाहरणालय सभागार, बेतिया से किया गया, जिसमें जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह, उप विकास आयुक्त कजले वैभव नितिन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ एवं जीविका कर्मी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

अंतरण कार्यक्रम के पश्चात जिला पदाधिकारी श्री तरनजोत सिंह ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए जिले की सभी लाभार्थी महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरूआत के बाद महिलाएँ स्वरोजगार के प्रति जागरूक हुई हैं और बड़े पैमाने पर छोटे-छोटे उद्यम प्रारंभ कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार इस योजना के अंतर्गत आगे और आर्थिक सहायता तथा प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराएगी, ताकि महिलाएँ अपने रोजगार को और बेहतर ढंग से संचालित कर सकें। इस अवसर पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आरके निखिल कुमार ने बताया कि योजना से लाभान्वित महिलाओं ने बकरी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, खेती-बाड़ी सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों में राशि का सदुपयोग किया है।

उन्होंने बताया कि पश्चिम चंपारण जिले में आज 1.19 लाख महिलाओं के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत 10,000-10,000 की राशि अंतरित की गई है। उन्होंने यह भी बताया की यह योजना महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिसिन और स्वास्थ सेवा जागरूकता शिविर का आयोजन

बगहा। पर्यटननगरी वाल्मीकिनगर स्थित एपीएचसी ने विजयपुर मे स्वास्थ सेवा का निशुल्क शिविर लगाया। स्वास्थ कर्मी नंद किशोर सैनी ने बताया की लोगो को जागरूक करने के लिए लोगों के डिमांड पर शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने आगे बताया की लोगो को स्वास्थ और वाल्मीकिनगर एपीएचसी मे सभी मेडिकल सुविधा उपलब्ध है, इसके लिए स्थानीय विजयपुर मे निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के माध्यम से लोगो को जागरूक किया जा रहा है की वाल्मीकिनगर स्थित स्वास्थ केंद्र मे लोग आएं और निशुल्क स्वास्थ सेवा का लाभ उठाएं साथ ही निशुल्क दवा लें। बतादे इसी क्रम मे विजयपुर मे निशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और स्वास्थ जाँच के साथ साथ निशुल्क लोगो ने दवा का लाभ उठाया।

### बसवरिया टोला में मारपीट, छह नामजद सहित अन्य पर केस दर्ज

दारौंदाः थाना क्षेत्र के बसवरिया टोला में हुई मारपीट की घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। यह प्राथमिकी बसवरिया टोला निवासी लालजी महतो की पत्नी कर्मशिला देवी के बयान पर दारौंदा थाना में दर्ज की गई है। दर्ज बयान में कर्मशिला देवी ने कहा है कि 9 फरवरी को उनके देवर और ननद मोटरसाइकिल से उजायं स्थित प्रौद्योगिकी संस्थान जा रहे थे। इसी दौरान ऐश्वर्या ओला रेलवे ढाला के समीप आशीष महतो, मदन महतो, सूरज महतो, कविंद्र महतो, उत्तम कुमार, रिकेश कुमार सहित अन्य लोगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट की। मारपीट के दौरान दोनों को चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह उन्हें बचाया गया। इस संबंध में दारौंदा थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है तथा नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### कौथुआसारंगपुर में चाकूबाजी, पांच के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

दारौंदा। थाना क्षेत्र के कौथुआसारंगपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी की घटना में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में कौथुआसारंगपुर निवासी रितेश कुमार के बयान पर स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी में गांव के ही हरीलाल मांझी, रामू मांझी, पुनेश कुमार, छोटू कुमार एवं अभिषेक कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि 15 फरवरी को आपसी विवाद के दौरान आरोपितों ने चाकू एवं लोहे की रॉड से हमला कर रितेश कुमार को घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल का उपचार स्थानीय स्तर पर कराया गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है तथा आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान दर्जनों स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने वीटीआर का किया भ्रमण

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। मुख्यमन्त्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत दर्जनों स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने वीटीआर का भ्रमण किया इसी क्रम मे रा.म. विद्यालय सोमगढ नरकटियागंज,प. चम्पारण के 56 छात्र-छात्राओं का जत्था वाल्मीकिनगर पहुंचा।विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन व देख रेख में वाल्मीकिनगर स्थित दर्शनीय स्थलों के दर्शन किए।साथ ही वाल्मीकिनगर के ऐतिहासिक स्थलों के भी दर्शन किए। प्रधानाध्यापक मोहम्मद् रोजद्दीन ने बताया कि सरकार की इस शैक्षणिक परिभ्रमण योजना से बच्चों में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक लाभ व सामूहिक एकता का ज्ञान मिलता है।

संगीत शिक्षक जय प्रकाश कुमार ने अपने गीत-संगीत से परिभ्रमण यात्रा को और भी रोचक बना दिया । मौके पर वरीय शिक्षिका अनिता कुमारी,अंशु सिंह,नीतिश कुमार,म साबीर,श्याम कुमार, आनंद कुमार,शंभु सिंह,कृष्णा कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मैनाटांड़ में कौओं की मृत्यु पर जिला प्रशासन सतर्क

- प्रशासन की अपील : अफवाहों से बचें आमजन

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ प्रखंड अंतर्गत मैनाटांड़ पंचायत में विगत सप्ताह कौओं की आकस्मिक मृत्यु की सूचना को जिला प्रशासन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश के आलोक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा की गई जांच एवं निरीक्षण के आधार पर वर्तमान में स्थिति पूरी तरह सामान्य है। इस प्रकार की कोई भी घटना जिले के अन्य क्षेत्रों में सामने नहीं आई है।

एहतियातन सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं ताकि किसी भी संभावित जोखिम को समय रहते रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रभावित क्षेत्रों तथा आसपास के इलाकों में नियमित रूप से सैनिटाइजेशन कराने का निर्देश दिया है। साथ ही निगरानी टीमों को सतत भ्रमण एवं रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वस्तुस्थिति पर निरंतर नजर रखी जा सके। जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि वे सजग और सतर्क रहें, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर फैल रही अपुष्ट सूचनाओं से बचें।

किसी भी असामान्य गतिविधि या पक्षियों की अचानक मृत्यु की जानकारी तुरंत नजदीकी प्रशासनिक इकाई/पशुपालन विभाग को दें। प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में है और पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। आम जनता की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## जल शक्ति पोर्टल पर डाटा इंट्री हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



- उप विकास आयुक्त ने दिए आवश्यक निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। जिले में जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रयासों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से जल शक्ति अभियान के अंतर्गत जल शक्ति पोर्टल पर कार्यान्वित योजनाओं की डाटा इंट्री हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्री काजले वैभव नितिन द्वारा की गई। प्रशिक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जल संचयन से जुड़ी सभी योजनाओं की जानकारी समयबद्ध, सही एवं पूर्ण रूप से जल शक्ति पोर्टल पर दर्ज की जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर दर्ज होने वाला डाटा न केवल प्रशासन स्तर पर योजनाओं की निगरानी में सहायक होता है, बल्कि भविष्य की योजनाओं के निर्धारण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की प्रगति रिपोर्ट में लापरवाही या अपूर्ण जानकारी दर्ज करने से प्रशासन को वास्तविक स्थिति का आकलन करने में कठिनाई होती है, जिससे जिले की रैंकिंग एवं कार्य निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अतः सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन जानकारी अपलोड करें। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकी जानकारी को संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों तक पहुँचाया जाए, ताकि डाटा इंट्री की प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का भौतिक सत्यापन पूर्ण हो चुका है, उनकी प्रविष्टि प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने जल संरक्षण संरचनाओं जैसे तालाब, चेकडैम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं सोख्ता गड्ढों से संबंधित सूचनाओं को जियो-टैगिंग सहित पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं फील्ड स्तर के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया तथा पोर्टल पर डाटा अपलोड की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन भी किया गया।

## बगौरा में दहेज को लेकर विवाहिता को घर से निकाला, प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

दारौंदा। थाना क्षेत्र के बगौरा गांव में दहेज को लेकर विवाहिता को घर से निकालने तथा उसके पिता के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में बगौरा निवासी बुलेट नट की पत्नी रोशनी खातून के बयान पर दारौंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में रोशनी खातून ने बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2019 में मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार बुलेट नट के साथ हुई थी। दंपति को एक चार वर्ष की पुत्री भी है। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति द्वारा दहेज में रुपये एवं मोटरसाइकिल की मांग की जाती थी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। रोशनी खातून का कहना है कि कुछ दिनों बाद 60 हजार रुपये भी दिए गए, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता के अनुसार, जब उसके पिता गांव में समझौता और बातचीत के लिए पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से दोनों को बचाया गया। पीड़ित पक्ष ने आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में दारौंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है तथा आरोपितों की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रक्सौल की बेटी अक्षरा गुप्ता ने रचा इतिहास

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। रक्सौल की बेटी अक्षरा गुप्ता ने महज 14 साल की उम्र में बिहार सीनियर महिला टीम में चयनित होकर इतिहास रच दिया है। वह बिहार की सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर बन गई हैं। अक्षरा को बीसीसीआई के घरेलू मुकाबलों के लिए बिहार की सीनियर महिला टीम में जगह मिली है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अक्षरा की इस सफलता का कारण उनका शानदार प्रदर्शन है। उन्होंने अंडर-15 वनडे टीम में उप-कप्तान की भूमिका निभाई और बीसीसीआई की टॉप 100 आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस सूची में भी जगह बनाई। अक्षरा ने 5 मुकाबलों में कुल 361 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। अक्षरा की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और शहरवासियों में खुशी है।

## मैट्रिक परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

प्रात : किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक (10वीं) परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक चलेगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सौरभ सुमन ने बताया कि इस वर्ष दारौंदा प्रखंड में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 4580 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्रों का निर्धारण छात्रों की संख्या, भौगोलिक सुविधा तथा उपलब्ध आधारभूत संसाधनों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय करसौत में 737 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय दारौंदा में सर्वाधिक 1219 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उमाशंकर सिंह कॉलेज सह परीक्षा केंद्र उब्ब माध्यमिक विद्यालय दारौंदा जलालपुर में 571 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जीपी इंटरनेट स्कूल, राजापुर पसिवड़ को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय सवान विग्रह में 664 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे, जबकि गोरख सिंह प्राइवेट आईटीआई, सवान-विग्रह में 832 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। सभी केंद्रों पर बेंच-डेस्क, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी—पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलेगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 30 मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है। प्रवेश पत्र एवं आवश्यक लेखन सामग्री साथ लाना अनिवार्य होगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु केंद्राधीक्षकों, वीक्षकों एवं शिक्षकों को बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निदेशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।

## शहर को साफ रखने के लिए सड़क पर उतरी एसडीओ, सफाई अभियान में खुद हुई शामिल

प्रात : किरण संवाददाता



महाराजगंज/सीवानः शहर को साफ-सुथरा रखने और जगह-जगह कूड़े का अंबार नहीं लगाने के संदेश के साथ सोमवार की सुबह अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) अनीता सिन्हा स्वयं सड़क पर उतरीं और विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। एसडीओ के नेतृत्व में नगर पंचायत की स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी सोनाक्षी छाया, विभिन्न वार्डों के पार्षदों तथा कर्मियों ने शहर के राजेंद्र चौक, शिव मंदिर, बाटा मोड़, फुलेना शहीद स्मारक और नखास चौक सहित कई स्थानों पर जमा कूड़ा-कचरा हटाया। इस दौरान एसडीओ ने शहरवासियों से अपील की कि वे अपने घरों का कचरा निर्धारित स्थान पर ही रखें और इधर-उधर न फेंकें। उन्होंने कहा कि शहर की साफ-सफाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। एसडीओ की इस पहल की शहरवासियों ने सराहना की। लोगों का कहना है कि अनुमंडल मुख्यालय में पहली बार किसी पदाधिकारी ने स्वयं सफाई कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। इसे मानवीयता, जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति समर्पण का प्रतीक बताया जा रहा है। मौके पर महाराजगंज अंचल पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने भी सफाई कार्य में भाग लिया। नगर पंचायत के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर निकली शिव-पार्वती की भव्य झांकी

प्रात : किरण संवाददाता



दारौंदा। प्रखंड क्षेत्र के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार की देर शाम भगवान शिव और माता पार्वती का पारंपरिक विधि-विधान से विवाह कराया गया। इस अवसर पर बगौरा गांव में शिवझ्पार्वती की भव्य झांकी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। झांकी बगौरा पुलिस चौकी से प्रारंभ होकर दक्षिण टोला, मंगलशाही, भवानी मोड़, न्यू मार्केट, चौबाह स्थान, पुरानी बाजार, पश्चिम टोला और शिव मोड़ होते हुए बाबा उमानाथ मंदिर, शिवाला बगौरा पहुंची। झांकी में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु बराती के रूप में शामिल हुए। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा और वातावरण शिवभक्ति में सराबोर हो गया।

बाबा उमानाथ मंदिर शिवाला, बगौरा में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में शिवझ्पार्वती विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह के दौरान 11 ब्राह्मणों ने आचार्य नीतीश पाण्डेय एवं गिरिराज मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार किया। महिलाओं ने मंगल गीत गाकर आयोजन को और भक्तिमय बना दिया। इस आयोजन में आचार्य जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, रमेश नारायण सिंह, नीतीश पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, त्रिपुरारी शरण मिश्रा, दीनदयाल पाण्डेय, बीरेंद्र शर्मा, उदय सिंह, संजीत जयसवाल, रामविनोद सिंह, कृष्णा सिंह, बलिराम सिंह, अर्जुन सिंह, अनिल सिंह, रामदरश सिंह, राजकिशोर प्रसाद, शक्ति सिंह, शुकुल सिंह, केशनाथ सिंह, हृदयानंद सिंह, गिरिराज मिश्रा, आशुतोष कुमार, सत्यदेव शर्मा, दिनेश्वर सिंह, चन्देश्वर सिंह, धनन्जय सिंह, मन्नू सिंह, तारकेश्वर सिंह, सचिदानंद गुप्ता, रवि मिश्रा, मुंगालाल गुप्ता सहित अनेक स्थानीय लोगों का सराहनीय सहयोग रहा। महाशिवरात्रि के इस आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखा गया।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत आमजनों की सुनी गई समस्याएं

प्रात : किरण संवाददाता



दारौंदा। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंचल कार्यालय में सोमवार को ह्यसबका सम्मानझ्जीवन आसानह्ण कार्यक्रम के तहत अंचलाधिकारी वेद प्रकाश नारायण ने आमजनों से सम्मानपूर्वक संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे कई लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें भूमि पैमाइश, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद तथा पुराने जमाबंदी से संबंधित मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे। अंचलाधिकारी ने बारी-बबारी से सभी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित कर्मियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीओ ने बताया कि पदाधिकारियों एवं कर्मियों को लॉगिन आईडी उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से वे आमजनों की शिकायतों की मॉनिटरिंग कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आम जनता को सरकारी कार्यालयों से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मामलों का समयबद्ध निष्पादन किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की।

### सिवानः मैट्रिक परीक्षा की पूर्व संध्या पर डीएम ने परखा केंद्रों का हाल, दिए सख्त निर्देश

सिवान। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 आज से शुरू हो रही है। परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने सोमवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं जैसे प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, और बैठने के प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के मुख्य बिंदु और निदेशः सख्त प्रवेश नियमः परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है।

# डीएम ने लगायी जनता दरबार सुनी लोगों की फरियाद

**प्रातः किरण संवाददाता**



औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा (भा०प्र०से०) के द्वारा सात निश्चय-3 के अंतर्गत ह्लसबका सम्मान झ जीवन आसानह्व पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन जिला पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में किया गया।

इस जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनना, तत्काल समाधान की दिशा में कार्रवाई करना तथा प्रशासन एवं जनता के बीच संवाद को अधिक प्रभावी बनाना रहा। जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी महोदया ने उपस्थित नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं व शिकायतों को गंभीरतापूर्वक, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर सुना। इस क्रम में कुल 51 परिवादियों द्वारा प्रस्तुत परिवादों की सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी महोदया द्वारा प्रत्येक परिवाद पर संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी प्राप्त परिवादों का नियत समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण, न्यायसंगत एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए।परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण किया जाए। समाधान की स्थिति से परिवादी को समय पर अवगत कराया जाए।

जनता दरबार में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शिकायत पंजीकरण हेतु काउंटर, मार्गदर्शन व सहायता डेस्क सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गईं। सुबह से ही परिवाद दर्ज कराने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी, जो पूरे दिन निरंतर एवं व्यवस्थित रूप से चलती रही। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत रजिस्टर में दर्ज किया गया तथा संबंधित विभागों व शाखाओं को अग्रसारित करते हुए त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी परिवादों का निष्पादन समय-सीमा के भीतर हो तथा शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला प्रशासन औरंगाबाद जनता की समस्याओं के समाधान हेतु सतत प्रयासरत एवं प्रतिबद्ध है।

# जिलाधिकारी ने की लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस की समीक्षा बैठक

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। जिलाधिकारी, डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा लोक शिकायत निवारण एवं आरटीपीएस से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। सभी लोक प्राधिकारों एवं अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त परिवादों का निर्धारित समयावधि में निष्पादन तथा पारित आदेशों का अक्षरशः क्रियान्वयन अनिवार्य है। साथ ही बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के अंतर्गत तय समय-सीमा के अंदर नागरिकों को सेवा प्रदान करना आवश्यक है। इन मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित पदाधिकारी इसका हर हाल में पालन सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त परिवादों के सिर्फ निष्पादन से काम नहीं चलेगा। शिकायतों का निवारण अपरिहार्य है तथा जनता की संतुष्टि अनिवार्य है। पदाधिकारीगण इसे विशेष रुचि लेकर सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि आरटीपीएस के मामलों में जिन-जिन अंचलों/प्रखंडों में शिथिलता बरती जाएगी वहाँ संबंधित अपीलीय प्राधिकार अनुमंडल पदाधिकारी नियमित रूप से समीक्षा करते हुए मामलों की स्वतः सुनवाई करेंगे तथा लापरवाह अधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार दंड अध्यारोपित करेंगे। यही नियम लोक शिकायत निवारण के मामलों में भी लागू होगा।

समीक्षा में पाया गया कि जिला में लोक शिकायत निवारण में विगत सप्ताह में 367 मामलों को निष्पादित किया गया है। कोई भी आवेदन एक्सपायर्ड नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा इसकी सराहना की गई। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों का निष्पादन निर्धारित समय अवधि के अंदर किया जा रहा है। 60 (साठ) कार्य दिवस से अधिक एक भी मामले लंबित नहीं है। इसके लिए पदाधिकारीगण प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि हमेशा यह सुनिश्चित करें कि एक भी आवेदन एक्सपायर्ड न हो। सभी आवेदनों का निष्पादन समय-सीमा के अंदर करें। समीक्षा में पाया गया कि विगत 30 कार्य दिवस से अधिक निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन मामलों की संख्या 440 है तथा विगत 45 कार्य दिवस से अधिक निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन मामलों की संख्या 234 है। 60 (साठ) कार्य दिवस से अधिक एक भी मामले लंबित नहीं है। समय-सीमा के अंदर निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन परिवादों की कुल संख्या 2,438 है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को इन सभी मामलों को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निष्पादित करने का निदेश दिया। लोक शिकायत निवारण के अपीलीय मामलों की समीक्षा में पाया गया कि प्रथम अपील के लिए दायर 11,908 मामलों में 11,665 मामलों को निष्पादित कर दिया गया है। शेष का निष्पादन भी निर्धारित समय-सीमा के अंदर तीव्र गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को इसे तय समय के अंदर निष्पादित करने का निदेश दिया गया। 60 कार्य दिवस से कम 243 मामले निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन है। 60 कार्य दिवस से अधिक एक भी मामले लंबित नहीं है। द्वितीय अपील के लिए दायर 4,558 मामलों में 4,398 मामलों को निष्पादित किया गया है। शेष मामले भी निर्धारित समय-सीमा के अंदर निष्पादन हेतु प्रक्रियाधीन है।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोक शिकायत निवारण के 120 मामलों में लोक प्राधिकारों के विरुद्ध आर्थिक दण्ड लगाया गया है जिसमें 3,33,800 रुपए की राशि दण्ड स्वरूप अध्यारोपित है।

# महाबोधि ट्रेन से दो यात्रियों की मौत पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने जतायी चिंता

**प्रातः किरण संवाददाता**

गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन पर सोमवार को महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन से दो यात्रियों की कटकर हुई मौत पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने काफी गम्भीर हैं। साथ ही रेल यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाना काफी चिंता जतायी। इस सम्बंध में रेल मंत्री से बात करने की बात कही।उन्होंने बताया कि दिवंगत दोनों रेल यात्रियों के पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा देने की भी मांग रेल मंत्रालय से की है।

गया जी सांसद सह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बताया कि गया जंक्शन पर महाबोधि एक्सप्रेस ट्रेन से चढ़ने के दौरान दो यात्रियों की मौत होना काफी चिंता का मामला है। महाबोधि एक्सप्रेस,पुरुषोत्तम एक्सप्रेस सहित भीड़ भाड़ वाले प्लेटफार्मो पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है। यात्रियों की बढ़ी भीड़ के अनुपात में पुलिस बलों की संख्या काफी कम रहने से यात्रियों की भीड़ सही तरीके से नियंत्रित नहीं हो पाता है। साथ ही जनरल कोच की भी संख्या कम रहने से यात्री परेशान रहते हैं और ट्रेन में सवारम होने के लिए आपाधापी करने को विवश रहते हैं।महाबोधि एक्सप्रेस में जनरल कोच की संख्या बढाने पर जोर देते हुए कहा कि गया जंक्शन की व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए रेल मंत्री से बात करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि पता चला कि। वाशिंग पिट से प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने के दौरान जनरल कोच का गेट खुला था। जबकि सुरक्षा के ख्याल से कोच के गेट को बन्द करके प्लेटफॉम पर लाने तथा फिर कोच के गेट को प्लेटफार्म पर ही खोलने का प्रावधान है। फिर खुले गेट कैसे लाया गया इसकी भी जांच की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेटफॉर्म का किनारे का गैपिंग भाग भी एक समान नहीं है। कहीं ज्यादा फासला भी है जो दुर्घटना का कारण बन जा रहा है। इसमें भी सुधार कराने की आवश्यकता से रेल मंत्री को अवगत करूंगा।

### महाबोधि एक्सप्रेस की चपेट में आने से दो यात्रियों की मौत

गया जी।पूर्व मध्य रेलवे के गया जंक्शन के छह नम्बर प्लेटफार्म पर महाबोधि एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान दो यात्रियों की महाबोधि एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई है। दोनों मृत यात्रियों की पहचान मो खालिद आलम पिता खुर्शीद आलम घर भगहर थाना बाराचट्टी जिला गया तथा सरयू प्रसाद पिता गनौरी साव थानाडिहरी जिला जहानाबाद के रूप में की गई। दोनों यात्री गया से नई दिल्ली के लिए जनरल टिकट लिया था। अध्यक्ष शिवकुमार यादव ने बताया कि यात्रियों के पास से आधार कार्ड से पहचान हुई है।

# नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई

## शहर के अन्य इलाकों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी: नगर आयुक्त

■ **बस स्टैंड परिसर से अस्थाई अतिक्रमण हटाने के साथ 23 को दुकानों किया गया सील, मचा हड़कंप**

**प्रातः किरण संवाददाता**




गयाजी। गयाजी शहर में सोमवार को नगर निगम ने बकाया किराया और अतिक्रमण को लेकर सख्त रुख अपनाया है। नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया के निर्देश पर सिकड़िया मोड़ बस स्टैंड परिसर में बड़ी कार्रवाई की गई है। निगम के कुल 38 दुकानों में से 29 दुकानों को पर बड़ी कार्रवाई की गई है। इनमें 23 दुकानों को सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन दुकानों पर की गई है, जिनके संचालकों द्वारा कई वर्षों से नगर निगम को किराया नहीं दिया जा रहा था।

नगर निगम की इस कार्रवाई से बस स्टैंड क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान नगर प्रबंधक, रामपुर थाना के थानाध्यक्ष, दंडाधिकारी तथा पर्याप्त संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। अधिकारियों की मौजूदगी में एक-एक कर दुकानों को सील किया गया और बकायेदारों को कड़ा संदेश दिया गया कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शेष छह बची दुकानों पर भी कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार को बकाया किराया नहीं देने वाली बाकी दुकानों को भी सील किया जाएगा। निगम का स्पष्ट कहना है कि सरकारी संपत्ति का उपयोग करने वालों को नियमानुसार किराया देना अनिवार्य है, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे।

दुकानों को सील करने के साथ-साथ नगर निगम द्वारा बस स्टैंड परिसर में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ भी अभियान चलाया गया है। ठेला, गुमटी और अन्य अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया है, जिससे यातायात और यात्रियों की आवाजाही में सहूलियत मिल सके। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में विशेष रूप से साफ-सफाई कराई गई है। कचरे और गंदगी को हटाकर बस स्टैंड को व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने का प्रयास किया गया है।मालुम है कि इससे पहले नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया स्वयं सिकड़िया मोड़ बस स्टैंड का निरीक्षण कर चुके थे। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्थाई अतिक्रमण और बकाया किराया को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए थे। उसी के आलोक में यह कार्रवाई की गई है।नगर निगम के इस एक्शन से जहां बकायेदार दुकानदारों में खलबली मची है, वहीं आम लोगों और यात्रियों ने इस कदम का स्वागत किया है।

### कदाचारमुक्त मैट्रिक परीक्षा पर प्रशासन सख्त, शेरघाटी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

शेरघाटी में 17 फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए अनुमंडल मुख्यालय में केवल छात्राओं के लिए छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 13,311 परीक्षार्थी दोनों पालियों में शामिल होंगी। परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों का सीटिंग प्लान तैयार कर लिया गया है तथा वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा। परीक्षा भवन में प्रवेश से पूर्व छात्राओं की अनिवार्य फ्रिस्किंग की जाएगी, जिसके लिए महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती रहेगी। परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास धारा-144 जैसी सख्ती के तहत अनावश्यक भीड़ पर रोक रहेगी। केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।सबसे अधिक 5,699 छात्राएं एसएमएस जी कॉलेज केंद्र पर परीक्षा देंगी। सभी केंद्रों पर रोशनी, पेयजल और शौचालय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्रों के बाहर भीड़ न लगाएं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### ट्रैक्टर से बैटरी चोरी, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

मधेपुरा। मधेपुरा। भरार्ही थाना क्षेत्र के भदौल वार्ड संख्याझचार में शनिवार की रात चोरों ने दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित बलराम यादव ने भरार्ही थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।पीड़ित ने बताया कि वह एक दिन पहले बारात में गए हुए थे। रविवार को घर लौटने पर ट्रैक्टर की बैटरी गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद बैटरी का कोई सुराग नहीं मिल सका।इधर, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात्रि गश्ती कमजोर होने के कारण चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

### दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में सत्यम कुमार का शानदार प्रदर्शन, 800 मीटर में गोल्ड

मधेपुरा। पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, पटना में 14 से 15 फरवरी तक आयोजित दो दिवसीय अंतर प्रमंडल राज्य स्तरीय (बालक/बालिका) दिव्यांग खेल प्रतियोगिता में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलारी के छात्र सत्यम कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है।प्रतियोगिता में सत्यम कुमार ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, वहीं 200 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं जिले में खुशी का माहौल है।उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा सुश्री आम्रपाली कुमारी ने कहा कि सत्यम ने मूक-बधिर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का सम्मान बढ़ाया है, जो गर्व का विषय है। स्वास्थ्य अनुदेशक शिक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान भी सत्यम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था और उनकी मेहनत अब सफलता के रूप में सामने आई है।

सत्यम की सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अश्वनी कुमार पोद्दार, बेलारी पंचायत के मुखिया विश्व बंधु बादल सहित विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# अररिया के जिला पर्यवेक्षक बने नैयर मसूद खान,संगठन सृजन अभियान को देंगे नई धार

➤ **नियुक्ति से समर्थकों में उत्साह, नैयर मसूद खान ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति जताया आभार**

**प्रात : किरण संवाददाता**



कटिहार। कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार पूर्णिया सांसद प्रतिनिधि नैयर मसूद खान को अररिया जिला का पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अररिया जिले के लिए कुल चार पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें कटिहार सांसद तारिक अनवर, कटिहार अमला टोला निवासी नैयर मसूद खान, मुदस्सिर शम्स और प्रेमचंद सिंह शामिल हैं। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से बूथ स्तर तक पार्टी की संरचना को सुदृढ़ किया जाएगा और कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका दी जाएगी।

अररिया जिला पर्यवेक्षक बनाए जाने पर नैयर मसूद खान ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्णिया सांसद राजेश रंजन, सांसद रंजीता रंजन, प्रदेश प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम तथा वरिष्ठ नेता तारिक अनवर सहित सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।नैयर मसूद खान ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संगठन सृजन अभियान के तहत वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक कार्यकताओं से संवाद स्थापित कर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# सबका सम्मान - जीवन आसान अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन

**प्रात : किरण संवाददाता**



औरंगाबाद। सबका सम्मान जीवन आसान अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ-साथ प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारियों तथा पंचायत स्तर के कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिससे आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही अपनी शिकायतें दर्ज कराने एवं उनके निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ। जनता दरबार के दौरान परिवादियों की सुविधा एवं सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए सभी संबंधित कार्यालयों में परिवादियों के लिए सम्मानपूर्वक बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ भी सुनिश्चित की गईं, ताकि परिवादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जनता दरबार में परिवादियों से प्राप्त शिकायतों का विधिवत पंजी संधारण किया गया तथा संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निष्पादन के साथ-साथ उनके सतत अनुश्रवण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उक्त पहल का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को अधिक जनोन्मुखी, संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाना, परिवादियों की समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें सुलभ मंच उपलब्ध कराना तथा प्रशासन एवं आमजन के बीच संवाद एवं विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना है। इस दिशा में जिले के सभी स्तरों पर आयोजित जनता दरबार को लेकर परिवादियों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

### नागरिकों के शिकायतों को नगर आयुक्त द्वारा सुनकर आवेदनों को पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्रवाई करने का निर्देश




गया जी। नगर निगम आयुक्त अभिषेक पलासिया भारतीय प्रशासनिक सेवा, गया नगर निगम गया जी द्वारा नगर निगम कार्यालय में जनता दरबार में आए गंगाजल, भविष्य निधि, लोक निवारण आदि लगभग 03 आवेदनों के शिकायतों को सुना गया है। नागरिकों के शिकायतों को नगर आयुक्त द्वारा सुनकर उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को अग्रतार कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया है। नगर आयुक्त द्वारा सोमवार एवं शुक्रवार को 12:00 बजे से 2:00 बजे अपराह्न तक जनता दरबा र के माध्यम से शिकायतों को सुना जाता है जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

### कर्तव्य निष्ठा के प्रति हर संभव तटस्थ रहने की जरूरत:परितोष

गया जी।बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के दौरानबोधगया विधानसभा चुनाव का सफल संचालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मियों को एडीएम(राजस्व) सह बोधगया विधानसभा के आरओ परितोष कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार विधान सभा आम निर्वाचन के दौरानक्रियान्वयन के उपलब्धि पर गया जी डीएम और एडीएम को प्रशस्ति एवं पुरस्कृत राशि से सम्मानित किया था। उन्होंने कहा कि बोधगया विधानसभा चुनाव में के आरओ के रूप में मुझे यह सम्मान मिला है। यह सम्मान सभी कार्याकय सहयोगियों के योगदान से मिला है। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि ड्यूटी के दौरान हमेशा निष्ठा पूर्वक अपने कार्यों के दायित्व निर्वहन के प्रति तो तटस्थ रहने की जरूरत है। उत्कृष्ट रूप से किए गए कार्य हमेशा सम्मान दिलाता है। साथ ही इसे आत्म संतुष्टि भी मिलाता है।

# मगध प्रीमियर लीग सीजन 2 के विजेता गया यूथ क्रिकेट अकादमी को वार्ड पार्षद नैयर अहमद द्वारा सहयोग राशि प्रदान की गई

■ **1,50,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई**

**प्रात : किरण संवाददाता**

गया जी।मगध प्रीमियर लीग सीजन 2 का भव्य फाइनल मुकाबला आज हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम, गांधी मैदान, गया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। यह संपूर्ण टूनामेंट सचिव मोहम्मद दानिश के मार्गदर्शन एवं समन्वय में आयोजित किया गया है। सचिव मोहम्मद दानिश के नेतृत्व में प्रतियोगिता का संचालन अनुशासित एवं भव्य रूप से संपन्न हुआ है।

**फाइनल मुकाबला**

फाइनल मैच मगध पैंथर क्रिकेट अकादमी और गया यूथ क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया है।मगध पैंथर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 146 रन बनाए।गौतम कुमार ने 34 गेंदों में 33 रन 3 चौके, 1 छक्का बनाए।रौशन कुमार ने 27 गेंदों में 30 रन 3 छक्के, 1 चौका का योगदान दिया है।

कप्तान प्रीतम राज ने 19 रन 3 चौके बनाए, जबकि नवीन कुमार ने 9 गेंदों में 14 रन जोड़े हैं।गया यूथ क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य कुमार ने 3 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। शिवम किशोर ने 1 विकेट प्राप्त किया तथा अर्नव किशोर ने 4 ओवर में 46 रन देकर 1 विकेट हासिल किया है।लक्ष्य का पीछा करते हुए गया यूथ क्रिकेट अकादमी ने 18.2 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाकर 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।सैफ उल्लाह ने 39 गेंदों में 53 रन 4 चौके, 2 छक्के बनाए हैं।मंगल मेहरा ने 26 गेंदों में 20 रन 3 चौके का योगदान दिया है।पंकज कुमार ने 35 गेंदों में 60 रन 6 चौके, 4 छक्के की निर्णायक पारी खेली है।

**पुरस्कार वितरण समारोह**

फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच सैयद सैफ अब्दुल्लाह घोषित किए गए हैं।मैन ऑफ द सीरीज एवं बेस्ट बॉलर पुरस्कार गौतम यादव को प्रदान किया गया है।विजेता टीम गया यूथ क्रिकेट अकादमी को कुल 1,50,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है।, जिसमें 1,00,000 रुपये पार्षद नैयर अहमद द्वारा एवं 50,000 रुपये राकेश बादाम द्वारा दिए गए हैं।उपविजेता मगध पैंथर क्रिकेट अकादमी को 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि घराना एसोसिएट्स के सदस्य पप्पू सिंह द्वारा प्रदान की गई है।

मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मंजूर इंग्लिश कोचिंग सेंटर के संचालक तबिश मंजूर द्वारा दिया गया है।प्रत्येक छक्के पर 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि शाही फिजिक्स की ओर से प्रदान की गई है।सीकेबी मॉर्निंग वॉक क्लब द्वारा बेस्ट विकेटकीपर पुरस्कार प्रदान किया गया है।सभी मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मान स्वरूप शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया है।इस फाइनल मुकाबले में अंपायर की भूमिका सुनील कुमार सिंह, राजेश भट्टो तथा मोतिहारी से आए मोहम्मद तारिक ने निभाई।मुख्य अतिथि के रूप में नैयर अहमद, राजद अध्यक्ष निजाम साहब, गया जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दिवेश आनंद, घराना एसोसिएट्स के मनीष सिंह एवं सुमित सिंह उपस्थित रहे हैं। जिला क्रिकेट संघ सदस्य फूलास्कर सिंह, गया फुटबॉल संघ के सचिव खातिब अहमद, एथलेटिक्स संघ के सचिव जितेंद्र कुमार, एनवी फार्मा से सुनील कुमार सिन्हा, जेल रेस्टोरेंट के संचालक मगध पैंथर क्रिकेट अकादमी के मेंटर, ललन सिंह गया यूथ क्रिकेट अकादमी के मेंटर, मीडिया पार्टनर एवं

# पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन



**प्रात : किरण संवाददाता**

मधेपुरा। मधेपुरा जिले के कुमारखंड प्रखंड अंतर्गत टेंगराहा परिहारी पंचायत के दमगाड़ा गांव के ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की समस्या को लेकर बीडीओ एवं ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता को संयुक्त आवेदन सौंपकर पक्की सड़क निर्माण की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड संख्या 03, 04 एवं 05 को जोड़ने वाली करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सोलिंग सड़क पिछले कई वर्षों से बदहाल है, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार बरसात के मौसम में सड़क पर कीचड़ भर जाने से बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को आने-जाने में कठिनाई होती है, वहीं वाहन चालक गांव आने से कतराते हैं।

दो वर्ष पूर्व सड़क के दोनों छोर पर पीसीसी ढलाई कराई गई थी, जो अब क्षतिग्रस्त होने लगी है। ग्रामीणों ने 15वें वित्त आयोग अथवा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्षा ऋतु से पहले गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496